Published by Seth Gurumukhraya Sukhanandji
C/o Marwaribazar Bombay, No. 2.

Printed by Ramchandra Yesu Shedge, 'Nirnaya Sagara' Press,
No. 23, Kolbhat Lane, Bombay.

प्रस्तावना

आज मैं प्रिय विज्ञ पाठकोंके सामने मुनिधर्मका महान् ग्रंथ श्रीमूलाचार संस्कृतछाया और हिंदीभाषाटीकासहित उपस्थित करता हूं। इसमें मुनिधर्मकी सबक्रियायें बहुत विस्तारसे वर्णन की गई हैं। इसमें बारह अधिकार हैं—

मूलगुणाधिकार, बृहत्प्रत्याख्यानसंस्तरस्तवाधिकार, संक्षेपप्रत्याख्यानाधिकार, समाचाराधिकार, पंचाचाराधिकार, पिंडशुद्धिअधिकार, षडावश्यकाधिकार, द्वादशानुप्रेक्षाधिकार, अनगारभावनाधिकार, समयसाराधिकार, शीलगुणाधिकार, पर्याप्तिअधिकार। इन अधिकारोंका जैसा नाम है उसीके अनुसार कथन किया गया है।

अबतक मुनिधर्मका कोई ग्रंथ प्रकाशित नहीं हुआ था इस कारण बहुतसे भव्यजीवोंको मुनिधर्मकी क्रियाओंके स्वरूपका ज्ञान ही नहीं था। अब भाग्योदयसे मुनिअनंतकीर्ति दि० जैन ग्रंथमालाने भव्य जीवोंके उपकारार्थ इस महान् ग्रंथको प्रकाशित किया है। इस महान ग्रंथके मूलकर्ता श्रीवट्टकेरस्वामी हैं। इस ग्रंथका संस्कृतटीका आचारवृत्तिके कर्ता श्रीवसुनंदिसिद्धांतचक्रवर्ती हैं। दूसरी मूलाचार प्रदीपक संस्कृतटीका श्रीसकलकीर्ति

आचार्यने भी बनाई है और पहली आचारवृत्ति संस्कृतटीकाके अनुसार जैपुरी देशभाषा टीका पं० नंदलालजी जैपुरनिवासीने आधी ५१६ गाथा तक बनाई उसके बाद उक्त पंडितजीका स्वर्गवास होगया। पश्चात् पं० ऋषभदासजीने अवशिष्ट आधी बनाके उसटीकाको पूर्ण किया। उसकेविषयमें "टीका देशभाषामय प्रारंभी सु नंदलाल पूरण करी ऋषभदास यह निरधार है" ऐसा भाषाकारका कवित्तभी है। जैनमतमें मोक्ष मुनिधर्मसे ही है इसलिये मोक्षकेलिये यही ग्रंथ साक्षात् उपयोगी होसकेगा। यह भाषाटीका उक्त भाषाटीकाके अनुसार ही की गई है। अब हम विशेष न लिखकर केवल इतना ही कहते हैं कि इस ग्रंथमाला के संरक्षक श्रीमान् सेठ सुखानंदजीने जो इस ग्रंथका उद्धार कराया है उसके लिये कोटिशः धन्यवाद है और आशा करते हैं कि उक्त सेठ साहब इसके फंडके बढानेमें अपनी उदारताका परिचय देते रहेंगे।

अंतमें प्रार्थना है कि इस ग्रंथके संपादन व संशोधन करनेमें जो त्रुटियां रहगई हों उनको स्वाध्यायप्रेमी सज्जनगण शुद्धकर मेरे ऊपर क्षमा करते हुए स्वाध्याय करें। इत्यलं विशेषु।

जैनग्रंथउद्धारककार्यालय खत्तरगली हौदाबाड़ी पो० गिरगांव-बंबई कार्तिकवदि १४ सं० १९७६	जिनवाणीका सेवक **पं० मनोहरलाल** पाढम (मैनपुरी) निवासी

पुस्तक मिलनेके पते—

१ सेठ सुखसुखराय सुखानंदजी,
मारवाड़ी बाजार पो० नं० २ बंबई.

२ पं० रामप्रसादजी जैन, सेवक—
मुनिअनंतकीर्ति दि० जैनग्रंथमाला सुखानंदवाड़ी
पो० गिरगांव—बंबई।

३ मैनेजर—जैनग्रंथउद्धारककार्यालय
खत्तरगली हौदावाड़ी
पो० गिरगांव—बंबई।

मुनिअनंतकीर्ति दि० जैन-ग्रंथमाला

१ यह ग्रंथमाला स्वर्गीय मुनिअनंतकीर्तिजीके स्मरणार्थ खोली-गई है। इसमें प्राचीन आर्षग्रंथोंका उद्धार कराया जायगा। इसके संरक्षक श्रीमान् सेठ गुरुमुखराय सुखानंदजी हैं।

२ मुनिमहाराजके नामसे खुलनेका कारण यह है कि एक समय मुनिमहाराज भ्रमण करते हुए मुम्बईनगरमें पधारे। एक दिन यहांके सुप्रसिद्ध उक्त सेठ सुखानंदजीके यहां मुनि महाराजका आहार नवधा भक्तिके साथ निर्विघ्न हुआ। उसके हर्षमें सेठ साहबने अपनी उदारताका परिचय देनेके लिये ११०१) ग्यारहसौ एक रुपये मुनिजीके नामसे जैनग्रंथ उद्धार करानेके लिये दानमें दिये। मुनिमहाराज फिर भ्रमण करते हुए मुरैना नगरमें पधारे और रोगसे ग्रसित होजानेसे वहां उनका स्वर्गवास होगया। उसके कुछ दिनों बाद उन ग्यारहसौ एक रुपयेसे मुनिधर्मका महान् ग्रंथ मूलाचार हिंदी भाषा टीका सहित मुनिमहाराजके नामसे प्रकाशित किया गया है।

३ इसमें जितने ग्रंथ प्रकाशित होंगे उनका मूल्य लागतमात्र रक्खा जायगा। लागतमें ग्रंथ संपादन कराई, संशोधन कराई छपाई, जिल्द बंधवाई आफिसखर्च और कमीशन भी शामिल समझा जायगा।

निवेदक—

मिति कार्तिक सुदि १४ सं० १९७६

पं० मनोहरलाल शास्त्री
सखरगली हौदावाड़ी
पो० गिरगांव बंबई।

अथ मूलाचारस्य विषयसूची ।

॥ अथ मूलाचारकी अकारादिक्रमसे गाथासूची ॥

योंको अर्थात् प्रमत्तसे लेकर अयोगकेवलीपर्यंत तीन कम नौ करोड़ साधुओंको तथा अनंत सिद्धपरमेष्ठियोंको मस्तक नमाकर वंदना करके इसलोक और परलोकमें हितके करनेवाले जैन-साधुओंके मूलगुणोंको मैं कहता हूं ॥ १ ॥

आगे मूलगुणोंके अट्ठाईस भेदोंके नाम दो गाथाओंमें कहते हैं;—

पंचय महव्वयाइं समिदीओ पंच जिणवरोद्दिट्ठा ।
पंचेविंदियरोहा छप्पि य आवासया लोचो ॥ २ ॥
अचेलकमण्हाणं खिदिसयणमदंतवस्सणं चेव ।
ठिदिभोयणेयभत्तं मूलगुणा अट्ठवीसा दु ॥ ३ ॥

पंच महाव्रतानि समितयः पंच जिनवरोपदिष्टाः ।
पंचेंद्रियनिरोधाः षडपि च आवश्यकानि लोचः ॥ २ ॥
आचेलक्यं अस्नानं क्षितिशयनं अदंतघर्षणं चैव ।
स्थितिभोजनमेकभक्तं मूलगुणा अष्टाविंशतिस्तु ॥ ३ ॥

अर्थ—पांच महाव्रत, जिनवरकर उपदेशी हुई पांच समितियां, पांच ही इन्द्रियोंके निरोध, छह आवश्यक, लोच, आचेलक्य, अस्नान, पृथिवीशयन, अदंतघर्षण, स्थितिभोजन, एकभक्त— ये ही जैन साधुओंके अट्ठाईस मूलगुण हैं ॥ २ । ३ ॥

अब प्रथम ही पांच महाव्रतोंको कहते हैं;—

हिंसाविरदी सच्चं अदत्तपरिवज्जणं च बंभं च ।
संगविमुत्ती य तहा महव्वया पंच पण्णत्ता ॥ ४ ॥

हिंसाविरतिः सत्यं अदत्तपरिवर्जनं च ब्रह्म च ।
संगविमुक्तिश्च तथा महाव्रतानि पंच प्रज्ञप्तानि ॥ ४ ॥

अर्थ—हिंसाका त्याग, सत्य, चोरीका त्याग, ब्रह्मचर्य और परिग्रहका त्याग—ये पांच महाव्रत कहे गये हैं ॥ ४ ॥

अब हिंसाविरति (अहिंसा)का लक्षण कहते हैं;—

कायेंदियगुणमग्गणकुलाउजोणीसु सव्वजीवाणं ।
णाऊण य ठाणादिसु हिंसादिविवज्जणमहिंसा ॥ ५ ॥

कायेंद्रियगुणमार्गणाकुलायुर्योनिषु सर्वजीवानाम् ।
ज्ञात्वा च स्थानादिषु हिंसादिविवर्जनमहिंसा ॥ ५ ॥

अर्थ—काय, इन्द्रिय, गुणस्थान, मार्गणास्थान, कुल, आयु, योनि—इनमें सब जीवोंको जानकर कायोत्सर्गादि क्रियाओंमें हिंसा आदिका त्याग उसे अहिंसामहाव्रत कहते हैं ॥ ५ ॥

आगे दूसरे सत्यव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

रागादीहिं असच्चं चत्ता परतावसच्चवयणोत्तिं ।
सुत्तत्थाणवि कहणे अयधावयणुज्झणं सच्चं ॥ ६ ॥

रागादिभिः असत्यं त्यक्त्वा परतापसत्यवचनोक्तिम् ।
सूत्रार्थानामपि कथने अयथावचनोज्झनं सत्यम् ॥ ६ ॥

अर्थ—रागद्वेषमोहआदि कारणोंसे असत्यवचनको तथा दूसरेको संताप (दुःख) करनेवाले ऐसे सत्यवचनको छोड़ना और द्वादशांग शास्त्रके अर्थ कहनेमें अपेक्षारहित वचनको छोड़ना यह सत्य महाव्रत है ॥ ६ ॥

आगे तीसरे अचौर्यव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

गामादिसु पडिदाइं अप्पप्पहुदिं परेण संगहिदं ।
णादाणं परदव्वं अदत्तपरिवज्जणं तं तु ॥ ७ ॥

ग्रामादिषु पतितादि अल्पप्रभृति परेण संगृहीतं ।
न आदानं परद्रव्यं अदत्तपरिवर्जनं तत् तु ॥ ७ ॥

अर्थ—ग्राम आदिकमें पड़ा हुआ, भूला हुआ, रक्खा हुआ इत्यादिरूप अल्प भी स्थूल सूक्ष्म वस्तु तथा दूसरेकर इकट्ठा किया हुआ ऐसे परद्रव्यको ग्रहण नहीं करना (नहीं लेना) वह अदत्तत्याग अर्थात् अचौर्यमहाव्रत है ॥ ७ ॥

आगे चौथे ब्रह्मचर्यव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

मादुसुदाभगिणीविय दट्ठूणित्थित्तियं च पडिरूवं ।
इत्थिकहादिणियत्ती तिलोयपुज्जं हवे बंभं ॥ ८ ॥

मातृसुताभगिनीरिव दृष्ट्वा स्त्रीत्रिकं च प्रतिरूपम् ।
स्त्रीकथादिनिवृत्तिः त्रिलोकपूज्यं भवेत् ब्रह्म ॥ ८ ॥

अर्थ—वृद्धा बाला यौवनवाली स्त्रियोंको अथवा उनकी तस्वीरोंको देखकर उनको माता पुत्री बहिन समान समझ स्त्रीसंबंधी कथा, कोमल वचन, स्पर्श, रूपका देखना, इत्यादिकमें जो अनुरागका छोड़ना है वह देवअसुरमनुष्य तीनलोकोंकर पूज्य ब्रह्मचर्यमहाव्रत है ॥ ८ ॥

अब परिग्रहत्याग महाव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

जीवणिबद्धा बद्धा परिग्गहा जीवसंभवा चेव ।
तेसिं सक्कचाओ इयरम्हि य णिम्मओऽसंगो ॥ ९ ॥

जीवनिबद्धा बद्धाः परिग्रहा जीवसंभवाश्चैव ।
तेषां शक्यत्यागः इतरस्मिन् च निर्ममोऽसंगः ॥ ९ ॥

आश्रित अंतरंगपरिग्रह तथा चेतन परिग्रह

और जीवरहित अचेतन परिग्रह अथवा जीवसे जिनकी उत्पत्ति है ऐसे मोती संख दांत कंबल इत्यादिका शक्ति प्रगटकरके त्याग अथवा इनसे इतर जो संयम ज्ञान शौचके उपकरण–इनमें ममत्वका न होना वह असंग अर्थात् परिग्रहत्याग महाव्रत है ॥ ९॥

आगे पांच समितियोंके नाम कहते हैं;—

इरिया भासा एसण णिक्खेवादाणमेव समिदीओ।
पदिठावणिया य तहा उचारादीण पंचविहा ॥ १०॥

ईर्या भाषा एषणा निक्षेपादानमेव समितयः।
प्रतिष्ठापनिका च तथा उच्चारादीनां पंचविधाः॥ १०॥

अर्थ—ईर्यासमिति, भाषासमिति, एषणासमिति, आदान-*निक्षेपणसमिति, मूत्रविष्टादिकका शुद्धभूमिमें क्षेपण अर्थात् प्रति*-ष्ठापनासमिति–ऐसे पांच समितियां जानना ॥ १० ॥

अब ईर्यासमितिका सरूप कहते हैं;—

फासुयमग्गेण दिवा जुगंतरप्पेहणा सकज्जेण।
जंतूण परिहरंति इरियासमिदी हवे गमणं ॥ ११ ॥

प्रासुकमार्गेण दिवा युगांतरप्रेक्षणा सकार्येण।
जंतून् परिहरंति ईर्यासमितिः भवेत् गमनम् ॥ ११ ॥

अर्थ—निर्जीव मार्गसे दिनमें चार हाथ प्रमाण देखकर अपने कार्यके लिये प्राणियोंको पीड़ा नहीं देतेहुए संयमीका जो गमन है वह ईर्यासमिति है ॥ ११ ॥

आगे भाषासमितिका सरूप कहते हैं;—

पेसुण्णहासकक्कसपरणिंदाप्पप्पसंसविकहादी।
वज्जित्ता सपरहिदं भासासमिदी हवे कहणं ॥ १२॥

पैशून्यहास्यकर्कशपरनिंदात्मप्रशंसाविकथादीन् ।
वर्जयित्वा स्वपरहितं भाषासमितिः भवेत् कथनम् ॥ १२॥

अर्थ—झूठादोषलगानेरूप पैशून्य, व्यर्थ हँसना, कठोर वचन, दूसरेके दोष प्रकट करनेरूप परनिंदा, अपनी प्रशंसा, स्त्रीकथा भोजनकथा राजकथा चोरकथा इत्यादिक वचनोंको छोड़कर अपने और परके हित करनेवाले वचन बोलना उसे भाषासमिति कहते हैं ॥ १२ ॥

आगे एषणासमितिका स्वरूप बतलाते हैं;—

छादालदोससुद्धं कारणजुत्तं विसुद्धणवकोडी ।
सीदादी समभुत्ती परिसुद्धा एसणा समिदी ॥ १३ ॥

षट्चत्वारिंशद्दोषशुद्धं कारणयुक्तं विशुद्धनवकोटि ।
शीतादि समभुक्तिः परिशुद्धा एषणा समितिः ॥ १३ ॥

अर्थ—उद्गमादि छ्यालीस दोषोंकर रहित, भूखआदि मेंटना व धर्मसाधनआदि कारण युक्त, कृतकारित आदि नौ विकल्पोंसे विशुद्ध (रहित), ठंडा गर्म आदि भोजनमें रागद्वेषरहित-समभावकर भोजनकरना ऐसे आचरन करनेवाले संयमीके निर्मल एषणासमिति होती है ॥ १३ ॥

आगे आदाननिक्षेपणसमितिका स्वरूप कहते हैं;—

णाणुवहिं संजमुवहिं सौचुवहिं अण्णमप्पमुवहिं वा ।
पयदं गहणिक्खेवो समिदी आदाणणिक्खेवा ॥ १४ ॥

ज्ञानोपधिं संयमोपधिं शौचोपधिं अन्यमप्युपधिं वा ।
प्रयतं ग्रहनिक्षेपो समितिः आदाननिक्षेपा ॥ १४ ॥

अपने २ रूप, शब्द, गंध, रस, ठंडा गर्मआदि स्पर्शरूप विषयोंसे सदाकाल (हमेशा) साधुओंको रोकना चाहिये ॥ १६ ॥

आगे चक्षुनिरोधव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

सचित्ताचित्ताणं किरियासंठाणवण्णभेएसु ।
रागादिसंगहरणं चक्खुणिरोहो हवे मुणिणो ॥ १७ ॥

सचित्ताचित्तानां क्रियासंस्थानवर्णभेदेषु ।
रागादिसंगहरणं चक्षुर्निरोधो भवेत् मुनेः ॥ १७ ॥

अर्थ—सजीव अजीव पदार्थोंके गीतनृत्यादि क्रियाभेद, समचतुरस्रादि संस्थानभेद, गोरा काला आदि रूपभेद-इसप्रकार सुंदर असुंदर इन भेदोंमें राग द्वेषादिका तथा आसक्त (लीन) होनेका त्याग वह मुनिके चक्षुर्निरोधव्रत है ॥ १७ ॥

आगे श्रोत्रेन्द्रियनिरोधव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

सज्जादिजीवसद्दे वीणादिअजीवसंभवे सद्दे ।
रागादीण णिमित्ते तदकरणं सोदरोधो दु ॥ १८ ॥

षड्जादिजीवशब्दा वीणाद्यजीवसंभवाः शब्दाः ।
रागादीनां निमित्तानि तदकरणं श्रोत्ररोधस्तु ॥ १८ ॥

अर्थ—षड्ज ऋषभ गांधार आदि सात स्वररूप जीवशब्द और वीणाआदिसे उत्पन्न अजीवशब्द—ये दोनों तरहके शब्द रागादिके निमित्तकारण हैं इसलिये इनका नहीं सुनना वह श्रोत्रनिरोध है ॥ १८ ॥

आगे घ्राणेंद्रियनिरोधव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

पयडीवासणगंधे जीवाजीवप्पगे सुहे असुहे ।
रागद्देसाकरणं घाणणिरोहो मुणिवरस्स ॥ १९ ॥

सद्दावितथमणोज्जे जीवाजीवाणमये सुहे असुहे ।
रागद्दोसाकरणं सोदणिरोधो मुणिवरस्स ॥ १९ ॥

अर्थ—षड्जादि स्वरूप तथा अचेतनपदार्थके शब्दकारने सुखदायकस्वरूप ऐसे शुभ दुःखके कारणभूत जीव अजीवस्वरूप पुष्प चंदन आदि द्रव्योंमें रागद्वेष नहीं करना यह मेरुमुनिके श्रोत्रनिरोधव्रत होता है ॥ १९ ॥

अब घ्राणेंद्रियनिरोधव्रतका स्वरूप कहते हैं,—

असणादिचदुवियप्पे पंचरसे फासुगम्हि णिरवज्जे ।
इट्ठाणिट्ठाहारे दत्ते जिब्भाजओगिद्धी ॥ २० ॥

अशनादिचतुर्विकल्पे पंचरसे प्रासुके निरवद्ये ।
इष्टानिष्टाहारे दत्ते जिह्वाजयोऽगृद्धिः ॥ २० ॥

अर्थ—भात आदि अशन, दूध आदि पान, लाडू आदि खाद्य, इलायची आदि स्वाद्य-ऐसे चार प्रकारके तथा तिक्त कटु कषाय खट्टा मीठा पांचरसरूप इष्ट अनिष्ट (अप्रिय) प्रासुक निर्दोष आहारके दातारजनोंने दिये जानेपर जो आकांक्षारहित परिणाम होना वह जिह्वाजयनामा व्रत है ॥ २० ॥

आगे स्पर्शनइंद्रियनिरोध व्रतका स्वरूप कहते हैं;—

जीवाजीवसमुत्थे कक्कडमउगादिअट्ठभेदजुदे ।
फासे सुहे य असुहे फासणिरोहो असंमोहो ॥ २१ ॥

जीवाजीवसमुत्थे कर्कशमृदुकाद्यष्टभेदयुते ।
स्पर्शे शुभे वा अशुभे स्पर्शनिरोधः असंमोहः ॥ २१ ॥

अर्थ—चेतनस्त्री इत्यादि जीवमें और शय्या आदि अचेतनमें उत्पन्न हुआ कठोर नरम आदि आठ प्रकारका सुखरूप

अथवा दुःखरूप जो स्पर्श उसमें मूर्छित न होता अर्थात् हर्ष विषाद नहीं करना वह स्पर्शनइन्द्रियनिरोध व्रत है ॥ २१ ॥

आगे साधुओंके छह आवश्यक कर्मोंके नाम कहते हैं,—

समदा थओ य वंदण पाडिक्कमणं तहेव णादव्वं ।
पच्चक्खाण विसग्गो करणीयावासया छप्पि ॥ २२ ॥

समता स्तवश्च वंदना प्रतिक्रमणं तथैव ज्ञातव्यं ।
प्रत्याख्यानं विसर्गः करणीया आवश्यकाः षडपि ॥ २२ ॥

अर्थ—सामायिक, चतुर्विंशतिस्तव, वंदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, कायोत्सर्ग–ये छह आवश्यक सदा करने चाहिये ॥ २२ ॥

आगे सामायिक आवश्यकका स्वरूप कहते हैं;—

जीविदमरणे लाहालाभे संजोयविप्पओगे य ।
बंधुरिसुहदुक्खादिसु समदा सामायियं णाम ॥ २३ ॥

जीवितमरणयोः लाभालाभयोः संयोगविप्रयोगे च ।
बंध्वरिसुखदुःखादिषु समता सामायिकं नाम ॥ २३ ॥

अर्थ—देह धारनेरूप जीवन, प्राणवियोगरूप मरण–इन दोनोंमें तथा वांछित वस्तुकी प्राप्तिरूप लाभ, इच्छितवस्तुकी अप्राप्तिरूप अलाभ, इसप्रकार आहार उपकरणादिकी प्राप्ति अप्राप्तिरूप लाभ अलाभमें; इष्ट अनिष्टके संयोग वियोगमें; स्वजन-मित्रादिकबंधु, शत्रु दुष्टादिक अरि–इन दोनोंमें; सुख दुःखमें या भूख प्यास शीत उष्ण आदि बाधाओंमें जो रागद्वेषरहित समान परिणाम होना उसे सामायिक कहते हैं ॥ २३ ॥

आगे चतुर्विंशतिस्तवका स्वरूप कहते हैं;—

उसहादिजिणवराणं णामणिरुत्तिं गुणाणुकित्तिं च ।
काऊण अच्चिदूण य तिसुद्धपणमो थओ णेओ ॥ २४ ॥

ऋषभादिजिनवराणां नामनिरुक्तिं गुणानुकीर्तिं च।
कृत्वा अर्चयित्वा च त्रिशुद्धप्रणामः स्तवो ज्ञेयः॥ २४॥

अर्थ—ऋषभ अजित आदि चौवीस तीर्थकरोंके नामकी निरुक्ति अर्थात् नामके अनुसार अर्थकरना, उनके असाधारण गुणोंको प्रगट करना, उनके चरणयुगलको पूजकर मनवचनकायकी शुद्धतासे स्तुति करना उसे चतुर्विंशतिस्तव कहते हैं॥२४॥

आगे वंदनाका स्वरूप कहते हैं;—

अरहंतसिद्धपडिमातवसुदगुणगुरुगुरूण रादीणं।
किदिकम्मेणिदरेण य तियरणसंकोचणं पणमो॥२५॥

अरहंतसिद्धप्रतिमातपःश्रुतगुणगुरुगुरूणां राधीनाम्।
कृतकर्मणा इतरेण च त्रिकरणसंकोचनं प्रणामः॥ २५॥

अर्थ—अरहंत प्रतिमा, सिद्धप्रतिमा, अनशनादि बारह तपोंकर अधिक तपगुरु, अंगपूर्वादिरूप आगमज्ञानसे अधिक श्रुतगुरु, व्याकरण न्याय आदि ज्ञानकी विशेषतारूप गुणोंकर अधिक गुणगुरु, अपनेको दीक्षादेनेवाले दीक्षागुरु और बहुतकालके दीक्षित राधिकगुरु—इनको कायोत्सर्गादिक सिद्धभक्ति गुरुभक्ति रूप क्रियाकर्मसे तथा श्रुतभक्ति आदि क्रियाके विना मस्तक नमानेरूप मुंडवंदनाकर मन वचन कायकी शुद्धिसे नमस्कार करना वह वंदना नामा मूलगुण है॥ २५॥

आगे प्रतिक्रमणका स्वरूप कहते हैं;—

दव्वे खेत्ते काले भावे य किदावराहसोहणयं।
णिंदणगरहणजुत्तो मणवचकायेण पडिकमणं॥ २६॥

द्रव्ये क्षेत्रे काले भावे च कृतापराधशोधनम् ।
निंदनगर्हणयुक्तो मनोवचःकायेन प्रतिक्रमणम् ॥ २६ ॥

अर्थ—आहार शरीरादि द्रव्यमें, वसतिका शयन आसन आदि क्षेत्रमें, प्रातःकाल आदि कालमें, चित्तके व्यापाररूप भाव (परिणाम)में किया गया जो मनमें दोष उसका शुभ मन वचन कायसे शोधना, अपने दोषको अपने आप प्रगटकरना, आचार्यादिकोंके समीप आलोचनापूर्वक अपने दोषोंको प्रगट करना वह मुनिराजके प्रतिक्रमण गुण होता है ॥ २६ ॥

आगे प्रत्याख्यानका स्वरूप कहते हैं;—

णामादीणं छण्णं अजोग्गपरिवज्जणं तिकरणेण ।
पच्चक्खाणं णेयं अणागयं चागमे काले ॥ २७ ॥

नामादीनां षण्णां अयोग्यपरिवर्जनं त्रिकरणैः ।
प्रत्याख्यानं ज्ञेयं अनागतं चागमे काले ॥ २७ ॥

अर्थ—नाम स्थापना द्रव्य क्षेत्र काल भाव इन छहोंमें शुभ मन वचन कायसे आगामी कालके लिये अयोग्यका त्याग करना अर्थात् अयोग्य नाम नहीं करूंगा, न कहूंगा और न चिंतवन करूंगा इत्यादि त्यागको प्रत्याख्यान जानना ॥ २७ ॥

आगे कायोत्सर्गका स्वरूप कहते हैं;—

देवसियणियमादिसु जहुत्तमाणेण उत्तकालम्हि ।
जिणगुणचिंतणजुत्तो काओसग्गो तणुविसग्गो ॥२८॥

दैवसिकनियमादिषु यथोक्तमानेन उक्तकाले ।
जिनगुणचिंतनयुक्तः कायोत्सर्गः तनुविसर्गः ॥ २८ ॥

अर्थ—दिनमें होनेवाली दैवसिक आदि निश्चय क्रियाओंमें

अर्हंत भाषित पचीस सत्ताईस वा एकसौ आठ उच्छ्वास इत्यादि परिमाणसे कहे हुए अपने अपने कालमें दया क्षमा सम्यग्दर्शन अनंतज्ञानादिचतुष्टय इत्यादि जिनगुणोंकी भावना सहित देहमें ममत्वका छोड़ना वह कायोत्सर्ग है ॥ २८ ॥

आगे केशलोंचका स्वरूप कहते हैं;—

बियतियचउक्कमासे लोचो उक्कस्समज्झिमजहण्णो ।
सपडिक्कमणे दिवसे उववासेणेव कायव्वो ॥ २९ ॥

द्वित्रिचतुष्कमासे लोचः उत्कृष्टमध्यमजघन्यः ।
सप्रतिक्रमणे दिवसे उपवासेनैव कर्तव्यः ॥ २९ ॥

अर्थ—दो महीने तीन महीने चार महीने बाद उत्कृष्ट मध्यम जघन्यरूप व प्रतिक्रमणसहित दिनमें उपवाससहित किया गया जो अपने हाथसे मस्तक डाढी मूंछके केशोंका उपाड़ना वह लोंचनामा मूलगुण है ॥ भावार्थ—मुनियोंके पाईमात्र भी धन संग्रह नहीं है जिससे कि हजामत करावें और हिंसाका कारण समझ उस्तरा नामक शस्त्र भी नहीं रखते और दीनवृत्ति न होनेसे किसीसे दीनताकर भी क्षौर नहीं करासकते इसलिये संमूर्छनादिक जुआं लीख आदि जीवोंकी हिंसाके त्यागरूप सयमकेलिये प्रतिक्रमणकर तथा उपवासकर आप ही केशलोंच करते हैं । यही लोंचनामा गुण है ॥ २९ ॥

आगे अचेलकपनेका स्वरूप कहते हैं;—

वत्थाजिणवक्केण य अहवा पत्तादिणा असंवरणं ।
णिब्भूसण णिग्गंथं अचेलक्कं जगदि पूज्जं ॥ ३० ॥

वस्त्राजिनवल्केश्च अथवा पत्रादिना असंवरणं ।
निर्भूषणं निर्ग्रंथं आचेलक्यं जगति पूज्यम् ॥ ३० ॥

अर्थ—कपास रेशम रोम तीनके बने हुए वस्त्र, मृगछाला आदि चर्म, वृक्षादिकी छालसे उत्पन्न सन आदिके टाट, अथवा पत्ता तृण आदि—इनसे शरीरका आच्छादन नहीं करना, कड़े हार आदि आभूषणोंसे भूषित न होना, संयमके विनाशक द्रव्योंकर रहित होना—ऐसा तीनजगतकर पूज्य वस्त्रादि—बाह्यपरिग्रहरहित अचेलकव्रत मूलगुण है ॥ ३० ॥ इससे हिंसाका उपार्जनरूपदोष, प्रक्षालनदोष, याचनादिदोष नहीं होते।

आगे अस्नानव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

ण्हाणादिवज्जणेण य विलित्तजल्लमल्लसेदसव्वंगं।
अण्हाणं घोरगुणं संजमदुगपालयं मुणिणो ॥ ३१ ॥

स्नानादिवर्जनेन च विलिप्तजल्लमल्लस्वेदसर्वांगम्।
अस्नानं घोरगुणं संयमद्विकपालकं मुनेः ॥ ३१ ॥

अर्थ—जलसे नहानारूप स्नान, आदिशब्दसे उबटना, अंजन लगाना, पान खाना, चंदनादिलेपन—इसतरह स्नानादिकियाओंके छोड़देनेसे जल्लमल्लस्वेदरूप देहके मैलकर लिप्त होगया है सब अंग जिसमें ऐसा अस्नान नामा महान् गुण मुनिके होता है। उससे कषायनिग्रहरूप प्राणसंयम तथा इन्द्रियनिग्रहरूप इन्द्रियसंयम इन दोनोंकी रक्षा होती है। यहां कोई प्रश्न करे कि स्नानादि न करनेसे अशुचिपना होता है? उसका समाधान यह है कि मुनिराज व्रतोंकर सदा पवित्र हैं, यदि व्रतरहित होके जलस्नानसे शुद्धता हो तो मच्छी मगर दुराचारी असंयमी सभी जीव स्नानकरनेसे शुद्ध माने जायँगे सो ऐसा नहीं है, प्रत्युत जलादिक बहुत दोषोंसहित हैं अनेकतरहके सूक्ष्मजीवोंसे भरे हैं पापके मूल हैं इसलिये संयमी जनोंको अस्नानव्रत ही पालना योग्य है ३१

आगे क्षितिशयनव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

फासुयभूमिपएसे अप्पमसंथारिदम्हि पच्छण्णे ।
दंडंधणुव्व सेज्जं खिदिसयणं एयपासेण ॥ ३२ ॥

प्रासुकभूमिप्रदेशे अल्पासंस्तरिते प्रच्छन्ने ।
दंड धनुरिव शय्या क्षितिशयनं एकपार्श्वेण ॥ ३२ ॥

अर्थ—जीवबाधारहित, अल्पसंस्तररहित, असजमीके गमनरहित-गुप्त भूमिके प्रदेशमें दंडेके समान अथवा धनुपके समान एक पसवाड़ेसे सोना वह क्षितिशयन मूलगुण है ॥ ३२ ॥

आगे अदंतमनव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

अंगुलिणहावलेहणिकलीहिं पासाणछल्लियादीहिं ।
दंतमलासोहणयं संजमगुत्ती अदंतमणं ॥ ३३ ॥

अंगुलिनखावलेखनीकलिभिः पाषाणत्वचादिभिः ।
दंतमलाशोधनं संयमगुप्तिरदंतमनम् ॥ ३३ ॥

अर्थ—अंगुली, नख, दातौन, तृणविशेष, पैनीं कंकणी, वृक्षकी छाल, (वकल), आदिकर दांतमलको नहीं शुद्धकरना अर्थात् दांतौन नहीं करना वह इंद्रियसंयमकी रक्षाकरनेवाला अदंतमन मूलगुणव्रत है ॥ ३३ ॥

आगे स्थितिभोजनव्रतका स्वरूप कहते हैं;—

अंजलिपुडेण ठिच्चा कुड्डादिविवज्जणेण समपायं ।
पडिसुद्धे भूमितिए असणं ठिदिभोयणं णाम ॥ ३४ ॥

अंजलिपुटेन स्थित्वा कुड्यादिविवर्जनेन समपादम् ।
परिशुद्धे भूमित्रिके अशनं स्थितिभोजनं नाम ॥ ३४ ॥

अर्थ—अपने हाथरूप भाजनकर भींत आदिके

रहित चार अंगुलके अंतरसे समपाद खड़े रहकर अपने चरणकी भूमि, झूठन पड़नेकी भूमि, जिमानेवालेके प्रदेशकी भूमि-ऐसे तीन भूमियोंकी शुद्धतासे आहार ग्रहण करना वह स्थितिभोजन नामा मूलगुण है ॥ ३४ ॥

आगे एकभक्तका स्वरूप कहते हैं;—

उदयत्थमणे काले णालीतियवज्जियम्हि मज्झम्हि ।
एकम्हि दुअ तिए वा मुहुत्तकालेयभत्तं तु ॥ ३५ ॥

उदयास्तमनयोः कालयोः नालीत्रिकवर्जिते मध्ये ।
एकस्मिन् द्वयोः त्रिषु वा मुहूर्तकाले एकभक्तं तु ॥ ३५ ॥

अर्थ—सूर्यके उदय और अस्तकालकी तीन घड़ी छोड़कर वा मध्यकालमें एकमुहूर्त, दो मुहूर्त, तीनमुहूर्त कालमें एकबार भोजन करना वह एकभक्त मूलगुण है ॥ ३५ ॥

आगे मूलगुणोंका फल वर्णन करते हैं;—

एवं विहाणजुत्ते मूलगुणे पालिऊण तिविहेण ।
होऊण जगदि पुज्जो अक्खयसोक्खं लहइ मोक्खं ३६

एवं विधानयुक्तान् मूलगुणान् पालयित्वा त्रिविधेन ।
भूत्वा जगति पूज्यः अक्षयसौख्यं लभते मोक्षम् ॥ ३६ ॥

अर्थ—इसप्रकार पूर्व कहेगये विधानकर युक्त मूलगुणोंको मन-वचनकायसे जो पालता है वह तीनलोकमें पूज्य होकर अविनाशी सुखवाले कर्मरहित जीवकी अवस्थारूप मोक्षको पाता है ॥ ३६ ॥

इसप्रकार आचार्यश्रीवट्टकेरिविरचितमूलाचारकी भाषाटीकामें अट्ठाईसमूलगुणोंको कहनेवाला मूलगुणाधिकार समाप्त ॥ १ ॥

बृहत्प्रत्याख्यानसंस्तरस्तवाधिकार ॥ २ ॥

आगे मुनिराजके छह काल होते हैं उनमेंसे आत्मसंस्कारकाल संलेखनाकाल उत्तमार्थकाल ये तीन काल तो आराधनामें वर्णन किये जायँगे और शेष दीक्षाकाल, शिक्षाकाल, गणपोषणकाल ये तीन काल आचारमें वर्णन किये जायँगे। इनमेंसे आदिके *तीन कालमें जो मरणका अवसर आजाय तो ऐसा करना चाहिये;—*

सव्वदुक्खप्पहीणाणं सिद्धाणं अरहदो णमो।
सद्दहे जिणपण्णत्तं पचक्खामि य पावयं ॥ ३७ ॥

सर्वदुःखप्रहीणेभ्यः सिद्धेभ्यः अर्हद्भ्यो नमः।
श्रद्धे जिनप्रज्ञप्तं प्रत्याख्यामि च पापकं ॥ ३७ ॥

अर्थ—सब दुःखोंकर रहित सिद्ध परमेष्ठीको तथा नवलब्धि- *योंको प्राप्त अर्हंत परमेष्ठीको नमस्कार होवे, अब मैं जिनदेव-* कथित आगमका श्रद्धान करता हूं और दुःखके कारणभूत पापोंका प्रत्याख्यान(त्याग) करता हूं ॥ ३७ ॥

आगे भक्तिके प्रकर्षकेलिये फिर नमस्कार करते हैं;—

णमोत्थु धुदपावाणं सिद्धाणं च महेसिणं।
संथरं पडिवज्जामि जहा केवलिदेसियं ॥ ३८ ॥

नमोस्तु धुतपापेभ्यः सिद्धेभ्यः च महर्षिभ्यः।
संस्तरं प्रतिपद्ये यथा केवलिदेशितम् ॥ ३८ ॥

अर्थ—जिन्होंने पापकर्म नष्ट करदिये ऐसे सिद्ध परमेष्ठी तथा केवल ऋद्धिको प्राप्त अर्हंत परमेष्ठी इन दोनोंको नमस्कार होवे,

२ मूला०

रहित चार अंगुलके अंतरसे समपाद खड़े रहकर अपने चरणकी भूमि, झूठन पड़नेकी भूमि, जिमानेवालेके प्रदेशकी भूमि–ऐसी तीन भूमियोंकी शुद्धतासे आहार ग्रहण करना वह स्थितिभोजन नामा मूलगुण है ॥ ३४ ॥

आगे एकभक्तका स्वरूप कहते हैं;—

उदयत्थमणे काले णालीतियवज्जियम्हि मज्झम्हि ।
एकम्हि दुअ तिए वा मुहुत्तकालेयभत्तं तु ॥ ३५ ॥

उदयास्तमनयोः कालयोः नालीत्रिकवर्जिते मध्ये ।
एकस्मिन् द्वयोः त्रिषु वा मुहूर्तकाले एकभक्तं तु ॥ ३५ ॥

अर्थ—सूर्यके उदय और अस्तकालकी तीन घड़ी छोड़कर, वा मध्यकालमें एकमुहूर्त, दो मुहूर्त, तीनमुहूर्त कालमें एकवार भोजन करना वह एकभक्त मूलगुण है ॥ ३५ ॥

आगे मूलगुणोंका फल वर्णन करते हैं;—

एवं विहाणजुत्ते मूलगुणे पालिऊण तिविहेण ।
होऊण जगदि पुज्जो अक्खयसोक्खं लहइ मोक्खं ३६

एवं विधानयुक्तान् मूलगुणान् पालयित्वा त्रिविधेन ।
भूत्वा जगति पूज्यः अक्षयसौख्यं लभते मोक्षम् ॥ ३६ ॥

अर्थ—इसप्रकार पूर्व कहेगये विधानकर युक्त मूलगुणोंको मन-वचनकायसे जो पालता है वह तीनलोकमें पूज्य होकर अविनाशी सुखवाले कर्मरहित जीवकी अवस्थारूप मोक्षको पाता है ॥ ३६ ॥

इसप्रकार आचार्यश्रीवट्टकेरिविरचितमूलाचारकी भाषाटीकामें अट्ठाईसमूलगुणोंको कहनेवाला मूलगुणाधिकार समाप्त ॥ १ ॥

बृहत्प्रत्याख्यानसंस्तरस्तवाधिकार ॥ २ ॥

आगे मुनिराजके छह काल होते हैं उनमेंसे आत्मसंस्कारकाल संलेखनाकाल उत्तमार्थकाल ये तीन काल तो आराधनामें वर्णन किये जायँगे और शेष दीक्षाकाल, शिक्षाकाल, गणपोषणकाल ये तीन काल आचारमें वर्णन किये जायँगे। इनमेंसे आदिके तीन कालमें जो मरणका अवसर आजाय तो ऐसा करना चाहिये;—

सव्वदुक्खप्पहीणाणं सिद्धाणं अरहदो णमो ।
सद्दहे जिणपण्णत्तं पच्चक्खामि य पावयं ॥ ३७ ॥

सर्वदुःखप्रहीनेभ्यः सिद्धेभ्यः अर्हद्भ्यो नमः ।
श्रद्दधे जिनप्रज्ञप्तं प्रत्याख्यामि च पापकं ॥ ३७ ॥

अर्थ—सब दुःखोंकर रहित सिद्ध परमेष्ठीको तथा नवलब्धियोंको प्राप्त अर्हंत परमेष्ठीको नमस्कार होवे, अब मैं जिनदेवकथित आगमका श्रद्धान करता हूं और दुःखके कारणभूत पापोंका प्रत्याख्यान (त्याग) करता हूं ॥ ३७ ॥

आगे भक्तिके प्रकर्षकेलिये फिर नमस्कार करते हैं;—

णमोत्थु धुदपावाणं सिद्धाणं च महेसिणं ।
संथरं पडिवज्जामि जहा केवलिदेसियं ॥ ३८ ॥

नमोस्तु धुतपापेभ्यः सिद्धेभ्यः च महर्षिभ्यः ।
संस्तरं प्रतिपद्ये यथा केवलिदेशितम् ॥ ३८ ॥

अर्थ—जिन्होंने पापकर्म नष्ट करदिये ऐसे सिद्ध परमेष्ठी तथा केवल ऋद्धिको प्राप्त अर्हंत परमेष्ठी इन दोनोंको नमस्कार होवे,

अब मैं सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र तपमई अभ्यंतर संस्तर तथा भूमि पाषाण सिला तृणमई बाह्यसंस्तर (सांथरा–आसन)को जैसा कि केवलज्ञानियोंने कहा है वैसे प्राप्त होता हूं ॥ ३८ ॥ पहले श्लोकमें प्रत्याख्यान कहनेकी प्रतिज्ञा व दूसरे सूत्रमें संस्तरस्तव कहनेकी प्रतिज्ञा सूचित की है ।

आगे सामायिकके स्वरूपकेलिये प्रत्याख्यानकी विधि कहते हैं;—

जं किंचि मे दुच्चरियं सव्वं तिविहेण वोसरे ।
सामाइयं च तिविहं करेमि सव्वं णिरायारं ॥ ३९ ॥

यत् किंचित् दुश्चरितं सर्वं त्रिविधेन व्युत्सृजामि ।
सामायिकं च त्रिविधं करोमि सर्वं निराकारम् ॥ ३९ ॥

अर्थ—जो कुछ मेरी पापक्रिया है उन सबको मन वचन कायसे मैं त्याग करता हूं और समताभावरूप निर्विकल्प निर्दोष सब सामायिकको मन वचन काय व कृत कारित अनुमोदनासे करता हूं ॥ ३९ ॥

आगे दुश्चरित्रके सब कारणोंको मन वचन कायकर छोड़ता हूं ऐसा कहते हैं;—

बज्झब्भंतरमुवहिं शरीराइं च भोयणं ।
मणेण वचि कायेण सव्वं तिविहेण वोसरे ॥ ४० ॥

बाह्याभ्यंतरमुपधिं शरीरादींश्च भोजनम् ।
मनसा वचसा कायेन सर्वं त्रिविधेन व्युत्सृजामि ॥ ४० ॥

अर्थ—क्षेत्र (खेत) आदि बाह्य परिग्रह, मिथ्यात्वआदि

अभ्यंतर परिग्रह, आहार और शरीरादिक इन सबको मन वचन काय कृत कारित अनुमोदनासे त्याग करता हूं अर्थात् इनसे ममत्व छोड़ता हूं ॥ ४० ॥

सव्वं पाणारंभं पच्चक्खामि अलीयवयणं च।
सव्वमदत्तादाणं मेहूण परिग्गहं चेव ॥ ४१ ॥

सर्वं प्राणारंभं प्रत्याख्यामि अलीकवचनं च।
सर्वमदत्तादानं मैथुनं परिग्रहं चैव ॥ ४१ ॥

अर्थ—जीवघातके परिणामरूप हिंसा, झूठ वचन, अदत्तादान (चोरी) स्त्रीपुरुषके अभिलापरूप अब्रह्म और बाह्य आभ्यंतररूप सब परिग्रह—इन सब पापोंको मैं छोड़ता हूं ॥ ४१ ॥

आगे सामायिकका स्वरूप कहते हैं;—

सम्मं मे सव्वभूदेसु वेरं मज्झं ण केणवि।
आसाए वोसरित्ताणं समाहिं पडिवज्जये ॥ ४२ ॥

साम्यं मे सर्वभूतेषु वैरं मम न केनापि।
आशाः व्युत्सृज्य समाधिं प्रतिपद्ये ॥ ४२ ॥

अर्थ—शत्रु मित्र आदि सब प्राणियोंमें मेरी तरफसे समभाव है किसीसे वैर नहीं है इसलिये सब तृष्णाओंको छोड़कर मैं समाधिभावको अंगीकार करता हूं ॥ ४२ ॥

यहांपर कोई कहे कि वैरभाव कैसे नहीं है? ऐसे प्रश्नका उत्तर कहते हैं;—

खमामि सव्वजीवाणं सव्वे जीवा खमंतु मे।
मित्ती मे सव्वभूदेसु वेरं मज्झं ण केणवि ॥ ४३ ॥

क्षमे सर्वजीवान् सर्वे जीवा क्षमंतां मम ।
मैत्री मे सर्वभूतेषु वैरं मम न केनापि ॥ ४३ ॥

अर्थ—मैं क्रोधादि भाव छोड़ शुभ अशुभ परिणामोंके कारणरूप सब जीवोंके ऊपर क्षमाभाव करता हूं और सब जीव मेरे ऊपर क्षमाभाव करो। मेरा सब प्राणियोंपर मैत्रीभाव है किसीसे मेरा वैरभाव नहीं है ॥ ४३ ॥

आगे कहते हैं कि मैं केवल वैरभाव ही नहीं छोड़ता किंतु जो जो वैरके निमित्तकारण हैं उन सभीको छोड़ता हूं;—

रायबंधं पदोसं च हरिसं दीणभावयं ।
उस्सुगत्तं भयं सोगं रदिमरदिं च वोसरे ॥ ४४ ॥

रागबंधं प्रद्वेषं च हर्षं दीनभावकम् ।
उत्सुकत्वं भयं शोकं रतिमरतिं च व्युत्सृजामि ॥४४॥

अर्थ—स्नेहबंध, अप्रीतिरूपभावना, आनंद, करुणाके कारण याचनारूप भाव, उत्कंठा, भय, शोक, रागभाव और इष्टवस्तुकी अप्राप्तिसे अरतिभाव-ये सब वैरभावके निमित्त कारण हैं। इसलिये इन सबको मैं छोड़ता हूं ॥ ४४ ॥

आगे फिर भी कहते हैं;—

ममत्तिं परिवज्जामि णिम्मत्तिमुवट्ठिदो ।
आलंबणं च मे आदा अवसेसाइं वोसरे ॥ ४५ ॥

ममतां परिवर्जयामि निर्ममत्वमुपस्थितः ।
आलंबनं च मे आत्मा अवशेषाणि व्युत्सृजामि ॥४५॥

अर्थ—मैं ममताभावका त्याग करता हूं निर्ममत्व (परिग्रह

रहित) भावको प्राप्त हुआ हूं। मेरे आत्मा ही आलंबन (आश्रय) है शेष सबका त्यागकरता हूं अर्थात् अनंत ज्ञानादि व रत्नत्रयादि आत्मगुणोंके सिवाय अन्य सबका त्याग है ॥ ४५ ॥

आगे कोई यह कहे कि तुमने सबका त्याग किया परंतु आत्माका त्याग क्यों नहीं किया इसका उत्तर कहते हैं;—

आदा हु मज्झ णाणे आदा मे दंसणे चरित्ते य ।
आदा पच्चक्खाणे आदा मे संवरे जोग ॥ ४६ ॥

आत्मा हि मम ज्ञाने आत्मा मे दर्शने चरित्रे च ।
आत्मा प्रत्याख्याने आत्मा मे संवरे योगे ॥ ४६ ॥

अर्थ—मेरा आत्मा प्रगटपनेसे ज्ञानमें है, मेरा आत्मा दर्शन (श्रद्धान–आलोकन) में है, मेरा आत्मा पापक्रियाकी निवृत्तिरूप चारित्रमें है, मेरा आत्मा प्रत्याख्यानमें है, मेरा आत्मा आस्रवके निरोधरूप संवरमें तथा शुभव्यापाररूपयोगमें है–इसलिये इसका त्याग कैसे करसकते हैं? नहीं करसकते ॥ ४६ ॥

आगे फिर भी कहते हैं;—

एओ य मरइ जीवो एओ य उववज्जइ ।
एयस्स जाइमरणं एओ सिज्झइ णीरओ ॥ ४७ ॥

एकश्च म्रियते जीव एकश्च उत्पद्यते ।
एकस्य जातिमरणं एकः सिध्यति नीरजाः ॥ ४७ ॥

अर्थ—यह जीव अकेला (सहाय रहित) मरता (शरीरका त्याग करता) है, और यह चेतनस्वरूप अकेला ही उपजता है। इस अकेलेके ही जन्म मरण होते हैं तथा जब कर्मरजसे रहित

होजाता है तब अकेला ही सिद्ध (मुक्त) होना है ॥ भावार्थ— यह जीव सब काल और सब अवस्थाओंमें अकेला ही है ॥ ४७ ॥

एगो मे सस्सदो अप्पा णाणदंसणलक्खणो ।
सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा ॥ ४८ ॥

एको मे शाश्वत आत्मा ज्ञानदर्शनलक्षणः ।
शेषा मे बाह्या भावाः सर्वे संयोगलक्षणाः ॥ ४८ ॥

अर्थ—ज्ञानदर्शन लक्षणवाला एक मेरा आत्मा ही नित्य है, शेष शरीरादिक मेरे बाह्य पदार्थ हैं वे आत्माके संयोगसंबंधसे उत्पन्न हैं इसलिये विनाशीक हैं ॥ ४८ ॥

आगे कहते हैं कि संयोगलक्षणभावका त्याग क्यों करना चाहिये उसका उत्तर कहते हैं;—

संजोयमूलं जीवेण पत्ता दुक्खपरंपरा ।
तम्हा संजोगसंबंधं सव्वं तिविहेण वोसरे ॥ ४९ ॥

संयोगमूलं जीवेन प्राप्ता दुःखपरंपरा ।
तस्मात् संयोगसंबंधं सर्वं त्रिविधेन व्युत्सृजामि ॥ ४९ ॥

अर्थ—इस जीवने परद्रव्यके साथ संयोगके निमित्तसे हमेशा दुःख भोगे इसलिये सब संयोग संबधको मन वचन काय–इन तीनोंसे छोड़ता हूं ॥ ४९ ॥

आगे फिर भी दुश्चारित्रके त्यागकेलिये कहते हैं;—

मूलगुणउत्तरगुणे जो मे णाराधिदो पमादेण ।
तमहं सव्वं णिंदे पडिक्कमे आगमिस्साणं ॥ ५० ॥

मूलगुणोत्तरगुणेषु यो मया न आराधितः प्रमादेन ।
तमहं सर्वं निंदामि प्रतिक्रमामि आगमिष्यति ॥ ५० ॥

अर्थ—मूलगुण (प्रधानगुण) और उत्तर (विशेष) गुण—इन दोनों प्रकारके गुणोंमेंसे जिनका मैंने आलसकर आराधन (सेवन) नहीं किया उन सब अपने दोषोंकी मैं निंदा करता हूं, तथा आगामी कालमें जो गुण आराधनेमें न आवें उनके दोषोंकी भी निंदा करता हूं और प्रतिक्रमण (त्याग) करता हूं ॥ ५० ॥

अस्संजममण्णाणं मिच्छत्तं सव्वमेव य ममत्तिं ।
जीवेसु अजीवेसु य तं णिंदे तं च गरिहामि ॥ ५१ ॥

असंयममज्ञानं मिथ्यात्वं सर्वमेव च ममत्वं ।
जीवेष्वजीवेषु च तत् निंदामि तच्च गर्हे ॥ ५१ ॥

अर्थ—पापके कारण असंयमभाव, श्रद्धानरहित वस्तुका जाननारूप अज्ञान भाव, अश्रद्धानरूप मिथ्यात्वभाव, और जीव तथा अजीवपदार्थोंमें ममताभाव—ऐसे सब भावोंकी मैं निंदा करता हूं तथा गर्हा करता हूं अर्थात् उनके दोषोंको प्रकट करता हूं ॥ ५१ ॥

आगे कोई प्रश्नकरे कि प्रमादसे दोष लगे हैं उनका तो त्याग किया परंतु प्रमादोंका त्याग क्यों नहीं किया उसका समाधान कहते हैं—

सत्त भए अट्ठ मए सण्णा चत्तारि गारवे तिण्णि ।
तेत्तीसच्चासणाओ रायदोसं च गरिहामि ॥ ५२ ॥

सप्त भयानि अष्टौ मदान् संज्ञाश्चतस्रः गौरवाणि त्रीणि ।
त्रयस्त्रिंशदासादनां रागद्वेषौ च गर्हे ॥ ५२ ॥

अर्थ—सात भय, आठमद, आहार भय मैथुन परिग्रह–इनकी अभिलाषारूप चार संज्ञा, ऋद्धिका गर्वरूप ऋद्धिगौरव–रसगौरव–सात (सुख) गौरव–ऐसे तीन गौरव, तेतीस पदार्थोंकी आसादना (परिभव), प्रीतिरूप राग और अप्रीतिरूप द्वेष–इन सब भावोंका मैं आचरण नहीं करता–त्याग करता हूं ॥ ५२ ॥

उनमेंसे प्रथम सात भय और आठ मदोंको कहते हैं;—

इह परलोयत्ताणं अगुत्तिमरणं च वेयणाकस्सि भया।
विण्णाणिस्सरियाणा कुलबलतवरूवजाइ मया ॥५३॥

इहपरलोकौ *अत्राणं अगुप्तिर्मरणं* वेदना आकस्मिकं *भयानि ।*
विज्ञानमैश्वर्य आज्ञा कुलबलतपोरूपजातिः मदाः ॥ ५३ ॥

अर्थ—इसलोकभय, परलोकभय, अरक्षाका भय, गुप्त रहनेके स्थान (गढ-किला) न होनेका भय, मरनेका भय, शरीरादिकी पीड़ाका भयरूप वेदनाभय, विना कारण मेघगर्जनादिकसे उत्पन्न हुआ आकस्मिकभय–ये सात भय हैं। गणित काव्य गंधर्व संगीतादि विद्याका अभिमानस्वरूप विज्ञानमद, धनकुटुंब आदि बाह्य संपदाका अभिमानरूप ऐश्वर्यमद, वचनके उल्लंघन न होनेरूप आज्ञामद, पिता पितामहके उत्तम इक्ष्वाकु आदि वंशमें जन्म होनेरूप कुलका मद, शरीरकी शक्तिके अभिमानरूप बलमद, कायको संताप देनेका अहंकाररूप तपोमद, शरीरकी सुंदरता लावण्यताका अभिमानस्वरूप रूपमद, माताकी पक्षकी परि-

पाटी मामा नाना आदिकी उच्चताका अभिमानरूप जातिमद-ये आठ मद हैं ॥ ५३ ॥ इन आठोंको त्यागना चाहिये, क्योंकि ये सम्यक्त्व तथा चारित्रको नहीं होने देते ।

आगे तेतीसपदार्थोंके नाम कहते हैं;—

पंचेय अत्थिकाया छज्जीवणिकाय महव्वया पंच ।
पवयणमादु पदत्था तेतीसच्चासणा भणिया ॥ ५४ ॥

पंचैव अस्तिकायाः षड्जीवनिकाया महाव्रतानि पंच ।
प्रवचनमातृकाः पदार्थाः त्रयस्त्रिंशदासादना भणिताः ५४

अर्थ—जीव आदि पांच अस्तिकाय, पृथ्वीकायादि स्थावर व दो इंद्रियसे पंच इंद्रियतक त्रसकाय-इसतरह छह जीवनिकाय, अहिंसा आदि पांच महाव्रत, ईर्या आदि पांच समिति व काय-गुप्ति आदि तीन गुप्ति-ऐसे आठ प्रवचन माता, और जीव आदि नौ पदार्थ—इसप्रकार ये तेतीस पदार्थ हैं । इनकी आसादनाके भी ये ही नाम हैं । इन पदार्थोंका स्वरूप अन्यथा कहना, शंकादि उत्पन्न करना उसे आसादना कहते हैं । ऐसा करनेसे दोष लगता है इसलिये उसका त्याग कराया गया है ॥ ५४ ॥

इसतरह आत्मसंस्कारकालको विताकर संन्यासकी आलोचनाके लिये कहते हैं;—

णिंदामि णिंदणिज्जं गरहामि य जं च मे गरहणीयं ।
आलोचेमि य सव्वं सब्भंतरबाहिरं उवहिं ॥ ५५ ॥

निंदामि निंदनीयं गर्हे च यच्च मे गर्हणीयं ।
आलोचयामि च सर्वं साभ्यंतरबाह्यं उपधिं ॥ ५५ ॥

अर्थ—जो अपने ही मनमें प्रगटकर निंदा करने योग्य दोष हैं उनकी निंदा करता हूं अर्थात् यह मैंने दोष किया था ऐसा याद कर निंदता हूं, आचार्यादिकोंके समीप प्रकाश करने योग्य मेरे दोष हैं उनकी आचार्यादिकोंके समीप गर्हा करता हूं और समस्त आभ्यंतर ममत्वभाव सहित बाह्य चेतन अचेतन परिग्रहकी आलोचना (परिहार) करता हूं ॥ ५५ ॥

किस प्रकार आलोचना करना यह कहते हैं;—

जह बालो जप्पंतो कज्जमकज्जं च उज्जुयं भणदि ।
तह आलोचेदव्वं माया मोसं च मोत्तूण ॥ ५६ ॥

यथा बालो जल्पन् कार्यमकार्यं च ऋजु भणति ।
तथा आलोचयितव्यं मायां मृषां च मुक्त्वा ॥ ५६ ॥

अर्थ—जैसे बालक पूर्वापर विवेक रहित बोलता हुआ कार्य अकार्यको कुटिलतारहित सरलवृत्तिसे कहता है, उसीतरह मन वचनकायकी कुटिलताकर छिपानेरूप माया तथा असत्यवचनोंको छोड़कर आलोचना करना योग्य है ॥ ५६ ॥

आगे जिस आचार्यके पास आलोचना की जाय वह कैसे गुणोंवाला होना चाहिये यह कहते हैं;—

णाणम्हि दंसणम्हि य तवे चरित्ते य चउसुवि अकंपो ।
धीरो आगमकुसलो अपरस्सावी रहस्साणं ॥ ५७ ॥

ज्ञाने दर्शने च तपसि चरित्रे च चतुर्षु अपि अकंपः ।
धीरः आगमकुशलः अपरश्रावी रहस्यानाम् ॥ ५७ ॥

अर्थ—जो आचार्य ज्ञानाचारमें, दर्शनाचारमें, तप आचा-

रमें, चारित्राचारमें–इसतरह चारों आराधनाओंमें अचल (दृढ) हो तथा धैर्यगुण सहित हो, अपने और परमतके शास्त्रोंके विचारमें चतुर हो, और एकांतमें आलोचना किये गये गुप्त आचरणोंको किसीसे कहनेवाला न हो ऐसा आचार्य होता है। उसीके पास आलोचना करनी चाहिये ॥ ५७ ॥

आगे आलोचनाके बाद क्षमावना करनेका विधान कहते हैं;—

रागेण य दोसेण य जं मे अकदण्हुयं पमादेण ।
जो मे किंचिवि भणिओ तमहं सव्वं खमावेमि ॥५८॥

रागेण वा द्वेषेण वा यत् मया अकृतज्ञत्वं प्रमादेन ।
यत् मया किंचिदपि भणितं तदहं सर्वं क्षमयामि ॥ ५८ ॥

अर्थ—माया लोभ स्नेहरूप रागकर तथा क्रोध मान अप्रीतिरूप द्वेषकर जो मैने अकृतज्ञपना किया अर्थात् तुम्हारे साथ अयोग्य वर्ताव किया और प्रमादसे जो कुछ भी अनुचित किसीको कहा हो उसके लिये मैं सब जनोंसे क्षमा मांगता हूं तथा मैं क्षमा करता हूं सब जीवोंको संतुष्ट करता हूं ॥ ५८ ॥

ऐसे क्षमाभावकर क्षपक संन्यास करनेकी अभिलाषाकर आचार्योंको मरणके भेद पूछता है उसका उत्तर कहते हैं;—

तिविहं भणियं मरणं बालाणं बालपंडियाणं च ।
तइयं पंडियमरणं जं केवलिणो अणुमरंति ॥ ५९ ॥

त्रिविधं भणितं मरणं बालानां बालपंडितानां च ।
तृतीयं पंडितमरणं यत् केवलिनो अनुम्रियंते ॥ ५९ ॥

अर्थ—अर्हंत भट्टारक और गणधरदेव मरण तीन प्रकारका कहते हैं–बालमरण १ बालपंडितमरण २ और तीसरा पंडितमरण जोकि केवली भगवान्‌का मरण होता है ॥ भावार्थ—असयमी सम्यग्दृष्टीके मरणको बालमरण कहते हैं, संयतासंयतश्रावकके मरणको बालपंडितमरण कहते हैं, और तीसरा पंडितमरण सयमी मुनिके होता है । अन्य ग्रंथोंमें मरणके पांच भेद कहे गये हैं उनमेंसे बालबाल मरण मिथ्यात्वीके होता है और पंडित पंडित मरण केवलीके होता है ऐसा जानना ॥ ५९ ॥

आगे अज्ञानी कैसा मरण करते हैं उसका उत्तर कहते हैं;—

जे पुण पणट्ठमदिया पचलियसण्णाय वक्कभावा य ।
असमाहिणा मरंते ण हु ते आराहया भणिया ॥६०॥

ये पुनः प्रनष्टमतिकाः प्रचलितसंज्ञाश्च वक्रभावाश्च ।
असमाधिना म्रियंते न हि ते आराधका भणिताः ॥ ६० ॥

अर्थ—जो नष्टबुद्धिवाले अज्ञानी आहारादिकी वांछारूप संज्ञावाले मन वचन कायकी कुटिलतारूप परिणामवाले जीव आर्तरौद्रध्यानरूप असमाधिमरणकर परलोकमें जाते हैं वे आराधक (कर्मके क्षय करनेवाले) नहीं हैं संसारको बढानेवालेही होते हैं ॥ ६० ॥

आगे पूछते हैं कि मरणके समय विरुद्ध परिणाम होनेसे क्या होता है उसे कहते हैं;—

मरणे विराधिदे देवदुग्गई दुल्लहा य किर बोही ।
संसारो य अणंतो होइ पुणो आगमे काले ॥ ६१ ॥

मरणे विराधिते देवदुर्गतिः दुर्लभा च किल बोधिः।
संसारश्चानंतो भवति पुनरागमिष्यति काले ॥ ६१ ॥

अर्थ—मरणके समय जो सम्यक्त्वकी विराधना करते (छोड़ते) हैं अथवा आर्तरौद्र सहित मरते हैं उनकी भवनवासी आदि नीचकुली देवताओंमें उत्पत्ति होती है और सम्यक्त्व वा रत्नत्रयकी प्राप्ति दुर्लभ है ऐसा आगममें कहा है। तथा ऐसे जीवोंके आगामीकालमें चारों गतिमें भ्रमण करनेरूप संसार अनंत हो जाता है ॥ ६१ ॥

आगे दुर्गति आदि क्या हैं ऐसा प्रश्न करते हैं;—

का देवदुग्गईओ का बोही केण ण वुज्झए मरणं।
केण व अणंतपारे संसारे हिंडए जीओ ॥ ६२ ॥

का देवदुर्गतयः का बोधिः केन न बुध्यते मरणं।
केन वा अनंतपारे संसारे हिंडते जीवः ॥ ६२ ॥

अर्थ—क्षपक आचार्यको पूछता है कि हे पूज्य देवदुर्गति कैसी है? बोधिका स्वरूप क्या है? मरणका स्वरूप किस कारणसे नहीं जाना जाता? और किस कारणसे यह जीव अनंत संसारमें भ्रमता है ॥ ६२ ॥

ऐसा पूछनेपर आचार्य कहते हैं;—

कंदप्पमाभिजोग्गं किव्विस संमोहमासुरत्तं च।
ता देवदुग्गईओ मरणम्मि विराहिए होंति ॥ ६३ ॥

कांदर्पमाभियोग्यं कैल्विष्यं संमोहं आसुरत्वं च।
ता देवदुर्गतयो मरणे विराधिते भवंति ॥ ६३ ॥

अर्थ—मृत्युके समय सम्यक्त्वका विनाश होनेसे कांदर्प, आभियोग्य, कैल्विष, समोह, आसुर—ये पांच देव दुर्गतियां होतीं हैं ॥ इनका स्वरूप ऐसा है—शीलगुणमें उपद्रवरूप परिणामको कंदर्प कहते हैं, तंत्र मंत्र इत्यादिककर रसादिककी इच्छा वह अभियोग है, प्रतिकूल आचरण वह किल्विष है, मिथ्यात्वभावनामें तत्पर रहनेको संमोह कहते हैं और रौद्रपरिणाम सहित जिसके आचरण हों वह असुर है—उनके धर्मोंको गतियां कहते हैं ॥ ६३ ॥

अब पहले कांदर्पदेवदुर्गतिका स्वरूप कहते हैं;—

असत्तमुल्लवयंतो पण्णावितो य बहुजणं कुणइ ।
कंदप्प रइसमवण्णो कंदप्पेसु उववज्जेइ ॥ ६४ ॥

असत्यमुल्लपन् प्रज्ञापयन् च बहुजनं करोति ।
कंदर्पं रतिसमापन्नः कांदर्पेषु उत्पद्यते ॥ ६४ ॥

अर्थ—जो मिथ्या (झूठ) वचन बोलता हुआ और असत्यवचन बहुत प्राणियोंको सिखाता हुआ रागभावकी तीव्रता सहित कंदर्पभावको करता है वह जीव कंदर्पकर्मके योगसे नमाचार्य कंदर्प देवोंमें उत्पन्न होता है ॥ ६४ ॥

आगे आभियोगकर्मका स्वरूप और उससे उत्पत्ति होनेका स्थान वर्णन करते हैं;—

अभिजुंजइ बहुभावे साहू हस्साइयं च बहुवयणं ।
अभिजोगेहिं कम्मेहिं जुत्तो वाहणेसु उववज्जेइ ॥ ६५ ॥

अभियुक्तो बहुभावान् साधुः हास्यादिकं च बहुवचनं ।
अभियोगः कर्मभिर्युक्तो वाहनेषु उत्पद्यते ॥ ६५ ॥

अर्थ—जो साधु रसादिकमें आसक्त होके तंत्र मंत्र भूत कर्मादिक बहुत भाव करता है और हास्यपनेकी आश्चर्य उत्पन्न करानेकी वार्ता इत्यादि बहुत बोलता है वह अभियोगकर्मकर सहित हुआ वाहन जातिके हाथी घोड़े आदि स्वरूपके देवताओंमें उत्पन्न होता है ॥ ६५ ॥

आगे किल्विषभावनाका स्वरूप और उससे उत्पत्ति होनेका स्थान कहते हैं;—

तित्थयराणं पडिणीउ संघस्स य चेइयस्स सुत्तस्स ।
अविणीदो णियडिल्लो किव्विसियेसूववज्जेइ ॥ ६६ ॥

तीर्थकराणां प्रत्यनीकः संघस्य च चैत्यस्य सूत्रस्य ।
अविनीतो निकृतिवान् किल्विषेषु उत्पद्यते ॥ ६६ ॥

अर्थ—जो साधु धर्मतीर्थके प्रवर्तानेवाले तीर्थकरोंके प्रतिकूल होता है, तथा ऋषि यति मुनि अनगार अथवा ऋषि श्रावक अर्यिका श्राविका अथवा सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र तप-इस तरह चार प्रकारके संघका विनय नहीं करता है उद्धत रहता है, सर्वज्ञ देवकी प्रतिमाका और द्वादशांग चौदहपूर्वरूप परमागमका विनय नहीं करता तथा मायाचारसे ठगनेमें चतुर है वह किल्विषजातिके बाजे बजानेवाले देवोंमें उत्पन्न होता है ॥ ६६ ॥

आगे संमोहभावनाका स्वरूप और उससे उत्पत्ति होनेका स्थान बतलाते हैं;—

उम्मग्गदेसओ मग्गणासओ मग्गविवडिवण्णो य।
मोहेण य मोहंतो संमोहेसूववज्जेदि ॥ ६७॥

उन्मार्गदेशकः मार्गनाशकः मार्गविप्रतिपन्नश्च ।
मोहेन च मोहयन् संमोहेषु उत्पद्यते ॥ ६७॥

अर्थ—जो मिथ्यात्वादिका उपदेश करनेवाला हो, सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र स्वरूप मोक्षमार्गका विरोधी (नाशक) हो अर्थात् मार्गसे विपरीत अपना जुदा मत चलाता हो—ऐसा साधु मिथ्यात्व तथा मायाचारीसे जगतको मोहता हुआ स्वच्छंद देवदुर्गतिमें उत्पन्न होता है ॥ ६७॥

आगे आसुरीभावना और उससे उत्पन्न होनेका स्थान बतलाते हैं;—

खुद्दी कोही माणी मायी तह संकिलिट्ठ तव चरित्ते।
अणुबद्धवेररोई असुरेसुववज्जदे जीवो ॥ ६८॥

क्षुद्रः क्रोधी मानी मायावी तथा संक्लिष्टः तपसि चरित्रे ।
अनुबद्धवैररोची असुरेषूपपद्यते जीवः ॥ ६८॥

अर्थ—दुष्ट क्रोधी अभिमानी मायाचारी और तप तथा चारित्र पालनेमें क्लेशित परिणामों सहित और जिसने वैर करनेमें बहुत प्रीति की है ऐसा जीव आसुरीभावनासे असुर जातिके अंबर अंबरीपनामा भवनवासी देवोंमें उत्पन्न होता है ॥ ६८॥
यह पांचवीं असुरदेवदुर्गतिका स्वरूप है ।

आगे व्यतिरेकद्वारा बोधिको कहते हैं;—

मिच्छादंसणरत्ता सणिदाणा किण्हलेसमोगाढा ।
इह जे मरंति जीवा तेसिं पुण दुल्लहा बोही ॥ ६९॥

मिथ्यादर्शनरक्ता सनिदाना कृष्णलेश्यामागाढाः ।
इह ये म्रियंते जीवाः तेषां पुनः दुर्लभा बोधिः ॥ ६९ ॥

अर्थ—जो जीव अतत्त्वार्थश्रद्धानरूप मिथ्यादर्शनमें लीन हैं, आगामी आकांक्षारूप निदान सहित हैं और अनंतानुबंधी कषायसे रंजित योगकी प्रवृत्तिरूप कृष्णलेश्याकर सहित क्रूर परिणामी हैं ऐसे जीव मरण करते हैं उनके बोधि अर्थात् सम्यक्त्वसहित शुभ परिणाम होना दुर्लभ है ॥ ६९ ॥

आगे अन्वयकर बोधिको कहते हैं;—

सम्मद्दंसणरत्ता अणियाणा सुक्कलेसमोगाढा ।
इह जे मरंति जीवा तेसिं सुलहा हवे बोही ॥ ७० ॥

सम्यग्दर्शनरक्ता अनिदानाः शुक्लेश्यामागाढाः ।
इह ये म्रियंते जीवाः तेषां सुलभा भवेत् बोधिः ॥ ७० ॥

अर्थ—जो जीव सम्यग्दर्शनमें लीन हैं (तत्त्वरुचिवाले हैं), इस लोक परलोक संबंधी भोगादिकोंकी इच्छा रहित हैं और शुक्लेश्यारूप शुभ परिणामों सहित हैं उनके मरण समयमें बोधि होना सुलभ है ॥ ७० ॥

आगे संसारके कारणका स्वरूप कहते हैं;—

जे पुण गुरुपडिणीया बहुमोहा ससबला कुसीला य ।
असमाहिणा मरंते ते होंति अणंतसंसारा ॥ ७१ ॥

ये पुनः गुरुप्रत्यनीका बहुमोहाः सशबलाः कुशीलाः च ।
असमाधिना म्रियंते ते भवंति अनंतसंसाराः ॥ ७१ ॥

अर्थ—जो आचार्यादिकोंसे प्रतिकूल हैं, बहुत मोहवाले हैं (रागद्वेषसे पीड़ित हैं), खोटे आचरणवाले हैं और खोटे शील...

१ मूला॰

(मलग्रस्त) पाते हैं ऐसे जीव मिथ्यात्वसहित आर्त रौद्र परि-णामोंकर मरण करते हुए दीर्घ संसारी होते हैं ॥ ७१ ॥

आगे अल्पसंसारवाले जीवोंका स्वरूप बतलाते हैं;—

जिणवयणे अणुरत्ता गुरुवयणं जे करंति भावेण ।
असवल असंकिलिट्ठा ते होंति परित्तसंसारा ॥ ७२ ॥

जिनवचने अनुरक्ताः गुरुवचनं ये कुर्वंति भावेन ।
अशबला असंक्लिष्टाः ते भवंति परीतसंसाराः ॥ ७२ ॥

अर्थ—जो पुरुष अर्हत भाषित प्रवचनमें अच्छीतरह भक्त हैं, आचार्यादि गुरुओंकी आज्ञाको भक्तिसे करते हैं मंत्र तंत्र शास्त्र-पठनकी आकांक्षासे केवल नहीं, मिथ्यात्वकर रहित हैं और क्लेश रहित शुद्धपरिणामवाले हैं वे अल्पसंसारवाले होते हैं ॥ ७२ ॥

आगे जिनवचनमें अनुराग न हो तो क्या होता है उसको उत्तर कहते हैं;—

बालमरणाणि बहुसो बहुयाणि अकामयाणि मरणाणि
मरिहंति ते वराया जे जिणवयणं ण जाणंति ॥ ७३ ॥

बालमरणानि बहुशः बहुकानि अकामकानि मरणानि ।
मरिष्यंति ते वराका ये जिनवचनं न जानंति ॥ ७३ ॥

अर्थ—जो जीव जिनदेव(सर्वज्ञ)के आगमको नहीं जानते हैं वे अनाथ बहुत प्रकारके बालमरण अर्थात् मिथ्यादृष्टि अज्ञानि-योंके शरीरत्यागरूप खोटे मरण करते हैं और अभिप्रायरहित अनेक प्रकारके मरण पाते हैं ॥ ७३ ॥

आगे पूछते हैं कि बालमरण कैसे होता है उसको कहते हैं;–

सत्थग्गहणं विसभक्खणं च जलणं जलप्पवेसो य ।

अणयारभंडसेवी जम्मणमरणाणुबंधीणी ॥ ७४ ॥

शस्त्रग्रहणं विषभक्षणं च ज्वलनं जलप्रवेशश्च ।
अनाचारभांडसेवी जन्ममरणानुबंधिनः ॥ ७४ ॥

अर्थ—खड्ग (तलवार) आदिसे अपना घात (मरण) करना, विष खानेसे हुआ मरण, अग्निसे हुआ मरण, नदी कुवा बावडी आदिमें डूबनेसे हुआ मरण, पापक्रियारूपवस्तुसेवनसे हुआ मरण—इसतरह अपघातरूप मरण हैं वे जन्ममरणके संतानरूप दीर्घ-संसारके कारण जानना ॥ ये मरण समीचीन आचरण करनेवालेके नहीं होते ॥ ७४ ॥

आगे ऐसे मरणके भेद सुन संन्यास करनेवाला साधु संवेग निर्वेदमें तत्पर होके ऐसा चिंतवन करता है;—

उड्ढमधो तिरियम्हि दु कदाणि बालमरणाणि बहुगाणि।
दंसणणाणसहगदो पंडियमरणं अणुमरिस्से ॥ ७५ ॥

ऊर्ध्वमधस्तिर्यक्षु तु कृतानि बालमरणानि बहुकानि ।
दर्शनज्ञानसहगतः पंडितमरणं अनुमरिष्यामि ॥ ७५ ॥

अर्थ—ऊर्ध्वलोक-अधोलोकमें देवनारकीमें, तिर्यग्लोकमें मनुष्यतिर्यंचयोनिमें मैंने बालमरण बहुत किये । अब दर्शनज्ञान सहित हुआ पंडितमरण अर्थात् शुद्धपरिणामरूप चारित्र पूर्वक संन्याससे प्राणोंका त्याग करूंगा ॥ ७५ ॥

आगे क्षपक कहता है कि अकामकृतमरणोंको यादकर पंडित मरणसे प्राणोंका त्याग करूंगा;—

उव्वयमरणं जादीमरणं णिरएसु वेदणाओ य।
एदाणि संभरंतो पंडियमरणं अणुमरिस्से ॥ ७६ ॥

उद्वेगमरणं जातिमरणं निरये वेदनाश्च ।
एतानि संस्मरन् पंडितमरणं अनुमरिष्यामि ॥ ७६ ॥

अर्थ—इष्टके वियोगसे अनिष्टके संयोगसे किसी भयसे हुआ मरण, उत्पन्न हुए बालकका मरण, गर्भमें स्थित हुएका मरण, और नरककी तीव्र वेदनाको याद करता हुआ अब मैं पंडित मरण कर प्राण त्याग करूंगा ॥ ७६ ॥

अब कोई पूछे कि मरणके भेदोंमें पंडित मरण अच्छा क्यों है उसे कहते हैं:—

एक्कं पंडिदमरणं छिंददि जादीसदाणि बहुगाणि ।
तं मरणं मरिदव्वं जेण मदं सुम्मदं होदि ॥ ७७ ॥

एकं पंडितमरणं छिनत्ति जातिशतानि बहूनि ।
तन्मरणं मर्तव्यं येन मृतं सुमृतं भवति ॥ ७७ ॥

अर्थ—एक ही पंडित मरण बहुत जन्मोंके सैकड़ोंको छेद देता है इसलिये उस पंडित मरणसे ही मरना, जिससे वह मरण प्रशंसा करनेयोग्य है ॥ अर्थात् ऐसा मरण करना कि जिससे फिर जन्म लेना न पड़े ॥ ७७ ॥

आगे यदि संन्यासके समय पीड़ा क्षुधादिक उपजे तो ऐसा करना यह कहते हैं:—

जइ उप्पज्जइ दुःखं तो दट्ठव्वो सभावदो णिरये ।
कदमं मए ण पत्तं संसारे संसरंतेण ॥ ७८ ॥

यदि उत्पद्यते दुःखं ततो द्रष्टव्यः स्वभावतो नरके ।
कतमत् मया न प्राप्तं संसारे संसरता ॥ ७८ ॥

अर्थ—जो संन्यासके समय क्षुधादिक दुःख उपजे तो नर-

कका स्वरूप चिंतवन करना तथा जन्म जरा मरणरूप संसारमें भ्रमण करते हुए मैंने कौनसे दुःख नहीं पाये ऐसे दुःख तो बहुत पाये हैं ॥ ७८ ॥

आगे संसारमें कैसे २ दुःख पाये उनको कहते हैं;—

संसारचक्कवालम्मि मए सव्वेपि पोग्गला बहुसो ।
आहारिदा य परिणामिदा य ण य मे गदा तित्ती॥७९॥

संसारचक्रवाले मया सर्वेपि पुद्गला बहुशः ।
आहृताश्च परिणामिताश्च न च मे गता तृप्तिः ॥ ७९ ॥

अर्थ—चतुर्गति जन्ममरणरूप संसारचक्रमें भ्रमण करते हुए मैंने दही खांड गुड़ चावल जल आदि सभी पुद्गल बहुत बार भक्षण किये और खल रसरूपकर जीर्ण किये तौभी मेरे तृप्ति (संतोष) नहीं हुई, अधिक अधिक इच्छा ही होती गई ऐसा चिंतवन करना ॥ ७९ ॥

आगे किस दृष्टांतसे तृप्ति नहीं हुई उसका उत्तर कहते हैं;—

तिणकट्ठेण व अग्गी लवणसमुद्दो णदीसहस्सेहिं ।
ण इमो जीवो सक्को तिप्पेदुं कामभोगेहिं ॥ ८० ॥

तृणकाष्ठैरिवाग्निः लवणसमुद्रो नदीसहस्रैः ।
न अयं जीवः शक्यः तृप्तुं कामभोगैः ॥ ८० ॥

अर्थ—जैसे तृण काठ बहुत डालनेपर भी अग्नि तृप्त नहीं होती, और परिवारनदियों सहित गंगा सिंधु आदि हजारों नदियोंसे भी लवणसमुद्र पूर्ण नहीं होता उसीतरह यह जीव भी वांछितसुखके कारण जो आहार स्त्री वस्त्रादि कामभोग हैं उनसे

संतुष्ट नहीं होता। अधिक मिलनेसे तृष्णा अधिक बढ़ती जाती है ॥ ८० ॥

आगे परिणाममात्रसे ही बंध होता है यह कहते हैं;—

कंखिदकलुसिदभूदो कामभोगेसु मुच्छिदो संतो।
अभुंजंतोवि य भोगे परिणामेण णिवज्झेइ ॥ ८१ ॥

कांक्षितकलुषितभूतः कामभोगेषु मूर्च्छितः सन्।
अभुंजानोपि न भोगान् परिणामेन निबध्यते ॥ ८१ ॥

अर्थ—जो काम भोगोंकी इच्छा करनेवाला, रागद्वेषादि मलिनभावोंसे पीड़ित हुआ काम भोगोंमें मूर्च्छित होता है वह जीव संसार सुखके कारण भोगोंको न भोगता हुआ भी चित्तके व्यापाररूप परिणामोंसे आप कर्मोंकर बँध जाता है परवश हो जाता है ॥ ८१ ॥

आगे इच्छामात्रसे ही विना भोगा पाप बंध होता है यह कहते हैं;—

आहारणिमित्तं किर मच्छा गच्छंति सत्तमीं पुढविं।
सचित्तो आहारो ण कप्पदि मणसावि पत्थेदुं ॥ ८२ ॥

आहारनिमित्तं किल मत्स्या गच्छंति सप्तमीं पृथिवीं।
सचित्त आहारो न कल्पते मनसापि प्रार्थयितुम् ॥ ८२ ॥

अर्थ—आगममें ऐसा कहा है कि आहारके कारण ही तंदुल मच्छ मनके दोषकर सातवें नरक जाता है इसलिये जीवघातसे उत्पन्न हुआ सचित्त आहार मनसे भी याचना करने योग्य नहीं है ॥ ८२ ॥

आगे आचार्य क्षपकको कहते हैं कि यदि सावद्य आहार

मनसे भी चिंतवन नहीं करने योग्य है तो तुझको शुद्धपरिणाम ही करना योग्य है;—

पुव्वं कदपरियम्मो अणिदाणो ईहिदूण मदिबुद्धी ।
पच्छा मलिदकसाओ सज्जो मरणं पडिच्छाहि ॥८३॥

पूर्वं कृतपरिकर्मा अनिदानः ईहित्वा मतिबुद्धिभ्याम् ।
पश्चात् मलितकषायः सद्यो मरणं प्रतीच्छ ॥ ८३ ॥

अर्थ—हे क्षपक पहले तपश्चरण करनेवाला तथा इस लोक परलोकके सुखकी वांछा रहित हुआ तू प्रत्यक्ष परोक्ष (अनुमान) ज्ञानसे आगमका निश्चय कर कषाय छोड़ता हुआ क्षमा सहित होके समाधिमरणका आचरण कर ॥ ८३ ॥

आगे आचार्य फिर भी क्षपकको शिक्षा देते हैं;—

हंदि चिरभाविदावि य जे पुरुसा मरणदेसयालम्मि ।
पुव्वकदकम्मगरुयत्तणेण पच्छा परिवडंति ॥ ८४ ॥

जानीहि चिरभाविता अपि च ये पुरुषा मरणदेशकाले ।
पूर्वकृतकर्मगुरुकत्वेन पश्चात् प्रतिपतंति ॥ ८४ ॥

अर्थ—हे क्षपक तू ऐसा समझ कि कुछ कम कोटि पूर्वकाल-तक भी जो तपश्चरण करते हैं—बहुत समयतक भावना भाते हैं वेभी पहिले किये पापकर्मके भारसे मरणसंबंधी देशकालमें पीछे गिर जाते हैं रत्नत्रयसे रहित होते हैं। इसलिये तू सावधान हो ॥ ८४ ॥

तम्हा चंदयवेज्झस्स कारणेण उज्जदेण पुरिसेण ।
जीवो अविरहिदगुणो कादव्वो मोक्खमग्गम्मि ॥८५॥

तस्मात् चंद्रकवेध्यस्य कारणेन उद्यतेन पुरुषेण ।

जीवो अविरहितगुणः कर्तव्यः मोक्षमार्गे ॥ ८५ ॥

अर्थ—हे क्षपक जैसे चंद्रकवेध्यके निमित्त उद्यमी हुआ पुरुष अपने गुणका नाश नहीं करता—सावधान रहता है उसी-तरह सम्यग्दर्शनादिरूप मोक्षमार्गमें उद्यमी हुआ जीव अपना गुण नहीं नाश करता ऐसा निश्चय कर ॥ ८५ ॥

आगे चंद्रकवेध्यकर क्या किया उसे बतलाते हैं;—

कणयलदा णागलदा विज्जुलदा तहेव कुंदलदा ।
एदा विय तेण हदा मिथिलाणयरिए महिंदयत्तेण ८६
सायरगो बल्लहगो कुलदत्तो वड्ढमाणगो चेव ।
दिवसेणिक्केण हदा मिहिलाए महिंददत्तेण ॥ ८७ ॥

कनकलता नागलता विद्युल्लता तथैव कुंदलता ।
एता अपि च तेन हता मिथिलानगर्यां महेंद्रदत्तेन ॥८६॥
सागरको बल्लभकः कुलदत्तः वर्धमानकः चैव ।
दिवसेनैकेन हता मिथिलायां महेंद्रदत्तेन ॥ ८७ ॥

अर्थ—महेंद्रदत्तने मिथिलानगरीमें एक ही दिनमें कनकलता, नागलता, विद्युल्लता, कुंदलता स्त्रियोंको तथा सागरक, बल्लभक, कुलदत्त, वर्धमानक इन पुरुषोंको एक साथ ही मारा। इसलिये यतीको परमार्थ साधनमें समाधिमरणके समय यत्न करना चाहिये ॥ ८६ ॥ ८७ ॥

आगे यत्न किये विना जैसे लौकिक कार्य विगड़ता है उसी तरह यतिओंकाभी परमार्थ विगड़ जाता है यह कहते हैं;—

जह णिज्जावयरहिया णावाओ वररदणसुपुण्णाओ ।
पट्टणमासण्णाओ खु पमादमूला णिवुड्डंति ॥ ८८ ॥

यथा निर्यापकरहिता नावो वररत्नसुपूर्णाः ।
पत्तनमासन्नाः खलु प्रमादमूला निब्रुडंति ॥ ८८ ॥

अर्थ—हे क्षपक जैसे श्रेष्ठरत्नोंकर भरा हुआ जहाज समुद्रके किनारे नगरके समीप भी पहुंच जाय परंतु प्रमादके कारण खेवटियासे रहित हुआ जहाज समुद्रमें डूब जाता है, उसीतरह सम्यग्दर्शनादिरत्नोंकर परिपूर्ण सिद्धिके समीपभूत संन्यासरूपी नगरको प्राप्त हुआ क्षपकरूपी जिहाज प्रमादके वश सन्यासके साधक आचार्योंसे रहित हुआ संसारसमुद्रमें डूबता है । इसलिये यत्न करना चाहिये ॥ ८८ ॥

कोई कहे कि अभ्रावकाशादि बाह्ययोग करनेकी योग्यता न होनेपर क्या करना उसका समाधान कहते हैं—

बाहिरजोगविरहिओ अब्भंतरजोगझाणमालीणो ।
जह तह्मि देसयाले अमूढसण्णो जहसु देहं ॥ ८९ ॥

बाह्ययोगविरहितः आभ्यंतरयोगध्यानमालीनः ।
यथा तस्मिन् देशकाले अमूढसंज्ञः जहीहि देहम् ॥ ८९ ॥

अर्थ—हे क्षपक अभ्रावकाशादि बाह्ययोगोंसे रहित हुआ भी अभ्यंतरपरिणामोंमें एकाग्रचिंताके निरोधरूप ध्यानमें लीन हुआ संन्यासके देशकालमें आहारादि संज्ञा रहित होके शरीरका त्याग कर ॥ ८९ ॥

इसतरह शरीरके त्याग करनेसे क्या फल होता है उसे कहते हैं;—

हंतूण रागदोसे छेत्तूण य अट्ठकम्मसंकलियं ।
जम्मणमरणरहट्टं भेत्तूण भवाहिं मुच्चहिसि ॥ ९० ॥

हत्वा रागद्वेषौ छित्वा च अष्टकर्मशृंखलां ।
जन्ममरणारहट्टं भित्त्वा भवेभ्यो मोक्ष्यसे ॥ ९० ॥

अर्थ—प्रीति अप्रीतिको नष्टकर ज्ञानावरणादि आठकर्मरूपी सांकलको छेदकर जन्ममरणरूपी अर्हट घटीयंत्रको भेदकर तू संसारसे छूट जायगा। इस सन्यासमरणका यही फल जानना॥९०॥

ऐसे आचार्योंका उपदेश सुनकर क्षपक विचारता है;—

सव्वमिदं उवदेसं जिणदिट्ठं सद्दहामि तिविहेण ।
तसथावरखेमकरं सारं णिव्वाणमग्गस्स ॥ ९१ ॥

सर्वमिमं उपदेशं जिनदृष्टं श्रद्दधे त्रिविधेन ।
त्रसस्थावरक्षेमकरं सारं निर्वाणमार्गस्य ॥ ९१ ॥

अर्थ—क्षपक कहता है कि सब यह उपदेश भगवान भाषित आगम है उसका मनवचनकायसे श्रद्धान (रुचि) करता हूं। वह आगम, दो इंद्रिय आदि पंच इंद्रियपर्यंत त्रस जीव तथा एकेंद्रिय आदि स्थावर जीव सबके कल्याणका करनेवाला है तथा मोक्षमार्गका सारभूत है। इसी आगमसे मोक्षमार्गकी प्राप्ति होती है ॥ ९१ ॥

जैसे उस समय द्वादशांगका श्रद्धान किया जाता है उसतरह समस्त श्रुतका चिंतवन नहीं किया जासकता ऐसा कहते हैं—

ण हि तम्मि देसयाले सक्को बारसविहो सुदक्खंधो ।
सव्वो अणुचिंतेदुं बलिणावि समत्थचित्तेण ॥ ९२ ॥

नहि तस्मिन् देशकाले शक्यः द्वादशविधः श्रुतस्कंधः ।
सर्वः अनुचिंतयितुं बलिना अपि समर्थचित्तेन ॥ ९२ ॥

अर्थ—हे क्षपक! शरीरके परित्यागके समय बारह प्रकारका

संपूर्ण श्रुतस्कंध, शरीरबल मनोबल धारण करनेवाले यतियोंसे भी चिंतवन नहीं किया जासकता अर्थात् न तो अर्थका विचार बनसकता है और न पाठ ही होसकता है ॥ ९२ ॥

आगे कहते हैं कि ऐसा है तो क्या करना;—

एक्कह्मि बिदियह्मि पदे संवेगो वीयरागमग्गम्मि।
वच्चदि णरो अभिक्खं तं मरणंते ण मोत्तव्वं ॥ ९३ ॥

एकस्मिन् द्वितीये पदे संवेगो वीतरागमार्गे।
व्रजति नरो अभीक्ष्णं तत् मरणांते न मोक्तव्यं ॥ ९३ ॥

अर्थ—हे क्षपक! जो सर्वज्ञकथित आगमके 'नमोर्हद्भ्यः' ऐसे एक पदमें तथा 'नमः सिद्धेभ्यः' ऐसा दूसरा पद अथवा अर्थपद ग्रंथपद प्रमाणपद पंचनमस्कारपद अथवा एक बीजपदमें भी जो संवेग (हर्ष) करता है वह उत्तमगति पाता है इसलिये कंठगत प्राण होनेपर भी पदका ध्यान नहीं छोड़ना चाहिये ॥ ९३ ॥

आगे पदके नहीं छोडनेका कारण बतलाते हैं;—

एदह्मादो एक्कं हि सिलोगं मरणदेसयालह्मि।
आराहणउवजुत्तो चिंतंतो राधओ होदि ॥ ९४ ॥

एतस्मात् एकं हि श्लोकं मरणदेशकाले।
आराधनोपयुक्तः चिंतयन् आराधको भवति ॥ ९४ ॥

अर्थ—हे क्षपक! जो इस श्रुतस्कंधसे अथवा पंचनमस्कारमंत्रसे एक भी श्लोक (पद) लेकर मरणके समय सम्यग्दर्शनादि आराधनाओं सहित चिंतवन करता है वह आराधक रत्न-

त्रयका स्वामी होता है । इसलिये तुझको जिनवचनका आश्रय नहीं छोडना चाहिये ॥ ९४ ॥

आगे मरणके समय पीडा हो तो कोंनसी औषधि करना उसे कहते हैं;—

जिणवयणमोसहमिणं विसयसुहविरेयणं अमिदभूदं।
जरमरणवाहिवेयण खयकरणं सव्वदुक्खाणं ॥ ९५ ॥

जिनवचनमौपधमिदं विपयसुखविरेचनं अमृतभूतं ।
जरामरणव्याधिवेदनानां क्षयकरणं सर्वदुःखानाम् ॥ ९५ ॥

अर्थ—यह जिनवचन ही औषध है । जो कि इंद्रिय जनित विपयसुखोंका विरेचन करनेवाली (दूर करनेवाली) है, अमृतसरूप है और जरा मरण व्याधि वेदना आदि सब दुःखोंका नाश करनेवाली है । भावार्थ—जैसे औपधि रोगोंको मिटा देती है उसीतरह जिनवाणी भी जन्ममरण आदि दुःखोंको मिटाके अमर पदको प्राप्त करदेती है । इसलिये अमृतऔपधि जिनवचन ही हैं ॥ ९५ ॥

आगे उस समय शरण क्या है यह बतलाते हैं;—

णाणं सरणं मेरं दंसणसरणं च चरियसरणं च ।
तव संजमं च सरणं भगवं सरणो महावीरो ॥ ९६ ॥

ज्ञानं शरणं मम दर्शनशरणं च चारित्रशरणं च ।
तपः संयमश्च शरणं भगवान् शरणो महावीरः ॥ ९६ ॥

अर्थ—हे क्षपक तुझे ऐसी भावना करनी चाहिये कि, मेरे यथार्थ ज्ञान ही शरण (सहायक) है, प्रशम संवेग अनुकंपा आस्तिक्यकी प्रगटतारूप सम्यग्दर्शन ही शरण है, आस्रव बंधकी

निश्चयरूप चारित्र ही मेरे शरण है, बारहप्रकार तप और इंद्रिय प्राण संयम ही शरण है तथा अनंत ज्ञान सुखादि सहित श्रीमहावीरस्वामी हितोपदेशी ही शरण हैं। इनके सिवाय अन्य कुदेवादिका शरण मेरे नहीं है ॥ ९६ ॥

आगे आराधनाके फलको कहते हैं;—

आराहण उवजुत्तो कालं काऊण सुविहिओ सम्मं।
उक्कस्सं तिण्णि भवे गंतूण य लहइ णिव्वाणं ॥ ९७ ॥

आराधनोपयुक्तः कालं कृत्वा सुविहितः सम्यक्।
उत्कृष्टं त्रीन् भवान् गत्वा च लभते निर्वाणम् ॥ ९७ ॥

अर्थ—सम्यग्दर्शन आदि चार आराधनाकर उपयुक्त हुआ अतीचार रहित आचरणवाला जो मुनि वह अच्छीतरह मरणकर उत्कृष्ट तीन भव पाकर निर्वाण (मोक्ष) को पाता है ॥ ९७ ॥

ऐसा सुनकर क्षपक कारणपूर्वक परिणाम करनेका अभिलापी हुआ कहता है—

समणो मेत्ति य पढमं विदियं सव्वत्थ संजदो मेत्ति।
सव्वं च वोस्सरामि य एदं भणिदं समासेण ॥ ९८ ॥

श्रमणो मम इति च प्रथमः द्वितीयः सर्वत्र संयतो ममेति।
सर्वं च व्युत्सृजामि च एतद् भणितं समासेन ॥ ९८ ॥

अर्थ—क्षपक विचारता है कि मैं प्रथम तो श्रमण अर्थात् समरसीभावकर सहित हूं और दूसरे सब भावोंमें संयमी हूं इसकारण सब अयोग्य भावोंको छोडता हूं। इसतरह संक्षेपसे आलोचना कहा ॥ ९८ ॥

आगे फिर दृढ परिणामोंको दिखलाते हैं;—

लद्धं अलद्धपुव्वं जिणवयणसुभासिदं अमिदभूदं।
गहिदो सुग्गइमग्गो णाहं मरणस्स बीहेमि ॥ ९९ ॥

लब्धमलब्धपूर्वं जिनवचनसुभाषितं अमृतभूतं।
गृहीतः सुगतिमार्गः नाहं मरणाद्बिभेमि ॥ ९९ ॥

अर्थ—क्षपक विचारता है कि मैंने प्रमाणनयसे अविरुद्ध सुखका कारण, पूर्व नहीं पाया ऐसे जिनवचनको प्राप्त किया और मोक्षमार्ग भी ग्रहण किया। अब मैं मरणसे नहीं डरता ॥ भावार्थ—जबतक अज्ञान था तबतक यथार्थस्वरूप नहीं जाना इसलिये मरणका डर था, अब जिनवचनसे यथार्थ स्वरूपका ग्रहण हुआ मोक्षमार्गमें प्रवृत्ति हुई तब मरणका भय जाता रहा ॥९९॥

धीरेण वि मरिदव्वं णिद्धीरेणवि अवस्स मरिदव्वं।
जदि दोहिंवि मरिदव्वं वरं हि धीरत्तणेण मरिदव्वं १००

धीरेणापि मर्तव्यं निर्धैर्येणापि अवश्यं मर्तव्यं।
यदि द्वाभ्यामपि मर्तव्यं वरं हि धीरत्वेन मर्तव्यम् ॥१००॥

अर्थ—क्षपकविचारता है कि धीर (दृढचित्त) भी मरेगा और धैर्यरहित भी अवश्य मरेगा। यदि दोनों तरहसे ही मरना है तो धीर (क्लेशरहित) पनेसे ही मरना श्रेष्ठ है, कायरपनेसे पापबंध विशेष करता है इसलिये मरणसमय कायर नहीं होना चाहिये ॥ १०० ॥

सीलेणवि मरिदव्वं णिस्सीलेणवि अवस्स मरिदव्वं।
जइ दोहिंवि मरियव्वं वरं हु सीलत्तणेण मरियव्वं१०१

शीलेनापि मर्तव्यं निःशीलेनापि अवश्यं मर्तव्यम् ।
यदि द्वाभ्यामपि मर्तव्यं वरं हि शीलत्वेन मर्तव्यम् ॥१०१॥

अर्थ—जो शील (व्रतकी रक्षा) वाले हैं वे भी मरेंगे और जो भूखप्यास आदिकी पीड़ासे मरण होनेके भयसे व्रत शील छोड़ देते हैं वे भी काल आनेपर अवश्य मरेंगे । यदि दोनों तरह से ही मरना है तो शीलसहित ही मरना अच्छा है । व्रतशील छोड देनेसे पापबंध अधिक होगा मरना तो पड़ेगा ही ॥ १०१ ॥

इसलिये शीलसहित ही मरना श्रेष्ठ है ऐसा कहते हैं;—

चिरउसिदबंभयारी पप्फोडेदूण सेसयं कम्मं ।
अणुपुव्वीय विसुद्धो सुद्धो सिद्धिं गदिं जादि ॥१०२॥

चिरोषितब्रह्मचारी प्रस्फोट्य शेषं कर्म ।
आनुपूर्व्या विशुद्धः शुद्धः सिद्धिं गतिं याति ॥ १०२ ॥

अर्थ—*जिसने बहुतकालतक ब्रह्मचर्यव्रत सेवन किया है* ऐसा मुनि शेष ज्ञानावरणादि कर्मोंकी निर्जराकर क्रमसे अपूर्व अपूर्व विशुद्ध परिणामोंकर अथवा गुणस्थानके क्रमसे असंख्यातगुणश्रेणी निर्जराकर कर्मकलंकसे रहित हुआ केवलज्ञानादि शुद्ध भावोंकर युक्त होके परमस्थान मोक्षको प्राप्त होता है । ऐसे आराधनाका उपाय जानना ॥ १०२ ॥

आगे आराधकका स्वरूप कहते हैं;—

णिम्ममो णिरहंकारो णिक्कसाओ जिदिंदिओ धीरो ।
अणिदाणो दिट्ठिसंपण्णो मरंतो आराहओ होइ॥१०३॥

निर्ममः निरहंकारः निष्कषायः जितेंद्रियः धीरः ।
अनिदानः दृष्टिसंपन्नः म्रियमाण आराधको भवति॥१०३॥

अर्थ—जो मरणकरनेवाला ऐसा हो-चेतन अचेतन परवस्तुमें ममता (मोह) नहीं हो, अभिमान रहित हो, क्रोधादिकषाय रहित हो, जितेंद्रिय हो अर्थात् विषयसुखोंसे उदासीन तथा अतींद्रियसुखमें लीन हो, पराक्रम सहित हो, शिथिल न हो, भोगोंकी वांछाकर रहित हो और सम्यग्दर्शनको अच्छी तरह प्राप्तहुआ हो । ऐसा जीव आराधक होसकता है ॥ १०३ ॥

आगे इसी बातको समर्थन करते हैं;—

णिकसायस्स दंतस्स सूरस्स ववसाइणो ।
संसारभयभीदस्स पच्चक्खाणं सुहं हवे ॥ १०४ ॥

निष्कषायस्य दांतस्य शूरस्य व्यवसायिनः ।
संसारभयभीतस्य प्रत्याख्यानं सुखं भवेत् ॥ १०४ ॥

अर्थ—ऐसे मुनिराजके आराधना सुखका निमित्त है-जोकि कषाय रहित हो, इंद्रियोंको वश करनेवाला हो, शूर हो कायर न हो, चारित्रमें उद्यमी-लीन हो और संसारके भयसे डरता हो चतुर्गतिके दुःखोंके स्वरूपको जानता हो । ऐसा मरण करनेवाला आराधनाका आराधक होसकता है ॥ १०४ ॥

अब कथनको संकोचते हुए आराधनाका फल कहते हैं;—

एदं पच्चक्खाणं जो काहदि मरणदेसयालम्मि ।
धीरो अमूढसण्णो सो गच्छइ उत्तमं ठाणं ॥ १०५ ॥

एतत् प्रत्याख्यानं यः कुर्यात् मरणदेशकाले ।
धीरो अमूढसंज्ञः स गच्छति उत्तमं स्थानम् ॥ १०५ ॥

अर्थ—जो मुनि मरणके देशकालमें धैर्य सहित, आहारादिकवांछामें अलुब्ध हुआ (आहारादिको नहीं चाहता हुआ) इस

प्रत्याख्यानको करता है वह मोक्षस्थानको प्राप्त होता है । आराधनाका फल निर्वाण है यह तात्पर्य जानना ॥ १०५ ॥

आगे अंतमंगलपूर्वक प्रार्थना करते हैं;—

धीरो जरमरणरिवू वीरो विण्णाणणाणसंपण्णो ।
लोगस्सुज्जोयपरो जिणवरचंदो दिसदु बोधिं ॥ १०६॥

धीरो जरामरणरिपुः वीरो विज्ञानज्ञानसंपन्नः ।
लोकस्य उद्योतकरो जिनवरचंद्रो दिशतु बोधिम् ॥ १०६ ॥

अर्थ—बुढापा तथा मरणका शत्रु (दूर करनेवाला), विशेष लक्ष्मीका देनेवाला, चारित्र और ज्ञानकर सहित, भव्यजीवोंके मिथ्यात्व अंधकारको मिटाके ज्ञानरूप प्रकाशका करनेवाला और सामान्य केवलियोंमें प्रधान चंद्रमाके समान आनंद करनेवाला ऐसा महावीर प्रभु चौवीसवां तीर्थंकर हमें समाधिकी प्राप्ति करावे । इस प्रकार अंतमंगलकर क्षपकको समाधिकी प्राप्तिके कारण महावीर स्वामीका स्मरण दिखलाया ॥ १०६ ॥

आगे निदान नहीं करना और ऐसा भाव करना यह कहते हैं;—

जा गदी अरिहंताणं णिट्ठिदट्ठाण जा गदी ।
जा गदी वीदमोहाणं सा मे भवदु सस्सदा ॥ १०७॥

या गतिः अर्हतां निष्ठितार्थानां या गतिः ।
या गतिः वीतमोहानां सा मे भवतु शश्वत् ॥ १०७ ॥

अर्थ—आचार्य कहते हैं कि मैं ऐसी याचना करता हूं कि जो गति अर्हंतोंकी है, जो कृतकृत्य सिद्ध परमेष्ठियोंकी है और जो गति क्षीणकषाय छद्मस्थ (अल्पज्ञानी) वीतरागोंकी है वही

गति हमेशा मेरी भी होवे (रहे)। मैं दूसरी कोई अभिलाष व याचना नहीं करता। भोगकी अभिलाषाका नाम निदान इसलिये यहां निदान नहीं हुआ ॥ १०७ ॥ इसतरह अधिकार समाप्त हुआ।

इसप्रकार आचार्यश्रीवट्टकेरिविरचित मूलाचारकी भाषाटीकामें बृहत्प्रत्याख्यानसंस्तरस्तव अधिकार समाप्त हुआ ॥ २ ॥

संक्षेपप्रत्याख्यानाधिकार ॥ ३ ॥

आगे अकस्मात् सिंहादिके निमित्तसे मरण आजाय तो क्या करना उसके लिये यह संक्षेप प्रत्याख्यान अधिकार कहते हैं उसमें भी पहले मंगलाचरण करते हैं—

एस करेमि पणामं जिणवरवसहस्स वड्ढमाणस्स ।
सेसाणं च जिणाणं सगणगणधराणं च सव्वेसिं १०८

एषः करोमि प्रणामं जिनवरवृषभस्य वर्धमानस्य ।
शेषाणां च जिनानां सगणगणधराणां च सर्वेषाम् ॥१०८॥

अर्थ—यह मैं भगवान् प्रत्यक्ष वर्द्धमानस्वामी मुनियोंमें श्रेष्ठ वर्द्धमानस्वामीको, तथा यति मुनि ऋषि अनगार ऐसे चार प्रकारके संघसहित गौतमस्वामीको आदि लेकर सब गणधरोंको और शेष ऋषभादि पार्श्वनाथ तीर्थंकरोंको आदि लेकर सब केवलियोंको नमस्कार करता हूं ॥ भावार्थ—यह पंच परमेष्ठियोंको नमस्कार करता हूं ॥ १०८ ॥

आगे संक्षेप प्रत्याख्यान करनेका क्रम बतलाते हैं;—

सव्वं पाणारंभं पचक्खामि अलीयवयणं च ।
सव्वमदत्तादाणं मेहुण्ण परिग्गहं चेव ॥ १०९ ॥

सर्वं प्राणारंभं प्रत्याख्यामि अलीकवचनं च ।
सर्वमदत्तादानं मैथुनं परिग्रहं चैव ॥ १०९ ॥

अर्थ—संक्षेपतर प्रत्याख्यान करनेवाला ऐसे प्रतिज्ञा करता है कि पहले तो मैं सब हिंसाका, झूठ बोलनेका, चोरीका; मैथुनका तथा सब आभ्यंतर बाह्य परिग्रहका प्रत्याख्यान (त्याग) करता हूं । भावार्थ—प्रथम तो महाव्रतोंकी शुद्धि करनी चाहिये ॥ १०९ ॥

आगे सामायिकव्रतके स्वरूपका वर्णन करते हैं;—

सम्मं मे सव्वभूदेसु वेरं मज्झं ण केणवि ।
आसाए वोसरित्ताणं समाधिं पडिवज्जइ ॥ ११० ॥

. साम्यं मे सर्वभूतेषु वैरं मम न केनापि ।
आशाः व्युत्सृज्य समाधिं प्रतिपद्ये ॥ ११० ॥

अर्थ—मेरे सब जीवोंमें समभाव है, मेरा किसीके साथ वैर नहीं है । इसलिये मैं सब आकांक्षाओंको छोड़ समाधि (शुद्ध) परिणामको प्राप्त होता हूं ॥ भावार्थ—सब जीवोंमें समभाव रखना, वैरभाव किसीके ऊपर न रखना, सब आशाओंको छोड़ना और समाधिभावको प्राप्त होना—इसीका नाम सामायिक है ॥ ११० ॥

आगे परिणाम शुद्धिके लिये फिर भी कहते हैं;—

सव्वं आहारविहिं सण्णाओ आसए कसाए य ।

सव्वं चेय ममत्तिं जहामि सव्वं खमावेमि ॥ १११ ॥

सर्वं आहारविधिं संज्ञा आशाः कषायाश्च ।
सर्वं चैव ममत्वं त्यजामि सर्वं क्षमयामि ॥ १११ ॥

अर्थ—मैं सब अन्नपानादि आहारकी विधिको, आहारादि-वांछाओंको, इसलोक परलोककी सब वांछाओंको, क्रोध आदि कषायोंको, और सब चेतन अचेतन बाह्यपरिग्रहमें ममताको छोड़ता हूं। इसतरह परिणामोंको शुद्ध करना चाहिये ॥१११॥

**एदम्हि देसयाले उवक्कमो जीविदस्स जदि मज्झं ।
एदं पच्चक्खाणं णित्थिण्णे पारणा होज्ज ॥ ११२ ॥**

एतस्मिन् देशकाले उपक्रमो जीवितस्य यदि मम ।
एतत् प्रत्याख्यानं निस्तीर्णे पारणा भवेत् ॥ ११२ ॥

अर्थ—जीवितमें संदेह होनेकी अवस्थामें ऐसा विचार करे कि इस देशमें इस कालमें मेरा जीनेका सद्भाव (अस्तित्व) रहेगा तो ऐसा त्याग है कि जबतक उपसर्ग रहेगा तबतक आहारादिका त्याग है उपसर्ग दूर होनेके बाद यदि जीवित रहा तो फिर पारणा (भोजन) करूंगा ॥ ११२ ॥

जहां निश्चय होजाय कि इस उपसर्गादिमें मैं नहीं जीसकूंगा वहां ऐसा त्याग करे;—

**सव्वं आहारविहिं पच्चक्खामी य पाणयं वज्ज ।
उवहिं च वोसरामि य दुविहं तिविहेण सावज्जं॥११३॥**

सर्वं आहारविधिं प्रत्याख्यामि च पानकं वर्जयित्वा ।
उपधिं च व्युत्सृजामि द्विविधं त्रिविधेन सावद्यम् ॥ ११३ ॥

अर्थ—मैं जलको छोड़ सब (तीन) तरहके आहारोंको त्यागता

हूं । बाह्य आभ्यंतर दो प्रकारके परिग्रहको तथा मन वचन कायकी पापक्रियाओंको छोडता हूं ॥ ११३ ॥

आगे उत्तमार्थ त्यागको कहते हैं;—

जो कोइ मज्झ उवधी सब्भंतरबाहिरो य हवे ।
आहारं च सरीरं जावाजीवं य वोसरे ॥ ११४ ॥

यः कश्चित् मम उपधिः साभ्यंतरबाह्यश्च भवेत् ॥
आहारं च शरीरं यावज्जीवं च व्युत्सृजामि ॥ ११४ ॥

अर्थ—जो कुछ मेरे आभ्यंतर बाह्य परिग्रह है उसे तथा चारों प्रकारके आहारोंको और अपने शरीरको जबतक जीवन है तबतक छोड़ता हूं । यही उत्तमार्थ त्याग है ॥ ११४ ॥

आगे आगमकी महिमा देखकर जिसको हर्ष हुआ है ऐसा क्षपक इसप्रकार नमस्कार करता है;—

जम्हिय लीणा जीवा तरंति संसारसायरमणंतं ।
तं सव्वजीवसरणं णंदउ जिणसासणं सुइरं ॥ ११५ ॥

यस्मिन् लीना जीवाः तरंति संसारसागरं अनंतं ।
तत् सर्वजीवशरणं नंदतु जिनशासनं सुचिरं ॥ ११५ ॥

अर्थ—जिस जिनशास्त्रमें लीन हुए जीव अपार पंचपरावर्तनरूपसंसार-समुद्रको तर जाते हैं ऐसा सब जीवोंका सहायक केवलीश्रुतकेवलीकथित आगम सनकाल वृद्धिको प्राप्त होवो ॥ भावार्थ—जिसके अनुष्ठानसे भोग और मुक्ति मिले वही नमस्कार करने योग्य होता है ॥ ११५ ॥

आगे आराधनाके फलके लिये कहते हैं;—

जा गदी अरिहंताणं णिट्ठिदट्ठाण जा गदी ।

जा गदी वीदमोहाणं सा मे भवदु सव्वदा ॥ ११६ ॥

या गतिः अर्हतां निष्ठितार्थानां या गतिः ।

या गतिः वीतमोहानां सा मे भवतु सर्वदा ॥ ११६ ॥

अर्थ—जो अरहंतोंकी गति है, जो सिद्धोंकी गति है, जो वीतरागछद्मस्थोंकी गति है वही गति सर्वदा (हमेशा) मेरी भी हो । यही आराधनाका फल चाहता हूं अन्य नहीं ॥ ११६ ॥

आगे उत्तमार्थ त्यागका फल कहते हैं;—

एगं पंडियमरणं छिंददि जादीसदाणि बहुगाणि ।
तं मरणं मरिदव्वं जेण मदं सुम्मदं होदि ॥ ११७ ॥

एकं पंडितमरणं छिनत्ति जातिशतानि बहूनि ।

तन्मरणेन मर्तव्यं येन मृतं सुमृतं भवति ॥ ११७ ॥

अर्थ—एक भी पंडितमरण सैकड़ों जन्मोंका छेदनेवाला है, इसलिये ऐसा मरण करना चाहिये जिससे कि मरना अच्छा मरण कहलावे अर्थात् फिर जन्म नहीं धारण करना पडे ॥११७॥

आगे मरणकालमें समाधिधारणका फल कहते हैं;—

एगम्हि य भवगहणे समाहिमरणं लहिज्ज जदि जीवो ।
सत्तट्ठभवग्गहणे णिव्वाणमणुत्तरं लहदि ॥ ११८ ॥

एकस्मिन् भवग्रहणे समाधिमरणं लभते यदि जीवः ।

सप्ताष्टभवग्रहणे निर्वाणमनुत्तरं लभते ॥ ११८ ॥

अर्थ—जो यह जीव एक ही पर्यायमें संन्यास मरणको प्राप्त हो जाय तो सात आठ पर्यायें बीत जानेपर अवश्य मोक्षको पाता है ॥ ११८ ॥ यहां भावलिंगीकेलिये ही कहागया है ।

आगे शरीरके होनेसे ही जन्ममरणादि दुःख होते हैं

इसलिये समाधि मरणकर इस शरीरका त्याग करना ऐसा कहते हैं;—

णत्थि भयं मरणसमं जम्मणसमयं ण विज्जदे दुक्खं ।
जम्मणमरणादंकं छिंदि ममत्तिं सरीरादो ॥ ११९ ॥

नास्ति भयं मरणसमं जन्मसमं न विद्यते दुःखं ।
जन्ममरणातंकं छिंधि ममत्वं शरीरतः ॥ ११९ ॥

अर्थ—इस जीवके मृत्युके समान अन्य कोई भय नहीं है और जन्मके समान कोई दुःख नहीं है इसलिये जन्ममरणरूप महान् रोगको छेद डाल । उस रोगका मूलकारण शरीरमें ममता करना है । इसलिये संन्यासविधिकर ममता छोड़नेसे जन्ममरण-रूप महान रोग मिट जाता है ॥ ११९ ॥

आगे आराधनामें कहे हुए तीन प्रतिक्रमण इस संक्षेपकालमें ही संभवते हैं ऐसा कहते हैं;—

पढमं सव्वदिचारं बिदियं तिविहं हवे पडिक्कमणं ।
पाणस्स परिच्चयणं जावज्जीवुत्तमट्ठं च ॥ १२० ॥

प्रथमं सर्वातिचारं द्वितीयं त्रिविधं भवेत् प्रतिक्रमणं ।
पानस्य परित्यजनं यावज्जीवमुत्तमार्थं च ॥ १२० ॥

अर्थ—पहला तो सर्वातीचार प्रतिक्रमण है अर्थात् दीक्षा-ग्रहणसे लेकर सब तपश्चरणके कालतक जो दोष लगे हों उनकी शुद्धि करना, दूसरा त्रिविध प्रतिक्रमण है वह जलके बिना तीन-प्रकारके आहारका त्याग करनेमें जो अतीचार लगे वे उनका शोधन करना और तीसरा उत्तमार्थ प्रतिक्रमण है उसमें जीवन-

पर्यंत जलपीनेका त्याग कियागया उसके दोषोंकी शुद्धि करना है। यही प्रतिक्रमण मोक्षका कारण है ॥ १२० ॥

आगे योग इंद्रिय शरीर कषाय हस्त पाद इनका भी प्रतिक्रमण कहागया है;—

पंचवि इंदियमुंडा वचमुंडा हत्थपायमणमुंडा।
तणुमुंडेण य सहिया दस मुंडा वण्णिदा समए ॥१२१

पंचापि इंद्रियमुंडा वाग्मुंडो हस्तपादमनोमुंडाः।
तनुमुंडेन च सहिता दश मुंडा वर्णिता समये ॥ १२१ ॥

अर्थ—पांचों इंद्रियोंका मुंडन अर्थात् अपने २ विषयोंमें व्यापारका छुडाना, जैसे स्पर्शमें व्यापारका रोकना स्पर्शनेंद्रिय मुंड है इत्यादि; विना अवसर विना प्रयोजन वचन नहीं बोलना वह वचन मुंड, हाथकी कुचेष्टा नहीं करना वह हस्तमुंड, पैरोंको बुरीतरह संकोच व फैलानेरूप न करना वह पादमुंड, मनमें खोटा चिंतवन नहीं करना वह मनोमुंड और शरीरकी कुचेष्टा नहीं करना वह शरीरमुंड है—इसप्रकार दश मुंड जिनागममें वर्णन किये गये हैं ॥ १२१ ॥

इसप्रकार आचार्यश्रीवट्टकेरिविरचित मूलाचारकी भाषाटीकामें संक्षेपतरप्रत्याख्याननामा तीसराअधिकार समाप्तहुआ ॥ ३ ॥

समाचाराधिकार ॥ ४ ॥

आगे आयु बल रहनेपर जिसके अतीचाररहित मूलगुणोंका निर्वाह होता है उसकी प्रवृत्ति बतलानेके चौथा समाचार नामा अधिकार नमस्कारपूर्वक कहते हैं;—

तेलोक्कपुज्जणीए अरहंते वंदिऊण तिविहेण।
वोच्छं सामाचारं समासदो आणुपुव्वीए ॥ १२२ ॥

त्रिलोकपूजनीयान् अर्हतः वंदित्वा त्रिविधेन।
वक्ष्ये सामाचारं समासत आनुपूर्व्या ॥ १२२ ॥

अर्थ—भवनवासीअसुर मनुष्य देव–इन तीनोंकर वंदने योग्य ऐसे अर्हंत भगवानको मनवचनकायसे वंदनाकर मैं (वट्टकेरि) संक्षेपसे पूर्व अनुक्रमकर समाचार अधिकार कहूंगा ॥ १२२ ॥

आगे समाचार शब्दकी चारप्रकारसे निरुक्ति कहते हैं;—

समदा सामाचारो सम्माचारो समो व आचारो।
सव्वेसिं हि समाणं सामाचारो दु आचारो ॥ १२३ ॥

समता समाचारः सम्यगाचारः समो वा आचारः।
सर्वेषां हि समानां समाचारस्तु आचारः ॥ १२३ ॥

अर्थ—राग द्वेषके अभावरूप समताभाव है वह समाचार है, अथवा सम्यक् अर्थात् अतीचार रहित जो मूलगुणोंका अनुष्ठान–आचरण वह समाचार है, अथवा प्रमत्तादि समस्त मुनियोंका समान अहिंसादिरूप आचार वह समाचार है, अथवा सब क्षेत्रोंमें हानिवृद्धिरहित कायोत्सर्गादिकर सदृश परिणामरूप आचरण वह समाचार है ॥ १२३ ॥

अब समाचारके भेद कहते हैं;—

दुविहो सामाचारो ओघोविय पदविभागिओ चेव।
दसहा ओघो भणिओ अणेगहा पदविभागी य १२४

द्विविध समाचार औघिकः पदविभागिकश्चैव।
दशधा औघिको भणित अनेकधा पदविभागी च ॥१२४॥

अर्थ—समाचार अर्थात् सम्यक् आचरण दोही प्रकार है-औघिक, पदविभागिक। औघिकके दश भेद हैं और पदविभागिक समाचार अनेक तरहका है ॥ १२४ ॥

औघिक समाचारके दश भेद कहते हैं;—

इच्छामिच्छाकारो तधाकारो य आसिआ णिसिही।
आपुच्छा पडिपुच्छा छंदण सणिमंतणा य उपसंपा१२५

इच्छामिथ्याकारौ तथाकारः च आसिका निषेधिका।
आपृच्छा प्रतिपृच्छा छंदनं सनिमंत्रणा च उपसंपत् ॥१२५

अर्थ—इच्छाकार, मिथ्याकार, तथाकार, आसिका, निषेधिका, आपृच्छा, प्रतिपृच्छा, छंदन, सनिमंत्रणा और उपसंपत्-इसतरह ये औघिक समाचारके दशभेद हैं ॥ १२५ ॥

आगे इनका विषय तीन गाथाओंमें कहते हैं;—

इट्ठे इच्छाकारो मिच्छाकारो तहेव अवराधे।
पुडिसुणणह्मि तहत्ति य णिग्गमणे आसिया भणिया॥
पविसंते अ णिसीही आपुच्छणिया सकज्जआरंभे।
साधम्मिणा य गुरुणा पुव्वणिसिट्ठह्मि पडिपुच्छा१२७
छंदण गहिदे दव्वे अगिहददव्वे णिमंतणा भणिदा।
तुह्ममहत्ति गुरुकुले आदणिसग्गो दु उवसंपा ॥ १२८

इष्टे इच्छाकारो मिथ्याकारः तथैव अपराधे ।
प्रतिश्रवणे तथेति च निर्गमने आसिका भणिता ॥१२६॥
प्रविशति च निषेधिका आपृच्छनीयं स्वकार्यारंभे ।
साधर्मिणा च गुरुणा पूर्वनिसृष्टे प्रतिपृच्छा ॥ १२७ ॥
छंदनं गृहीते द्रव्ये अगृहीतद्रव्ये निमंत्रणा भणिता ।
युष्माकं अहमिति गुरुकुले आत्मनिसर्गस्तु उपसंपत् ॥१२८

अर्थ—सम्यग्दर्शनादि शुद्धपरिणाम या व्रतादिक शुभपरिणामोंमें हर्ष होना अपनी इच्छासे प्रवर्तना वह इच्छाकार है। व्रतादिमें अतीचार होनेरूप अशुभ परिणामोंमें काय वचन मनसे निवृत्ति करना मिथ्याशब्द कहना वह मिथ्याकार है। सूत्रके अर्थ ग्रहण करनेमें जैसा आप्तने कहा है वैसे ही है इसप्रकार प्रीतिपूर्वक 'तथेति' कहना वह तथाकार है। रहनेकी जगहसे निकलते समय देवता गृहस्थ आदिसे पूछकर गमन करना अथवा पापक्रियादिकसे मनको रोकना वह आसिका है। नवीन स्थानमें प्रवेश करते (घुसते) समय वहांके रहनेवालोंको पूछकर प्रवेश करना अथवा सम्यग्दर्शनादिमें स्थिरभाव वह निषेधिका है। अपने पठनादि कार्यके आरंभ करनेमें गुरु आदिकको वंदनापूर्वक प्रश्न करना वह आपृच्छा है। समान धर्मवाले साधर्मी तथा दीक्षागुरु आदि गुरु इन दोनोंसे पहले दिये हुए पुस्तकादि उपकरणोंको फिर लेनेके अभिप्रायसे पूछना वह प्रतिपृच्छा है। ग्रहण किये पुस्तकादि उपकरणोंको देनेवालेके अभिप्रायके अनुकूल रखना वह छंदन है। तथा नहीं लिये हुए अन्य द्रव्यको प्रयोजनके लिये सत्कार पूर्वक मांगना अथवा विनयसे रखना वह निमंत्रणा है।

और गुरुकुलमें (आम्नायमें) मैं आपका हूं ऐसा कहकर उनके अनुकूल आचरण करना वह उपसंपत् है । ऐसे दश प्रकार औधिक समाचार कहा ॥ १२६।१२७।१२८ ॥

अब पदविभागिक समाचार कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं;—

ओघियसमाचारो एसो भणिदो हु दसविहो णेओ।
एत्तो य पदविभागी समासदो वण्णइस्सामि॥१२९॥

औधिकसमाचारः एषः भणितः हि दशविधो ज्ञेयः ।
इतश्च पदविभागी समासतः वर्णयिष्यामि ॥ १२९ ॥

अर्थ—यह औधिकसमाचार संक्षेपसे दशप्रकार कहा हुआ जानना, अब पदविभागी समाचारको संक्षेपसे कहूंगा ॥ १२९ ॥

उग्गमसूरप्पहुदी समणाहोरत्तमंडले कसिणे।
जं अचरंति सददं एसो भणिदो पदविभागी ॥१३०॥

उद्गमसूरप्रभृती श्रमणा अहोरात्रमंडले कृत्स्ने ।
यदाचरंति सततं एष भणितः पदविभागी ॥ १३० ॥

अर्थ—जिस समय सूर्य उदय होता है वहांसे लेकर समस्त दिनरातकी परिपाटीमें मुनिमहाराज नियमादिकोंको निरंतर आचरण करे सो यह प्रत्यक्षरूप पदविभागी समाचार जिनेंद्रदेवने कहा है ॥ १३० ॥

आगे औधिकके दश भेदोंका स्वरूप कहते हुए इच्छाकारको कहते हैं;—

संजमणाणुवकरणे अण्णुवकरणे च जायणे अण्णे।
जोगग्गहणादीसु अ इच्छाकारो दु कादव्वो ॥१३१॥

संयमज्ञानोपकरणे अन्योपकरणे च याचने अन्ये ।

योगग्रहणादिषु च इच्छाकारस्तु कर्तव्यः ॥ १३१ ॥

अर्थ—संयमके पीछी आदि उपकरणोंमें तथा श्रुतज्ञानके पुस्तक आदि उपकरणोंमें और अन्य भी तप आदिके कमंडल आहारादि उपकरणोंमें, औषधादिमें, उष्णकालादिमें आतापन आदि योगोंमें इच्छाकार करना अर्थात् मनको ही प्रवर्ताना॥१३१॥

आगे मिथ्याकारका स्वरूप कहते हैं;—

जं दुक्कडं तु मिच्छा तं णेच्छदि दुक्कडं पुणो कादुं ।
भावेण य पडिकंतो तस्स भवे दुक्कडे मिच्छा ॥१३२॥

यत् दुष्कृतं तु मिथ्या तत् नेच्छति दुष्कृतं पुनः कर्तुं ।
भावेन च प्रतिक्रांतः तस्य भवेत् दुष्कृते मिथ्या ॥१३२॥

अर्थ—जो व्रतादिकमें अतीचाररूप पाप मैंने किया हो वह मिथ्या होवे ऐसे मिथ्या किये हुए पापको फिर करनेकी इच्छा नहीं करता और मनरूप अंतरंग भावसे प्रतिक्रमण करता है उसीके दुष्कृतमें मिथ्याकार होता है ॥ १३२ ॥

आगे तथाकारका स्वरूप कहते हैं;—

वायणपडिच्छणाए उवदेसे सुत्तअत्थकहणाए ।
अवितहमेदत्ति पुणो पडिच्छणाए तधाकारो ॥१३३॥

वाचनाप्रतिच्छायायामुपदेशे सूत्रार्थकथने ।
अवितथमेतदिति पुनः प्रतीच्छायायां तथाकारः ॥१३३॥

अर्थ—जीवादिकके व्याख्यानका सुनना, सिद्धांतका श्रवण, परंपरासे चला आया मंत्रतंत्रादिका उपदेश और सूत्रादिका अर्थ—इनमें जो अर्हंत देवने कहा है सो सत्य है ऐसा समझना वह तथाकार है ॥ १३३ ॥

आगे निषेधिका व आसिकाको कहते हैं;—

कंदरपुलिणगुहादिसु पवेसकाले णिसिद्धिअं कुज्जा।
तेहिंतो णिग्गमणे तहासिया होदि कायव्वा॥ १३४॥

कंदरपुलिनगुफादिषु प्रवेशकाले निषेधिकां कुर्यात्।
तेभ्यो निर्गमने तथा आसिका भवति कर्तव्या॥ १३४॥

अर्थ—जलकर विदारे हुए प्रदेशरूप कंदर, जलके मध्यमें जलरहित प्रदेशरूप पुलिन, पर्वतके पसवाड़ेके छेदरूप गुफा इत्यादि निर्जंतुक स्थानोंमें प्रवेश करनेके समय निषेधिका करे। और निकलनेके समय आसिका करे॥ १३४॥

आगे प्रश्न कैसे स्थानपर करना उसे कहते हैं;—

आदावणादिगहणे सण्णा उब्भामगादिगमणे वा।
विणयेणायरियादिसु आपुच्छा होदि कायव्वा॥१३५॥

आतापनादिग्रहणे संज्ञायां उद्भामकादिगमने वा।
विनयेनाचार्यादिषु आपृच्छा भवति कर्तव्या॥ १३५॥

अर्थ—व्रतपूर्वक उष्णका सहनारूप आतापनादि ग्रहणमें, आहारादिकी इच्छामें तथा अन्य ग्रामादिकको जानेमें नमस्कार पूर्वक आचार्यादिकोंको पूछना उनके कहे अनुसार करना वह आपृच्छा है॥ १३५॥

आगे प्रतिपृच्छाको कहते हैं;—

जं किंचि महाकज्जं करणीयं पुच्छिऊण गुरुआदि।
पुणरवि पुच्छदि साधुं तं जाणसु होदि पडिपुच्छा१३६

यत् किंचित् महाकार्यं करणीयं पृष्ट्वा गुर्वादीन्।
पुनरपि पृच्छति साधून् तत् जानीहि भवति प्रतिपृच्छा१३६

अर्थ—जो कुछ महान् कार्य हो वह गुरु प्रवर्तक स्थविरादिकसे पूछकर करना चाहिये उसकार्यके करनेलिये दूसरीवार उनसे तथा अन्य साधर्मी साधुओंसे पूछना वह प्रतिपृच्छा है ऐसा जानना ॥ १३६ ॥

आगे छंदनको कहते हैं;—

गहिदुवकरणे विणए वंदणसुत्तत्थपुच्छणादीसु ।
गणधरवसभादीणं अणुवुत्ति छंदणिच्छाए ॥ १३७ ॥

गृहीतोपकरणे विनये वंदनासूत्रार्थप्रश्नादिषु ।
गणधरवृषभादीनामनुवृत्तिः छंदनमिच्छया ॥ १३७ ॥

अर्थ—आचार्यादिकोंकर दिये गये पुस्तकादिक उपकरणोंमें, विनयके कालमें, वंदना–सूत्रके अर्थको पूछना इत्यादिकमें आचार्यादिकोंकी इच्छाके अनुकूल आचारण वह छंदन है॥१३७॥

आगे नौमे निमंत्रणा सूत्रको कहते हैं;—

गुरुसाहम्मियदव्वं पोत्थयमण्णं च गेण्हिदुं इच्छे ।
तेसिं विणयेण पुणो णिमंतणा होइ कायव्वा ॥१३८॥

गुरुसाधर्मिकद्रव्यं पुस्तकमन्यच्च गृहीतुं इच्छेत् ।
तेषां विनयेन पुनर्निमंत्रणा भवति कर्तव्या ॥ १३८ ॥

अर्थ—गुरु अथवा साधर्मीके पुस्तक व कमंडलु आदि द्रव्यको लेना चाहे तो उनसे नम्रीभूत होकर याचना करे । उसे निमंत्रणा कहते हैं ॥ १३८ ॥

अब उपसपत्के भेद कहते हैं;—

उवसंपया य णेया पंचविहा जिणवरेंहिं णिद्दिट्ठा ।
विणए खेत्ते मग्गे सुहदुक्खे चेय सुत्ते य ॥ १३९ ॥

उपसंपत् च ज्ञेया पंचविधा जिनवरैः निर्दिष्टा ।
विनये क्षेत्रे मार्गे सुखदुःखे चैव सूत्रे च ॥ १३९ ॥

अर्थ—गुरुजनोंके लिये मैं आपका हूं ऐसा आत्मसमर्पण वह उपसंपत् है। उसको पांचप्रकार विनयमें, क्षेत्रमें, मार्गमें, सुख दुःखमें, और सूत्रमें करना चाहिये ॥ १३९ ॥

आगे प्रथम विनयमें उपसंपत्को कहते हैं;—

पाहुणविणउवचारो तेसिं चावास भूमिसंपुच्छा ।
दाणाणुवत्तणादी विणये उवसंपया णेया ॥ १४० ॥

प्राघूर्णिकविनयोपचारो तेषां चावासभूमिसंपृच्छा ।
दानानुवर्तनादयः विनये उपसंपत् ज्ञेया ॥ १४० ॥

अर्थ—अन्यसंघके आये हुए मुनियोंका अंगमर्दन प्रियवचनरूप विनय करना, आसनादिपर बैठाना इत्यादि उपचार करना, गुरुके विराजनेका स्थान पूछना, आगमनका रास्ता पूछना, संस्तर पुस्तक आदि उपकरणोंका देना और उनके अनुकूल आचरणादिक करना वह विनयोपसंपत् है ॥ १४० ॥

आगे क्षेत्रोपसंपत्को कहते हैं;—

संजमतवगुणसीला जमणियमादी य जह्मि खेत्तह्मि ।
वड्ढंति तह्मि वासो खेत्ते उवसंपया णेया ॥ १४१ ॥

संयमतपोगुणशीला यमनियमादयश्च यस्मिन् क्षेत्रे ।
वर्धंते तस्मिन् वासः क्षेत्रे उपसंपत् ज्ञेया ॥ १४१ ॥

अर्थ—संयम तप उपशमादि गुण व व्रतरक्षारूप शील तथा जीवनपर्यंत त्यागरूप यम, कालके नियमसे त्याग करनेरूप नियम

इत्यादिक जिस स्थानमें रहनेसे बड़े उत्कृष्ट हों उस क्षेत्रमें रहना वह क्षेत्रोपसंपत् है ॥ १४१ ॥

आगे मार्गोपसंपत्को कहते हैं;—

पाहुणवत्थव्वाणं अण्णोण्णागमणगमणसुहपुच्छा ।
उवसंपदा य मग्गे संजमतवणाणजोगजुत्ताणं १४२

पादोष्णवास्तव्यानामन्योन्यागमनगमनसुखप्रश्नः ।
उपसंपत् च मार्गे संयमतपोज्ञानयोगयुक्तानाम् ॥ १४२ ॥

अर्थ—अन्य संघके आये हुए मुनि तथा अपने स्थानमें रहनेवाले मुनियोंसे आपसमें आने जानेके विषयमें कुशलका पूछना कि 'आनंदसे आये व सुखसे पहुंचे' इसतरह पूछना वह संयमतपज्ञानयोग–गुणोंकर सहित मुनिराजोंके मार्गोपसंपत् होता है ॥ १४२ ॥

आगे सुखदुःखोपसंपत्को कहते हैं,—

सुहदुक्खे उवयारो वसहीआहारभेसजादीहिं ।
तुम्हं अहंति वयणं सुहदुक्खुवसंपया णेया ॥ १४३ ॥

सुखदुःखयोः उपचारो वसतिआहारभेषजादिभिः ।
युष्माकं अहं इति वचनं सुखदुःखोपसंपत् ज्ञेया ॥ १४३ ॥

अर्थ—सुख दुःख युक्त पुरुषोंको वसतिका आहार औषधि आदिकर उपचार (सुखी) करना अर्थात् शिष्यादिका लाभ होनेपर कमंडलु आदि देना व्याधिकर पीडित हुए को सुखरूप सोनेका स्थान बैठनेका स्थान बताना, औषध अन्नपान मिलनेका प्रकार [illegible] मैं आपका हूं आप आज्ञा करें

यह करूं मेरे पुस्तक शिष्यादि आपके ही हैं ऐसा वचन कहना वह सुखदुःखोपसंपत् है ॥ १४३ ॥

आगे सूत्रोपसंपत्का स्वरूप कहते हैं;—

उवसंपया य सुत्ते तिविहा सुत्तत्थतदुभया चेव ।
एक्केक्का वि य तिविहा लोइय वेदे तहा समये ॥१४४॥

उपसंपत् च सूत्रे त्रिविधा सूत्रार्थतदुभया चैव ।
एकैकापि च त्रिविधा लौकिके वेदे तथा समये ॥ १४४॥

अर्थ—सूत्रोपसंपत्के तीन भेद हैं सूत्र अर्थ तदुभय । सूत्रके लिये यत्नकरना सूत्रोपसंपत्, अर्थके लिये यत्न अर्थोपसंपत्, दोनोंकि लिये यत्नकरना वह सूत्रार्थोपसंपत् है । वह एक एक भी तीन तरह है—लौकिक वैदिक सामायिक । इसप्रकार नौ भेद हैं ॥ व्याकरण गणित आदि लौकिक शास्त्र हैं, सिद्धांत शास्त्र वैदिक कहे जाते हैं, स्याद्वादन्यायशास्त्र व अध्यात्मशास्त्र सामायिक शास्त्र जानना ॥ १४४ ॥

आगे पदविभागिक समाचारको कहते हैं;—

कोई सव्वसमत्थो सगुरुसुदं सव्व आगमित्ताण ।
विणएणुवक्कमित्ता पुच्छइ सगुरुं पयत्तेण ॥ १४५ ॥

कश्चित् सर्वसमर्थः स्वगुरुश्रुतं सर्वमवगम्य ।
विनयेनोपक्रम्य पृच्छति स्वगुरुं प्रयत्नेन ॥ १४५ ॥

अर्थ—वीर्य धैर्य विद्याबल उत्साह आदिसे समर्थ कोई मुनिराज अपने गुरुसे सीखे हुए सब शास्त्रोंको जानकर मनवचनकायसे विनय सहित प्रणाम करके प्रमादरहित हुआ पूछे—आज्ञा मांगे वह पदविभागिक समाचार है ॥ १४५ ॥

एक विहारी देशांतरमें जाकर चारित्रका अनुष्ठान करता है। दूसरा अगृहीतार्थ है यह जानकर मुनिके साथ रहता है। इन दोनोंसे अन्य तीसरा विहार जिनेंद्रदेवने नहीं कहा है ॥१४८॥

आगे एकविहारीका स्वरूप कहते हैं;—

तवसुत्तसत्तएगत्तभावसंघडणधिदिसमग्गो य।
पविआआगमवलिओ एयविहारी अणुण्णादो॥१४९॥

तपःसूत्रसत्त्वैकत्वभावसंहननधृतिसमग्रश्च।
प्रव्रज्यागमबली एकविहारी अनुज्ञातः ॥ १४९ ॥

अर्थ—तप आगम शरीरबल, अपने आत्मामें ही प्रेम, शुभ परिणाम, उत्तम संहनन और मनका बल क्षुधा आदि न होना–इन गुणोंकर संयुक्त हो तथा तपकर व आचार सिद्धांतोंकर बलवान् हो अर्थात् चतुर हो वह एक विहारी साधु कहा गया है ॥१४९॥

परंतु एकविहारी ऐसा न हो. यह कहते हैं;—

सच्छंदगदागदसयणणिसियणादाणभिक्खवोसरणे।
सच्छंदजंपरोचि य मा मे सत्तूवि एगागी ॥ १५० ॥

स्वच्छंदगतागतशयननिषीदनादानभिक्षाव्युत्सर्गः।
स्वच्छंदजल्परुचिश्च मा मे शत्रुरप्येकाकी ॥ १५० ॥

अर्थ—सोना बैठना ग्रहण करना भोजन लेना मलत्याग करना इत्यादि कार्योंके समय जिसका स्वच्छंद गमन आगमन है तथा स्वेच्छासे ही विना अवसर बोलनेमें प्रेम रखनेवाला ऐसा एकाकी (अकेला) मेरा वैरी भी न हो। भावार्थ–ऐसा स्वच्छंदी मुनि एकाकी कदापि नहीं होसकता ॥ १५० ॥

आगे ऐसा एकाकी विहार करे तो इतने दोष होते हैं ऐसा कहते हैं;—

गुरुपरिवादो सुदवोछेदो तित्थस्स मइलणा जडदा ।
भेंभलकुसीलपासत्थदा य उस्सारकप्पम्हि ॥ १५१ ॥

गुरुपरिवादः श्रुतव्युच्छेदः तीर्थस्य मलिनत्वं जडता ।
विह्वलकुशीलपार्श्वस्थता च उत्सारकल्पे ॥ १५१ ॥

अर्थ—गणको छोड़ अकेले विहार करनेमें इतने दोष होते हैं—*दीक्षादेनेवाले गुरूकी निंदा, श्रुतका विनाश, जिनशासनमें कलंक लगाना कि सब साधु ऐसे ही होंगे, मूर्खता, विह्वलता, कुशीलपना, पार्श्वस्तता,* ये भ्रष्ट मुनियोंके भेद हैं इनको कहेंगे ॥ १५१ ॥

आगे कहते हैं कि ये दोष तो होते ही हैं परंतु अपनेको भी विपत्ति होती है;—

कंटयखण्णुयपडिणियसाणागोणादिसप्पमेच्छेहिं ।
पावइ आदविवत्ती विसेण य विसूइया चेव ॥ १५२॥

कंटकस्थाणुप्रत्यनीकश्वगवादिसर्पम्लेच्छैः ।
प्राप्नोति आत्मविपत्तिं विषेण वा विसूचिकया चैव॥१५२॥

अर्थ—जो स्वच्छंद विहार करता है वह काटे, स्थाणु (ठूंठ), क्रोधसे आये हुए कुत्ते बैल आदिकर तथा सर्प, म्लेच्छ, विष, अजीर्ण–इनकर अपने मरणको व दुःखको पाता है ॥१५२॥

वह दूसरेको भी नहीं चाहता ऐसा कहते हैं;—

गारविओ गिद्धीओ माइल्लो अलसलुद्धणिद्धम्मो ।
गच्छेवि संवसंतो णेच्छइ संघाडयं मंदो ॥ १५३ ॥

गौरविको गृद्धिको मायावी अलसलुब्धनिर्धर्मः ।
गच्छेपि संवसन् नेच्छति संघाटकं मंदः ॥ १५३ ॥

अर्थ—जो मुनि शिथिलाचारी है वह रिद्धि आदि गौरववाला, भोगोंकी इच्छा करनेवाला, कुटिल स्वभावी, उद्यम रहित, लोभी, पापबुद्धि हुआ मुनिसमूहमें रहकर भी दूसरेको नहीं चाहता। तीन पुरुषोंके समूहको गण तथा सात पुरुषोंके समूहको गच्छ जानना ॥ १५३ ॥

आगे सच्छंदीके अन्य भी पापस्थान बतलाते हैं;—

आणा अणवत्था विय मिच्छत्ताराहणादणासो य ।
संजमविराहणावि य एदे दु णिकाइया ठाणा ॥१५४॥

आज्ञाकोपः अनवस्थापि च मिथ्यात्वाराधनात्मनाशश्च ।
संयमविराधनापि च एते तु णिकाचितानि स्थानानि॥१५४

अर्थ—जो एकाकी सच्छंद विहार करता है उसके आज्ञाकोप, अतिप्रसंग, मिथ्यात्वकी आराधना, अपने सम्यग्दर्शनादिगुणोंका वा कार्यका घात, संयमका घात—ये पांच पापस्थान अवश्य होते हैं ॥ १५४ ॥

आगे कहते हैं कि जहां आधारभूत आचार्यादि न हों वहां न ठहरे;—

तत्थ ण कप्पइ वासो जत्थ इमे णत्थि पंच आधारा ।
आइरियउवज्झाया पवत्तथेरा गणधरा य ॥ १५५ ॥

तत्र न कल्पते वासः यत्रेमे न संति पंच आधाराः ।
आचार्योपाध्यायाः प्रवर्तकस्थविराः गणधराश्च ॥ १५५ ॥

अर्थ—ऐसे गुरुकुलमें रहना ठीक नहीं है कि जहां आचार्य,

उपाध्याय, प्रवर्तक, जिनसे आचरण स्थिर हो ऐसे स्थविर, और गणधर—ये पांच मुनिराज संघके आधारभूत न हों ॥ १५५ ॥

आगे इन पांचोंका लक्षण कहते हैं—

सिस्साणुग्गहकुसलो धम्मुवदेसो य संघवट्टवओ ।
मज्जादुवदेसोवि य गणपरिरक्खो मुणेयव्वो ॥ १५६ ॥

शिष्यानुग्रहकुशलः धर्मोपदेशकश्च संघप्रवर्तकः ।
मर्यादोपदेशकोपि च गणपरिरक्षः ज्ञातव्यः ॥ १५६ ॥

अर्थ—जो दीक्षादिकर शिष्योंके उपकार करनेमें चतुर हो वह आचार्य है, जो धर्मका उपदेश दे शास्त्र पढ़ावे वह उपाध्याय है, जो चर्या आदिकर संघका उपकार करे प्रवर्तावे वह प्रवर्तक है, जो संघकी रीति स्थिति प्राचीन परंपराकी मर्यादको बतलावे वह स्थविर है और जो गणको पाले रक्षा करे वह गणधर जानना ॥ १५६ ॥

आगे कहते हैं कि चलते हुए मार्गमें जो मिले उसे आचार्यके पास दे जाय;—

जं तेणंतरलद्धं सच्चित्ताचित्तमिस्सयं दव्वं ।
तस्स य सो आइरिओ अरिहदि एवंगुणो सोवि १५७

यत् तेनान्तरलब्धं सचित्ताचित्तमिश्रं द्रव्यं ।
तस्य च स आचार्यः अर्हति एवंगुणः सोपि ॥ १५७ ॥

अर्थ—चलते समय मार्गमें शिष्यादिक चेतन, पुस्तकादि अचेतन, पुस्तक सहित शिष्यादि मिश्र ये पदार्थ मिलें आप तो आगे कहे जानेवाले गुणोंवाला आचार्य ही इनसबके योग्य है अर्थात् इनको आचार्यके समीप दे जावे ॥ १५७ ॥

अब आचार्यके गुणोंको कहते हैं;—

संगहणुग्गहकुसलो सुत्तत्थविसारओ पहियकित्ती।
किरिआचरणसुजुत्तो गाहुयआदेज्जवयणो य॥ १५८॥

संग्रहानुग्रहकुशलः सूत्रार्थविशारदः प्रथितकीर्तिः।
क्रियाचरणसुयुक्तो ग्राह्यादेयवचनश्च ॥ १५८ ॥

अर्थ—दीक्षादेकर अपना करनारूप संग्रह व शास्त्रादिसे संस्काररूप अनुग्रह इन दोनोंमें चतुर हो, सिद्धांतके अर्थ जाननेमें अतिप्रवीण हो, जिसकी कीर्ति (गुण) सब जगह फैल रही हो, पंच नमस्कार छह आवश्यक आसिका निषेधिका रूप तेरहक्रिया तथा महाव्रतादि तेरहप्रकार चारित्रकर युक्त हो और जिसका वचन सुनने मात्र ही सब ग्रहण करें–ऐसे गुणोंवाला आचार्य कहा है ॥ १५८ ॥

गंभीरो दुद्धरिसो सूरो धम्मप्पभावणासीलो।
खिदिससिसायरसरिसो कमेण तं सो दु संपत्तो १५९.

गंभीरो दुर्धर्षः शूरः धर्मप्रभावनाशीलः।
क्षितिशशिसागरसदृशः क्रमेण तं स तु संप्राप्तः ॥ १५९ ॥

अर्थ—जो क्षोभरहित अर्थात् गुणोंवाला हो, जिसका अनादर परवादी न करसकें, कार्य करनेमें समर्थ हो, दानतपादिके अतिशयमें धर्म प्रभावना करनेवाला हो, क्षमा शांति निर्मलपनेसे पृथ्वीचंद्रमासमुद्रोंके समान हो–ऐसे गुणोंवाले आचार्यके पास शिष्य जावे ॥ १५९ ॥

आगे आये हुए शिष्यमुनिको देखकर दूसरे संघके क्या करें यह कहते हैं;—

आएसं एज्जंतं सहसा दट्ठूण संजदा सव्वे ।
वच्छल्लाणासंगहपणमणहेदुं समुट्ठंति ॥ १६० ॥
आयासेन आगच्छंतं सहसा दृष्ट्वा संयताः सर्वे ।
वात्सल्याज्ञासंग्रहप्रणमनहेतोः समुत्तिष्ठंते ॥ १६० ॥

अर्थ—परिश्रमकर अन्य संघसे आये हुए पाहुणे मुनिको देखकर शीघ्र ही सब संयमी वात्सल्य (प्रेम), सर्वज्ञआज्ञा पालन, नवीनमुनिको अपना करना, और नमस्कार करना—इन प्रयोजनोंके निमित्त उठकर खड़े होजाय ॥ १६० ॥

पच्चुग्गमणं किच्चा सत्तपदं अण्णमण्णपणमं च ।
पाहुणकरणीयकदे तिरयणसंपुच्छणं कुज्जा ॥ १६१ ॥
प्रत्युद्गमनं कृत्वा सप्तपदं अन्योन्यप्रणामं च ।
पादोष्णकरणीयकृते त्रिरत्नसंप्रश्नं कुर्यात् ॥ १६१ ॥

अर्थ—सात पैंड सन्मुख जाकर परस्पर नमस्कार करके पादोष्ण क्रिया करते हुए मुनि आये मुनिसे सम्यग्दर्शनादि रत्नत्रयका प्रश्न करें अर्थात् तुम्हारे रत्नत्रय शुद्ध वर्तते हैं ॥ १६१ ॥

आएसस्स तिरत्तं णियमा संघाडओ दु दादव्वो ।
किरियासंथारादिसु सहवासपरिक्खणाहेदुं ॥ १६२ ॥
आगतस्य त्रिरात्रं नियमात् संघाटकस्तु दातव्यः ।
क्रियासंस्तारादिषु सहवासपरीक्षणाहेतोः ॥ १६२ ॥

अर्थ—आये हुए अन्य संघके मुनिको स्वाध्याय संस्तर भिक्षा आदिका स्थान बतानेकेलिये तथा उसकी शुद्धताकी परीक्षा करनेकेलिये नियमसे सहायक मुनि साथमें रहनेको तीन दिन-राततक देना चाहिये ॥ १६२ ॥

आगे परीक्षा करनेका अन्य उपाय भी बतलाते हैं;—

आगंतुयवत्थव्वा पडिलेहाहिं तु अण्णमण्णेहिं ।
अण्णोण्णकरणचरणं जाणणहेदुं परिक्खंति ॥ १६३ ॥

आगंतुकवास्तव्याः प्रतिलेखनाभिस्तु अन्योन्याभिः ।
अन्योन्यकरणचरणं ज्ञानहेतुं परीक्षंते ॥ १६३ ॥

अर्थ—अन्य संघके आये हुए मुनि तथा उसीसंघके रहनेवाले मुनि आपसमें पीछी आदिसे की गई प्रतिलेखना क्रिया, तेरह प्रकार करण चारित्रके जाननेके लिये परस्पर एक दूसरेको देखकर परीक्षा करें ॥ १६३ ॥

कौन २ स्थानोंमें परीक्षाकरें यह कहते हैं;—

आवासयठाणादिसु पडिलेहणवयणगहणणिक्खेवे ।
सज्झाएगविहारे भिक्खग्गहणे परिच्छंति ॥ १६४ ॥

आवश्यकस्थानादिषु प्रतिलेखनवचनग्रहणनिक्षेपेषु ।
स्वाध्याये एकविहारे भिक्षाग्रहणे परीक्षंते ॥ १६४ ॥

अर्थ—छह आवश्यक व कायोत्सर्गक्रियाओंमें, पीछी आदिसे शोधन क्रिया, भाषा बोलनेकी क्रिया, पुस्तकादिके उठाने रखनेकी क्रिया, स्वाध्याय, एकाकी जानेआनेकी क्रिया, भिक्षाग्रहणार्थ चर्यामार्गमें–इन सब स्थानोंमें परस्पर परीक्षा करें ॥ १६४ ॥

अब आये हुए मुनि भी परीक्षा कैसे करें उसकी रीति बतलाते हैं;—

विस्समिदो तद्दिवसं मीमंसित्ता णिवेदयदि गणिणे ।
विणएणागमकज्जं विदिए तदिए व दिवसम्मि ॥ १६५ ॥

विश्रांतः तद्दिवसं मीमांसित्वा निवेदयति गणिने ।

विनयेनागमकार्यं द्वितीये तृतीये वा दिवसे ॥ १६५ ॥

अर्थ—आगंतुक मुनि आनेके दिन मार्गका खेद छोड विश्राम ले, उसके बाद आचार्योंकी परीक्षा कर अर्थात् उनका श्रद्धान ज्ञान आचरण शुद्ध जान विनयसे दूसरे दिन व तीसरे दिन अपने आनेका प्रयोजन आचार्यको निवेदन करे अथवा आचार्यके शिष्य आगंतुक मुनिकी परीक्षाकर आचरणोंको तथा उनके प्रयोजनको कहैं ॥ १६५ ॥

आगे ऐसा निवेदन करनेसे आचार्य क्या करे उसे कहते हैं;—

आगंतुकणामकुलं गुरुदिक्खामाणवरसवासं च ।
आगमणदिसासिक्खापडिकमणादी य गुरुपुच्छा १६६

आगंतुकनामकुलं गुरुर्दीक्षामानवर्षावासं च ।
आगमनदिशाशिक्षाप्रतिक्रमणादयश्च गुरुपृच्छा ॥ १६६ ॥

अर्थ—आचार्य अन्यसंघसे आये हुए मुनिसे ये बात पूछे कि तुमारा नाम व गुरुकी संतान क्या है, दीक्षाके देनेवाले आचार्य कैसे हैं, दीक्षाको लिये हुए कितना समय हुआ, वर्षाकाल (चौमासा) कहां विताया, कौनसी दिशासे आये, कौन २ से शास्त्र पढे हो कौन २ से सुने हैं, प्रतिक्रमण कितने हुए हैं। आदि शब्दसे तुमको क्या पढना है कितनी दूरसे आये हो इत्यादि जानना ॥ १६६ ॥

उसका उत्तर वह मुनि देवे उसका सरूप अच्छी तरह जानकर आचार्य क्या करे यह कहते हैं;—

जदि चरणकरणसुद्धो णिच्चुज्जुत्तो विणीद मेधावी।
तस्सिट्ठं कधिदव्वं सगसुदसत्तीए भणिऊण ॥१६७॥

यदि चरणकरणशुद्धो नित्योद्युक्तो विनीतो मेधावी ।
तस्येष्टं कथयितव्यं स्वकश्रुतशक्त्या भणित्वा ॥ १६७ ॥

अर्थ—जो वह मुनि तेरह प्रकार चारित्र तेरह प्रकार करणकर शुद्ध हो, नित्य उद्यमी हो–अतीचार न लगावे, विनयवान् हो, बुद्धिमान हो तो अपनी श्रुतज्ञानकी शक्ति कहकर उसके वांछितको वह आचार्य करे ॥ १६७ ॥

यदि आगंतुक ऐसा न हो तो आचार्यको कैसा करना उसे बतलाते हैं;—

जदि इदरो सोऽजोग्गो छेदमुवट्ठावणं च कादव्वं।
जदि णेच्छदि छंडेज्जो अह गेह्लादि सोवि छेदरिहो १६८

यदि इतरः स अयोग्यः छेदः उपस्थापनं च कर्तव्यः ।
यदि नेच्छति त्यजेत् अथ गृह्णाति सोपि छेदार्हः ॥१६८॥

अर्थ—जो वह आगंतुक मुनि चरणकरणसे अशुद्ध हो देव-वंदनाकर अयोग्य हो तो प्रायश्चित शास्त्रको देखकर छेद तथा उपस्थापना करना । जो वह छेदोपस्थापना स्वीकार न करे तो उसे छोड़ दे । और जो अयोग्यको भी मोहसे ग्रहण करे उसे प्रायश्चित्त न दे तो वह आचार्य भी प्रायश्चित्तके योग्य है ॥१६८॥

उसके बाद क्या करना चाहिये यह कहते हैं;—

एवं विधिणुववण्णो एवं विधिणेव सोवि संगहिदो ।
सुत्तत्थं सिक्खंतो एवं कुज्जा पयत्तेण ॥ १६९ ॥

एवं विधिना उपपन्नः एवंविधिनैव सोपि संगृहीतः ।
सूत्रार्थं शिक्षमाणः एवं कुर्यात् प्रयत्नेन ॥ १६९ ॥

अर्थ—पूर्वकथित विधिकर युक्त वह आगंतुक मुनि पूर्वोक्त

विधानकर ही आचार्योंसे आचरणकी शुद्धता करे और आचार्योंसे यत्नाचारपूर्वक सूत्रार्थ सीखे ॥ १६९ ॥

आगे यत्नाचार कैसे करे यह कहते हैं;—

पडिलेहिऊण सम्मं दव्वं खेत्तं च कालभावे य ।
विणयोवयारजुत्तेणज्झेदव्वं पयत्तेण ॥ १७० ॥

प्रत्यालेख्य सम्यक् द्रव्यं क्षेत्रं च कालभावौ च ।
विनयोपचारयुक्तेनाध्येतव्यं प्रयत्नेन ॥ १७० ॥

अर्थ—शरीरमें होनेवाले गूमडे घाव तथा भूमिगत चर्म हड्डी मूत्र पुरीष आदिको पीछी आदिसे शोधन करना द्रव्य शुद्धि है। भूमिको सौ हाथमात्र सोधना क्षेत्रशुद्धि है। संध्याका मेघगर्जनका बिजली चमकनेका अन्य उत्पातादिका काल छोड़ना कालशुद्धि है। क्रोधादि छोड़ना भावशुद्धि है। इसप्रकार द्रव्य क्षेत्र काल भाव इन चारोंकी शुद्धिको अच्छीतरह देख विनय उपचारकर सहित होके यत्नाचारकर वह मुनि अध्ययन करे (पढ़े) ॥ १७० ॥

जो द्रव्यादिकी शुद्धि न करे तो क्या हो यह कहते हैं;—

दव्वादिवदिक्कमणं करेदि सुत्तत्थसिक्खलोहेण ।
असमाहिमसज्झायं कलहं वाहिं वियोगं च ॥ १७१ ॥

द्रव्यादिव्यतिक्रमणं करोति सूत्रार्थशिक्षालोभेन ।
असमाधिरस्वाध्यायः कलहो व्याधिः वियोगश्च ॥ १७१ ॥

अर्थ—जो वह आगंतुक मुनि सूत्र अर्थके सीखनेके लोभसे (आसक्ततासे) द्रव्यादिकी शुद्धताका उलंघन करे अर्थात् शास्त्रका अविनय करे तो असमाधि अस्वाध्याय कलह रोग वियोग–ये दोष होते हैं ॥ १७१ ॥

यह शुद्धि केवल पठननिमित्त नहीं है जीवदयाके निमित्त भी है;—

संथारवासयाणं पाणीलेहाहिं दंसणुज्जोवे ।
जत्तेणुभये काले पडिलेहा होदि कायव्वा ॥ १७२ ॥

संस्तारावकाशानां पाणिरेखाभिः दर्शनोद्योते ।
यत्नेनोभयोः कालयोः प्रतिलेखा भवति कर्तव्या ॥ १७२॥

अर्थ—शुद्ध भूमि शिला काठ तृणसमूहरूप चार प्रकार संस्तर और संस्तरका प्रदेश (जगह) इनके ग्रहणका व छोड़नेका प्रातः सायं (सवेरे सांझ) दोनों कालोंमें हाथकी रेखा दीखे ऐसा नेत्रोंका प्रकाश होनेपर यत्नाचारसे सोधन करना ॥ १७२ ॥

वह आगंतुक दूसरे संघमें स्वेच्छाचारी नहीं प्रवर्ते;—

उब्भामगादिगमणे उत्तरजोगे सकज्जयारंभे ।
इच्छाकारणिजुत्ते आपुच्छा होइ कायव्वा ॥ १७३ ॥

उद्भामकादिगमने उत्तरयोगे स्वकार्यारंभे ।
इच्छाकारनियुक्ता आपृच्छा भवति कर्तव्या ॥ १७३ ॥

अर्थ—ग्राम भिक्षा चर्या व्युत्सर्गादिककेलिये गमनमें, वृक्ष मूलादि योगोंके धारणमें, अपने प्रयोजनके आरंभमें, करनेके अभिप्राय सहित प्रणाम करके दूसरे संघमें भी आचार्योंको पूछना चाहिये ॥ १७३ ॥

आगे कहते हैं कि वैयावृत्त्य भी वैसे ही करे;—

गच्छे वेज्जावच्चं गिलाणगुरुबालवुड्ढसेहाणं ।
जहजोगं कादव्वं सगसत्तीए पयत्तेण ॥ १७४ ॥

गच्छे वैयावृत्त्यं ग्लानगुरुबालवृद्धशैक्षाणां ।

यथायोग्यं कर्तव्यं स्वकशक्त्या प्रयत्नेन ॥ १७४ ॥

अर्थ—ऋषियोंके समुदायमें रोगादिकर पीड़ित शक्तिवाले, दीक्षागुरु आदि गुरु, नये दीक्षित, बुढापेसे जीर्ण वा दीक्षासे अधिक, शास्त्र पढनेमें उद्यमी वा स्वार्थपर निर्गुणी—इन सबकी यथायोग्य अपनी शक्तिको नहीं छिपाके यत्नाचारसे शरीरकी सेवा (टहल) करना चाहिये ॥ १७४ ॥

आगे परगणमें वंदनादि क्रिया भी अकेला न करे मिलके करे ऐसा कहते हैं;—

दिवसियरादियपक्खियचाउम्मासियवरिस्सकिरियासु
रिसिदेवचंदणादिसु सहजोगो होदि कादव्वो ॥१७५॥

दैवसिकीरात्रिकीपाक्षिकीचातुर्मासिकीवार्षिकीक्रियासु ।
ऋषिदेववंदनादिषु सहयोगो भवति कर्तव्यः ॥ १७५ ॥

अर्थ—दिनमें होनेवाली, रात्रिकी, पक्ष संबंधी, चौमासेकी, वर्षसंबंधी क्रियाओंको तथा साधुवंदना देववंदना आदि क्रियाओंको साथ (मिलकर) ही करना चाहिये ॥ १७५ ॥

कोई दोषलगे तो उसका प्रायश्चित्त भी वहां ही करे;—

मणवयणकायजोगेणुप्पण्णवराध जस्स गच्छम्मि ।
मिच्छाकारं किचा णियत्तणं होदि कायव्वं ॥ १७६ ॥

मनोवचनकाययोगैः उत्पन्नापराधः यस्य गच्छे ।
मिथ्याकारं कृत्वा निवर्तनं भवति कर्तव्यम् ॥ १७६ ॥

अर्थ—मनवचनकायकी क्रियाओंकर जिसके गच्छमें अतीचाररूप दोष लगे उसे उसीके गच्छमें मिथ्याकाररूप पश्चाताप करके दूर करदेना चाहिये ॥ १७६ ॥

आगे उस गच्छमें आगंतुक मुनि आर्यिकाओंके साथ कैसे वर्ते यह कहते हैं;—

अज्जागमणे काले ण अत्थिदव्वं तहेव एक्केण ।
ताहिं पुण सल्लावो ण य कायव्वो अकज्जेण ॥ १७७ ॥

आर्यागमने काले न स्थातव्यं तथैवैकेन ।
ताभिः पुनः संलापो न च कर्तव्योऽकार्येण ॥ १७७ ॥

अर्थ—आर्या आदि स्त्रियोंके आनेके समय मुनिको वनमें अकेला नहीं रहना चाहिये और उनके साथ धर्मकार्यादि प्रयोजनके विना बोले नहीं । धर्मके निमित्त यदि कोईसमय बोलना हो तो संक्षेपवचन कहे ॥ १७७ ॥

तासिं पुण पुच्छाओ एक्कस्से णय कहेज्ज एक्को दु ।
गणिणीं पुरओ किचा जदि पुच्छइ तो कहेदव्वं १७८

तासां पुनः पृच्छा एकस्या नैव कथयेत् एकस्तु ।
गणिनीं पुरतः कृत्वा यदि पृच्छति ततः कथयितव्यं १७८

अर्थ—उन आर्याओंमेंसे फिर एक आर्या कुछ पूछे तो निंदाके भयसे अकेला न कहे । यदि प्रधान अर्जिकाको अगाड़ी करके पूछे तो उसका उत्तर कहदेना चाहिये ॥ १७८ ॥

तरुणो तरुणीए सह कहा व सल्लावणं च जदि कुज्जा ।
आणाकोवादीया पंचवि दोसा कदा तेण ॥ १७९ ॥

तरुणः तरुण्या सह कथां वा संलापं च यदि कुर्यात् ।
आज्ञाकोपादयः पंचापि दोषाः कृताः तेन ॥ १७९ ॥

अर्थ—युवावस्थावाला मुनि जवान स्त्रीके साथ कथा व

हास्यादिमिश्रित वार्तालाप करे तो उसने आज्ञाकोप आदि पांचों ही दोष (पाप) किये ऐसा जानना ॥ १७९ ॥

णो कप्पदि विरदाणं विरदीणमुवासयम्मि चिट्ठेदुं ।
तत्थ णिसेज्जउवट्टणसज्झाहारभिक्खवोसरणे ॥१८०॥

न कल्पते विरतानां विरतीनामुपाश्रये स्थातुम् ।
तत्र निषधोद्वर्तनस्वाध्यायाहारभिक्षाव्युत्सर्जनानि ॥१८०॥

अर्थ—संयमी मुनियोंको आर्यिकाओंकी वसतिकामें ठहरना योग्य नहीं है । और वहां बैठना, सोना, स्वाध्यायकरना, आहार व भिक्षा ग्रहण करना तथा प्रतिक्रमणादि व मलका त्याग इत्यादि क्रियायें भी नहीं करनी चाहिये ॥ १८० ॥ आर्याओंकर बनाया भोजन आहार व श्राविकाओंकर बनाया हुआ भोजन भिक्षा भोजन कहलाता है ।

आगे कहते हैं कि स्थविरपन आदि गुणवाला भी स्त्रीसंगतिसे बिगड़ जाता है;—

थेरं चिरपव्वइयं आयरियं बहुसुदं च तवसिं वा ।
ण गणेदि काममलिणो कुलमवि समणो विणासेइ१८१

स्थविरं चिरप्रव्रजितं आचार्यं बहुश्रुतं च तपस्विनं वा ।
न गणयति काममलिनः कुलमपि श्रमणः विनाशयति॥१८१

अर्थ—कामवासनासे मैले चित्तवाला मुनि आज्ञाके महत्वको, बहुतकालकी दीक्षाको, अपनी आचार्यपदवीको, उपाध्याय (सब शास्त्रोंका जानकर) पनेको, बेला तेला आदि तपसे हुए तापसीपनको, तथा अपनी कुलपरंपराको नहीं गिनता है सबको नष्ट कर देता है और अपने सम्यक्त्वादि गुणोंका भी नाश करता है ॥ .

१ मुख्य०

यदि आत्माके गुणोंका नाश न करे परंतु निंदाको अवश्य पाता है;—

कण्णं विधवं अंतेउरियं तह सइरिणी सलिंगं वा।
अचिरेणल्लियमाणो अववादं तत्थ पप्पोदि ॥ १८२ ॥

कन्यां विधवां आंतःपुरिकां तथा स्वैरिणीं सलिंगिनीं वा।
अचिरेणालाप्यमानः अपवादं तत्र प्राप्नोति ॥ १८२ ॥

अर्थ—कन्या, विधवा, रानी वा विलासिनी, स्वेच्छाचारिणी, दीक्षा धारण करनेवाली ऐसी स्त्रियोंसे क्षणमात्र भी वार्तालाप करता हुआ मुनिराज है वह लोकनिंदाको पाता है ॥ १८२ ॥

आर्याओंकी संगति छोड़नेसे उनके प्रतिक्रमणादि कैसे होसकते हैं उसे कहते हैं;—

पियधम्मो दढधम्मो संविग्गोऽवज्जभीरु परिसुद्धो।
संगहणुग्गहकुसलो सददं सारक्खणाजुत्तो ॥ १८३ ॥

प्रियधर्मा दृढधर्मा संविग्नः अवद्यभीरुः परिशुद्धः।
संग्रहानुग्रहकुशलः सततं साररक्षणायुक्तः ॥ १८३ ॥

अर्थ—आर्यकाओंका गणधर ऐसा होना चाहिये कि, उत्तम क्षमादि धर्म जिसको प्रिय हो, दृढ धर्मवाला हो, धर्ममें हर्ष करनेवाला हो पापसे डरता हो, सबतरहसे शुद्ध हो अर्थात् अखंडित आचरणवाला हो, दीक्षाशिक्षादि उपकारकर नया शिष्य बनाने व उसका पालन करनेमें चतुर हो और हमेशा शुभक्रियायुक्त हो हितोपदेशी हो ॥ १८३ ॥

गंभीरो दुद्धरिसो मिदवादी अप्पकोदुहल्लो य।
चिरपव्वइ गिहिदत्थो अज्जाणं गणधरो होदि ॥१८४॥

गंभीरो दुर्धर्षो मितवादी अल्पकुतूहलश्च ।
चिरप्रव्रजितः गृहीतार्थः आर्याणां गणधरो भवति॥१८४॥

अर्थ—गुणोंकर अगाध हो, परवादियोंसे दबनेवाला न हो, थोड़ा बोलनेवाला हो, अल्प विस्मय जिसके हो, बहुतकालका दीक्षित हो और आचार प्रायश्चित्तादि ग्रंथोंका जाननेवाला हो। ऐसा आचार्य आर्याओंको उपदेश देसकता है ॥ १८४ ॥

एवंगुणवदिरित्तो जदि गणधरित्तं करेदि अज्जाणं ।
चत्तारि कालगा से गच्छादि विराहणा होज्ज ॥१८५॥

एवंगुणव्यतिरिक्तः यदि गणधरत्वं करोति आर्याणाम् ।
चत्वारः कालकाः तस्य गच्छादयः विराधिता भवेयुः१८५

अर्थ—इन पूर्वकथित गुणोंसे रहित मुनि जो आर्यिकाओंका गणधरपना करता है उसके गणपोषण आदि चार काल तथा गच्छ आदिकी विराधना (नाश) होती है ॥ १८५ ॥

किं बहुणा भणिदेण दु जा इच्छा गणधरस्स सा सव्वा ।
कादव्वा तेण भवे एसेव विधी दु सेसाणं ॥ १८६ ॥

किं बहुना भणितेन तु या इच्छा गणधरस्य सा सर्वा ।
कर्तव्या तेन भवेत् एषैव विधिस्तु शेषाणाम् ॥ १८६ ॥

अर्थ—बहुत कहनेसे क्या लाभ, जैसी आचार्यकी इच्छा हो वैसे ही आगंतुक मुनिको करना चाहिये। और शेष मुनियोंको भी अर्थात् अपने गणमें रहनेवालोंको भी ऐसा ही करना चाहिये ॥ १८६ ॥

आगे आर्याओंका समाचार कहते हैं;—

एसो अज्जाणंपि अ सामाचारो जधाक्खिओ पुव्वं ।

सव्वह्मि अहोरत्ते विभासिदव्वो जधाजोग्गं ॥१८७॥

एष आर्याणामपि च समाचारः यथाख्यातः पूर्वम् ।
सर्वस्मिन् अहोरात्रे विभाषितव्यो यथायोग्यं ॥ १८७ ॥

अर्थ—जैसे पूर्व मुनिराजोंका समाचार कहागया है वही सब रातदिनका आचरण आर्याओंका भी यथायोग्य जानना । वृक्षमूलादियोग आर्याओंके नहीं होते ॥ १८७ ॥

वसतिकामें आर्यिकाओंका वर्ताव कहते हैं;—

अण्णोण्णणुकूलाओ अण्णोण्णहिरक्खणाभिजुत्ताओ।
गयरोसवेरमाया सलज्जमज्जादकिरियाओ ॥ १८८ ॥

अन्योन्यानुकूलाः अन्योन्याभिरक्षणाभियुक्ताः ।
गतरोषवैरमायाः सलज्जामर्यादाक्रियाः ॥ १८८ ॥

अर्थ—आर्यिका आपसमें अनुकूल रहती हैं ईर्षाभाव नहीं करतीं, आपसमें प्रति पालनमें तत्पर रहती हैं, क्रोध वैर मायाचारी इन तीनोंसे रहित होतीं हैं । लोकापवादसे भयरूप लज्जापरिणाम, न्यायमार्गमें प्रवर्तनेरूप मर्यादा, दोनों कुलके योग्य आचरण–इन गुणोंकर सहित होती हैं ॥ १८८ ॥

अज्झयणे परियट्टे सवणे कहणे तहाणुपेहाए ।
तवविणयसंजमेसु य अविरहिदुपओगजुत्ताओ॥१८९॥

अध्ययने परिवर्ते श्रवणे कथने तथानुप्रेक्षासु ।
तपोविनयसंयमेषु च अविरहिता उपयोगयुक्ताः ॥ १८९ ॥

अर्थ—शास्त्र पढनेमें, पढे शास्त्रके पाठ करनेमें, शास्त्र सुननेमें, श्रुतके चिंतवनमें अथवा अनित्यादि भावनाओंमें, और तप

विनय संयम इन सबमें आर्यिकायें तत्पर रहती हैं तथा ज्ञाना-भ्यास शुभयोगमें युक्त रहतीं हैं ॥ १८९ ॥

अविकारवत्थवेसा जल्लमलविलित्तचत्तदेहाओ।
धम्मकुलकित्तिदिक्खापडिरूपविसुद्धचरियाओ १९०

अविकारवस्त्रवेशाः जल्लमलविलिप्तत्यक्तदेहाः ।
धर्मकुलकीर्तिदीक्षाप्रतिरूपविशुद्धचर्याः ॥ १९० ॥

अर्थ—जिनके वस्त्र विकाररहित होते हैं, शरीरका आकार भी विकार रहित होता है, शरीर पसेव व मलकर लिप्त है तथा संस्कार (सजावट) रहित है । क्षमादि धर्म, गुरु आदिकी संता-नरूप कुल, यश, व्रत इनके समान जिनका शुद्ध आचरण है ऐसी आर्यिकायें होतीं हैं ॥ १९० ॥

अगिहत्थमिस्सणिलये असण्णिवाए विसुद्धसंचारे।
दो तिण्णि व अज्जाओ बहुगीओ वा सहत्थंति॥१९१॥

अगृहस्थमिश्रनिलये असंनिपाते विशुद्धसंचारे ।
द्वे तिस्रो वा आर्या बह्व्यो वा सह तिष्ठंति ॥ १९१ ॥

अर्थ—जहां असंयमी न रहैं ऐसे स्थानमें, बाधारहित स्थानमें क्लेशरहित गमन योग्य स्थानमें दो तीन अथवा बहुत आर्यिका एक साथ रहसकती हैं ॥ १९१ ॥

ण य परगेहमकज्जे गच्छे कज्जे अवस्स गमणिज्जे।
गणिणीमापुच्छित्ता संघाडेणेव गच्छेज्ज ॥ १९२ ॥

न च परगेहमकार्ये गच्छेयुः कार्ये अवश्यं गमनीये ।
गणिनीमापृच्छ्य संघाटेनैव गच्छेयुः ॥ १९२ ॥

अर्थ—आर्यिकाओंको विना प्रयोजन पराये स्थानपर नहीं

जाना चाहिये। यदि अवश्य जाना हो तो भिक्षा आदि काल बड़ी आर्यिकाको पूछकर अन्य आर्यिकाओंको साथ लेकर ह जाना चाहिये ॥ १९२ ॥

आगे अर्जिकाओंको इतनी क्रियायें नहीं करनीं चाहिये;—

रोदणण्हाणभोयणपयणं सुत्तं च छव्विहारंभे।
विरदाण पादमक्खणधोवण गेयं च ण य कुज्जा १९३

रोदनस्नपनभोजनपचनं सूत्रं च षड्विधारंभान्।
विरतानां पादम्रक्षणधावनं गीतं च न च कुर्युः ॥ १९३ ॥

अर्थ—आर्यिकाओंको अपनी वसतिकामें तथा अन्यके घरमें रोना नहीं चाहिये, बालकादिकोंको स्नान नहीं कराना। बालकादिकोंको जिमाना, रसोई करना, सूत कातना, सीना, असि मषि आदि छह कर्म करना, संयमीजनोंके पैर धोना साफ करना, रागपूर्वक गीत, इत्यादि क्रियाएं नहीं करना चाहिये ॥ १९३ ॥

तिण्णि व पंच व सत्त व अज्जाओ अण्णमण्णरक्खाओ।
थेरीहिं सहंतरिदा भिक्खाय समोदरंति सदा॥१९४॥

तिस्रो वा पंच वा सप्त वा आर्या अन्योन्यरक्षाः।
स्थविराभिः सहांतरिता भिक्षार्थं समवतरंति सदा ॥ १९४ ॥

अर्थ—अर्जिकायें भिक्षाकेलिये अथवा आचार्यादिकोंकी वंदनाकेलिये तीन व पांच व सात मिलकर जावें। आपसमें एक दूसरेकी रक्षा करे तथा वृद्धा अर्जिकाके साथ जावें ॥ १९४ ॥

आगे वंदना करनेकी रीति बतलाते हैं;—

पंच छ सत्त हत्थे सूरी अज्झावगो य साधू य।
परिहरिऊणज्जाओ गवासणेणेव वंदंति ॥ १९५ ॥

पंच पट् सप्त हस्तान् सूरिं अध्यापकं च साधुंश्च ।
परिहृत्य आर्याः गवासनेनैव वंदंते ॥ १९५ ॥

अर्थ—आर्यिकायें आचार्योंको पांच हाथ दूरसे उपाध्यायको छहहाथ दूरसे और साधुओंको सात हाथ दूरसे गौके आसनसे बैठकर वंदना करती हैं। आलोचना अध्ययन स्तुति भी करती हैं॥१९५॥

आगे समाचारका फल कहते हैं;—

एवंविहाणचरियं चरंति जे साधवो य अज्जाओ।
ते जगपुज्जं कित्तिं सुहं च लद्धूण सिज्झंति ॥ १९६ ॥

एवंविधानचर्यां चरंति ये साधवश्च आर्याः ।
ते जगत्पूजां कीर्तिं सुखं च लब्ध्वा सिध्यंति ॥ १९६ ॥

अर्थ—जो साधु अथवा आर्यिका इसप्रकार आचरण करते हैं वे जगतमें पूजा यश व सुखको पाकर मोक्षको पाते हैं ॥ १९६॥

आगे ग्रंथकार अपनी लघुता दिखलाते हैं;—

एवं सामाचारो बहुभेदो वण्णिदो समासेण ।
वित्थारसमावण्णो वित्थरिदव्वो बुहजणेहिं ॥१९७॥

एवं समाचारः बहुभेदो वर्णितः समासेन ।
विस्तारसमापन्नो विस्तारयितव्यो बुधजनैः ॥ १९७ ॥

अर्थ—इसप्रकार मैंने संक्षेपसे बहुत भेदवाला समाचार अर्थात् आगमप्रसिद्ध अनुष्ठान वर्णन किया है, इसका विस्तारकथन बुद्धिमानोंको विस्तारित करना चाहिये ॥ १९७ ॥

इसप्रकार आचार्यश्रीवट्टकेरिविरचित मूलाचारकी हिंदीभाषा-टीकामें समाचारोंको कहनेवाला चौथा समाचाराधिकार समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

पंचाचाराधिकार ॥ ५ ॥

आगे पंचाचारोंको कहते हुए मंगलाचरण करते हैं;—

तिहुयणमंदिरमहिदे तिलोयबुद्धे तिलोगमत्थत्थे।
तेलोक्कविदिदवीरे तिविहेण य पणमिदे सिद्धे ॥१९८॥

त्रिभुवनमंदिरमहितान् त्रिलोकबुद्धान् त्रिलोकमस्तकस्थान्।
त्रैलोक्यविदितवीरान् त्रिविधेन च प्रणिपतामि सिद्धान्१९८

अर्थ—तीन लोकके स्वामी इंद्रादिकर पूजित, तीनलोकके जाननेवाले, तीनलोकके मस्तक सिद्धक्षेत्रपर विराजमान तीनलोकमें प्रसिद्ध पराक्रमवाले ऐसे सिद्धोंको मैं नमस्कार करता हूं ॥ १९८ ॥

दंसणणाणचरित्ते तव्वे विरियाचरम्हि पंचविहे।
वोच्छं अदिचारेऽहं कारिद अणुमोदिदे अ कदे॥१९९॥

दर्शनज्ञानचारित्रे तपसि वीर्याचारे पंचविधे।
वक्ष्ये अतीचारान् अहं कारितान् अनुमोदितान् च कृतान् ॥

अर्थ—सम्यग्दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चारित्राचार, तपआचार वीर्याचार–इस तरह पंच आचारोंमें कृत कारित अनुमोदनासे होनेवाले अतीचारोंको (दोषोंको) मैं कहता हूं ॥ १९९ ॥

आगे दर्शनाचारके अतीचार कहते हैं;—

दंसणचरणविसुद्धी अट्ठविहा जिणवरेहिं णिद्दिट्ठा।
दंसणमलसोहणयं वोच्छं तं सुणह एगमणा ॥ २०० ॥

दर्शनचरणविशुद्धिः अष्टविधा जिनवरैः निर्दिष्टा।
दर्शनमलशोधनकं वक्ष्ये तत् शृणुत एकमनसः ॥ २०० ॥

अर्थ—दर्शनाचारकी निर्मलता जिनेंद्रभगवानने अष्टप्रकारकी कही है वह सम्यक्त्वके मल (अतीचार) को दूर करनेवाली है। उसे मैं कहता हूं सो हे शिष्यजनो! एकचित्त होकर तुम सुनो ॥ २०० ॥

णिस्संकिद णिक्कंखिद णिव्विदगिच्छा अमूढदिट्ठी य।
अर्थ—जहांपर बाल (अज्ञानी) भ्रमण करता है आचरण करता है वहां ही त्यागी साधु भी आचरण व भ्रमण करता है, परंतु अज्ञानी लिप्त होनेसे बंधता है और त्याग करनेवाला साधु यत्नाचारमें लीन होनेसे कर्मोंसे मुक्त होता है ॥ ३२९ ॥

तम्हा चेट्ठिदुकामो जइया तइया भवाहि तं समिदो।
समिदो हु अण्ण णादियदि खवेदि पोराणयं कम्मं॥३३०

तस्मात् चेष्टितुकामो यदा तदा भव त्वं समितः।
समितः खलु अन्यत् नाददाति क्षपयति पुराणं कर्म ॥३३०॥

अर्थ—इसकारण हे मुनि! जब गमनकरनेकी इच्छा है तब तू समितिमें परिणत हो, क्योंकि जो मुनि समितिमें परिणत होता है वह नवीन कर्मोंको तो ग्रहण नहीं करता और पुराने कर्मोंको क्षय करता है ॥ ३३०॥

अब गुप्तिका स्वरूप कहते हैं;—

मणवचकायपउत्ती भिक्खू सावज्जकज्जसंजुत्ता।
खिप्पं णिवारयंतो तीहिं दु गुत्तो हवदि एसो॥३३१॥

मनोवाक्कायप्रवृत्तिं भिक्षुः सावद्यकार्यसंयुक्तां ।
क्षिप्रं निवारयन् त्रिभिस्तु गुप्तो भवति एषः ॥ ३३१ ॥

अर्थ—हिंसादिकार्योंसे मिलीहुई मन वचन कायकी प्रवृत्तिको शीघ्र ही दूर करता हुआ साधु है वह तीन गुप्तिका धारक होता है ॥ ३३१ ॥

जा रागादिणियत्ती मणस्स जाणाहि तं मणोगुत्ती ।
अलियादिणियत्ती वा मोणं वा होदि वचिगुत्ती॥३३२॥

या रागादिनिवृत्तिः मनसः जानीहि तां मनोगुप्तिं ।
अलीकादिनिवृत्तिः वा मौनं वा भवति वचोगुप्तिः॥३३२॥

अर्थ—जो मनकी रागद्वेष आदिसे निवृत्ति (त्याग) है उसे मनोगुप्ति समझो, और जो असत्य वचनोंका त्याग अथवा मौनकर ध्यान आदि वह वचनगुप्ति है ॥ ३३२ ॥

कायकिरियाणियत्ती काउस्सग्गो सरीरगे गुत्ती ।
हिंसादिणियत्ती वा सरीरगुत्ती हवदि एसा ॥ ३३३ ॥

कायक्रियानिवृत्तिः कायोत्सर्गः शरीरके गुप्तिः ।
हिंसादिनिवृत्तिर्वा शरीरगुप्तिर्भवति एषा ॥ ३३३ ॥

अर्थ—शरीरसंबंधी चेष्टाकी अप्रवृत्ति वह शरीरगुप्ति है अथवा कायोत्सर्ग अथवा हिंसादिमें प्रवृत्ति न होना वह भी शरीरगुप्ति है ॥ ३३३ ॥

खेत्तस्स वई णयरस्स खाइया अहव होइ पायारो ।
तह पावस्स णिरोहो ताओ गुत्तीओ साहुस्स॥३३४॥

क्षेत्रस्य वृतिः नगरस्य खातिका अथवा भवति प्राकारः ।
तथा पापस्य निरोधः ताः गुप्तयः साधोः ॥ ३३४ ॥

अर्थ—जैसे अनाजके खेतकी रक्षाके लिये बाढ़ि होती है अथवा नगरकी रक्षारूप खाई तथा कोट होता है उसीतरह पापके रोकनेके लिये संयमी साधुके ये गुप्तियां होतीं हैं ॥ ३३४ ॥

तम्हा तिविहेण तुमं णिच्चं मणवयणकायजोगेहिं ।
होहिसु समाहिदमई णिरंतरं झाण सज्झाए ॥ ३३५॥

तस्मात् त्रिविधेन त्वं नित्यं मनोवचनकाययोगैः ।
भव समाहितमतिः निरंतरं ध्याने स्वाध्याये ॥ ३३५ ॥

अर्थ—इसकारण हे साधु तू कृत कारित अनुमोदना सहित मनवचनकायके योगों (प्रवृत्ति) से हमेशा ध्यान और स्वाध्यायमें सावधानीसे चित्तको लगा ॥ ३३५ ॥

एताओ अट्ठपवयणमादाओ णाणदंसणचरित्तं ।
रक्खंति सदा मुणिणो मादा पुत्तं व पयदाओ॥३३६॥

एता अष्टप्रवचनमातरः ज्ञानदर्शनचारित्रं ।
रक्षंति सदा मुनेः माता पुत्रमिव प्रयताः ॥ ३३६ ॥

अर्थ—ये पांच समिति तीन गुप्तिरूप आठ प्रवचनमातायें मुनिके ज्ञान दर्शन चारित्रकी सदा ऐसे रक्षा करतीं हैं कि जैसे सावधान माता पुत्रकी रक्षा करती हो ॥ ३३६ ॥

आगे व्रतोंकी भावनाओंको कहते हैं;—

एसणणिक्खेवादाणिरियासमिदी तहा मणोगुत्ती ।
आलोयभोयणंपि य अहिंसाए भावणा पंच ॥३३७॥

एषणानिक्षेपादानेर्यासमितयः तथा मनोगुप्तिः ।
आलोक्यभोजनमपि च अहिंसाया भावनाः पंच ॥३३७॥

अर्थ—एषणासमिति, निक्षेपादानसमिति, ईर्यासमिति, मनो-

गुप्ति और देखकर अन्न पान लेनारूप आलोकपानभोजन–ये पांच अहिंसाव्रतकी पूर्णताकी भावनायें हैं ॥ ३३७ ॥

कोहभयलोहहासपइण्णा अणुवीचिभासणं चेव ।
बिदियस्स भावणाओ वदस्स पंचेव ता होंति॥३३८॥

क्रोधभयलोभहासप्रतिज्ञाः अनुवीचिभाषणं चैव ।
द्वितीयस्य भावनाः व्रतस्य पंचैव ता भवंति ॥ ३३८ ॥

अर्थ—क्रोध भय लोभ हास्य इनका त्याग और सूत्रानुसार बोलना–ये पांच सत्यव्रतकी भावनायें हैं ॥ ३३८ ॥

जायणसमणुण्णमणा अणण्णभावोवि चत्तपडिसेवी ।
साधम्मिओवकरणस्सणुवीचीसेवणं चावि ॥ ३३९ ॥

याच्ञा समनुज्ञापना अनन्यभावोपि त्यक्तप्रतिसेवी ।
साधर्मिकोपकरणस्यानुवीचिसेवनं चापि ॥ ३३९ ॥

अर्थ—आचार्यादिसे प्रार्थनाकर पुस्तकादि लेना, जिसके उपकरण हैं उसको जताकर लेना, दुष्टभाव अर्थात् परकी वस्तुमें आत्मबुद्धि न ...ना, निर्दोष धर्मोपकरण ग्रहण करना अथवा वियत (आचार्य) की सेवा करना, साधर्मियोंके पुस्तक पीछी आदि उपकरणोंको आगमके अनुसार सेवना–ऐसे ये अचौर्यमहाव्रतकी पांच भावनायें हैं ॥ ३३९ ॥

महिलालोयण पुव्वरदिसरणं संसत्तवसधिविकहाहिं ।
पणिदरसेहिं य विरदी य भावणा पंच बम्हस्सि ॥३४०॥

महिलालोकनं पूर्वरतिस्मरणं संसक्तवसतिविकथाभ्यः ।
प्रणीतरसेभ्यश्च विरतिश्च भावनाः पंच ब्रह्मणि ॥ ३४० ॥

अर्थ—दुष्ट परिणामोंसे स्त्रियोंको देखना, पहले भुक्त अव-

स्त्रीके भोगोंको याद करना, द्रव्यसहित अथवा रागसहित वसतिका होना, संयमके विरुद्ध दुष्ट रागकथा करना, इष्टरूप पुष्टि करनेवाला मद करनेवाला आहार–इन पांचोंसे विरक्त होना त्याग करना ये पांच ब्रह्मचर्य महाव्रतकी भावनायें हैं ॥ ३४० ॥

अपरिग्गहस्स मुणिणो सद्दप्फरिसरसरूवगंधेसु ।
रागदोसादीणं परिहारो भावणा पंच ॥ ३४१ ॥

अपरिग्रहस्य मुनेः शब्दस्पर्शरसरूपगंधेषु ।
रागद्वेषादीनां परिहारः भावनाः पंच ॥ ३४१ ॥

अर्थ—परिग्रहरहित मुनिके शब्द स्पर्श रस रूप गंध इन पांच विषयोंमें राग द्वेष न होना–ये पांच, भावना परिग्रहत्याग महाव्रतकी हैं ॥ ३४१ ॥

ण करेदि भावणाभाविदो हु पीलं वदाण सव्वेसिं ।
साधू पासुत्तो स मणागवि किं दाणि वेदंतो ॥ ३४२॥

न करोति भावनाभावितो हि पीडां व्रतानां सर्वेषां ।
साधुः प्रसुप्तः स मनागपि किमिदानीं वेदयन् ॥ ३४२ ॥

अर्थ—पचीस भावनाओंको भाता मुनि सोता हुआ भी व्रतोंकी विराधना नहीं करता तो जागत अवस्थाकी क्या बात है। स्वप्नमें भी उन भावनाओंको ही देखता है व्रतोंकी विराधना नहीं देखता ॥ ३४२ ॥

एदाहिं भावणाहिं दु तम्हा भावेहि अप्पमत्तो तुं ।
अच्छिद्दाणि अखंडाणि ते भविस्संति हु वदाणि॥३४३॥

एताभिः भावनाभिस्तु तस्मात् भावय अप्रमत्तस्त्वं ।
अच्छिद्राणि अखंडानि ते भविष्यंति खलु व्रतानि ॥३४३॥

अर्थ—इसलिये प्रमादरहित हुआ तू इन भावनाओंसे आत्माका चिंतवन कर क्योंकि इनके भावनेसे निश्चयकर निर्दोष संपूर्ण व्रत तेरे होंगे ॥ ३४३ ॥

अब तपाचार कहनेकी प्रतिज्ञा करते हैं;—

एसो चरणाचारो पंचविधो वण्णिदो समासेण।
एत्तो य तवाचारं समासदो वण्णयिस्सामि ॥ ३४४ ॥

एष चरणाचारः पंचविधो वर्णितः समासेन ।
इतश्च तप आचारं समासतो वर्णयिष्यामि ॥ ३४४ ॥

अर्थ—इसतरह ये पांच प्रकारका चारित्राचार संक्षेपसे कहा यहांसे आगे तपाचारको संक्षेपसे कहता हूं ॥ ३४४ ॥

दुविहो य तवाचारो बाहिर अब्भंतरो मुणेयव्वो ।
एक्केको विय छद्धा जधाकमं तं परूवेमो ॥ ३४५ ॥

द्विविधश्च तप आचारः बाह्य आभ्यंतरो ज्ञातव्यः ।
एकैकोपि च षोढा यथाक्रमं तं प्ररूपयामि ॥ ३४५ ॥

अर्थ—तपाचारके दो भेद हैं-बाह्य, आभ्यंतर । उनमेंसे भी एक एकके छह छह भेद जानना । उनको मैं क्रमसे कहता हूं ॥ ३४५ ॥

आगे बाह्यतपका वर्णन करते हैं;—

अणसण अवमोदरियं रसपरिचाओ य वुत्तिपरिसंखा।
कायस्स च परितावो विवित्तसयणासणं छट्ठं ॥३४६॥

अनशनं अवमौदर्यं रसपरित्यागश्च वृत्तिपरिसंख्या ।
कायस्य च परितापो विविक्तशयनासनं षष्ठं ॥ ३४६ ॥

अर्थ—अनशन, अवमोदर्य, रसपरित्याग, वृत्तिकी परिसंख्या,

अन्यान्यपि एवमादीनि बोद्धव्यानि निरवकांक्षाणि॥१४९॥

अर्थ—मरणपर्यंत चारों प्रकारके आहारका त्याग करना वह निराकांक्ष अनशनतप है । उसके मुख्य तीन भेद हैं-भक्तप्रतिज्ञा, इंगिनीमरण, प्रायोपगमनमरण । जिसमें दोसे लेकर अड़तालीस तक निर्यापकमुनि जिसकी शरीरसेवा करें तथा आप भी अपने अंगोंसे शरीरकी टहल करे ऐसे मुनिके आहारका त्याग वह भक्तप्रतिज्ञा है । जिसमें परके उपकारकी अपेक्षा न हो वह इंगिनीमरण है, और जिसमें आप पर दोनोंकी अपेक्षा न हो वह प्रायोपगमनमरणत्याग है । इत्यादि अन्य भी निराकांक्ष त्यागसे लेकर सर्व निराकांक्ष अनशनतप जानना ॥ १४९ ॥

अब अवमौदर्यतपका स्वरूप कहते हैं;—

बत्तीसा किर कवला पुरिसस्स दु होदि पयदि आहारो ।
एगकवलादिहिं तत्तो ऊणियगहणं उमोदरियं ॥१५०॥

द्वात्रिंशत् किल कवलाः पुरुषस्य तु भवति प्रकृत्या आहारः ।
एककवलादिभिस्तत ऊनितग्रहणं अवमौदर्यम् ॥ १५० ॥

अर्थ—पुरुषका स्वाभाविक आहार बत्तीस ग्रास होते हैं उनमेंसे एक गरसा आदि कमती करके लेना वह अवमौदर्य तप है ॥ १५० ॥

धम्मावासयजोगे णाणादीये उवग्गहं कुणदि ।
ण य इंदियप्पदोसयरी उमोदरितवोवुत्ती ॥ १५१ ॥

धर्मावश्यकयोगेषु ज्ञानादिके उपग्रहं करोति ।
न च इंद्रियप्रद्वेषकरी अवमौदर्यतपोवृत्तिः ॥ १५१ ॥

अर्थ—क्षमादि धर्मोंमें, सामायिकादि आवश्यकोंमें, वृक्ष-

तपकी क्रियामें सावधान रहनेवाले भव्यजीवको इन चारोंका मरणपर्यंत सबसे पहले त्याग करदेना चाहिये ॥ १५४ ॥

आगे वृत्तिपरिसंख्यानतपको कहते हैं;—

गोयरपमाण दायगभायणणाणविधाण जं गहणं ।
तह एसणस्स गहणं विविधस्स य वुत्तिपरिसंखा ॥१५५॥

गोचरप्रमाणं दायकभाजननानाविधानं यद्ग्रहणं ।
तथा अशनस्य ग्रहणं विविधस्य वृत्तिपरिसंख्या ॥ ३५५ ॥

अर्थ—गृहोंका प्रमाण, भोजनदाताका विशेष, कांसे आदि-पात्रका विशेष, और मौंठ सत्तू आदि भोजनका विशेष-इनमें अनेकतरहके विकल्प कर भोजन ग्रहण करना वह वृत्तिपरिसंख्यातप है। जैसे आज हम कांसेके पात्रमें अथवा सत्तू ही मिलेगा तभी आहार लेंगे नहीं तो न लेंगे इत्यादि कठिन प्रतिज्ञायें अंतरायकर्मकी परीक्षार्थ साधुजन करते हैं ॥ ३५५ ॥

आगे कायक्लेशतपको कहते हैं;—

ठाणसयणासणेहिं य विविहेहिं य उग्गयेहिं बहुगेहिं ।
अणुवीचीपरितावो कायकिलेसो हवदि एसो ॥१५६॥

स्थानशयनासनैश्च विविधावग्रहैः बहुभिः ।
अनुवीचिपरितापः कायक्लेशः भवति एषः ॥ ३५६ ॥

अर्थ—खड़ा रहना, एकपार्श्व मृतककी तरह सोना, वीरासनादिसे बैठना इत्यादि अनेक तरहके कारणोंसे शास्त्रके अनुसार आतापन आदि योगोंकर शरीरक्लेश देना वह कायक्लेशतप है ॥ ३५६ ॥

आगे विविक्तशय्यासनका स्वरूप कहते हैं;—

तेरिक्खी माणुस्सिय सविकारिणिदेविगेहिसंसत्ते।
वज्जेंति अप्पमत्ता णिलए सयणासणट्ठाणे ॥ ३५७।

तिरश्ची मानुषी सविकारणिदेवीगेहिसंसक्तान् ।
वर्जयंति अप्रमत्ता निलयान् शयनासनस्थानेषु ॥ ३५७।

अर्थ—गायआदि तिर्यंचिनी, कुशील स्त्री, भवनवासी व्यंतर देवी, असंयमी गृहस्थ–इनके रहनेके निवासोंको यत्नाचारी मुनि शयन आसन खड़ारहना इन तीन कार्योंमें छोड़े अर्थात् वहां शयनादि न करे ॥ ३५७ ॥ उसीके विविक्तशय्यासन तप होता है।

सो णाम बाहिरतवो जेण मणो दुक्कडं ण उट्ठेदि।
जेण य सद्धा जायदि जेण य जोगा ण हीयंते॥३५८॥

तत् नाम बाह्यतपः येन मनः दुष्कृतं न उत्तिष्ठति।
येन च श्रद्धा जायते येन च योगा न हीयंते ॥ ३५८ ॥

अर्थ—हे शिष्य ! वही बाह्यतप है जिससे कि चित्तमें क्लेश (खेद) न हो, जिससे धर्ममें प्रीति बढे और जिससे मूलगुणोंमें कमी न हो ॥ ३५८ ॥

एसो दु बाहिरतवो बाहिरजणपायडो परम घोरो।
अब्भंतरजणणादं वोच्छं अब्भंतरं वि तवं ॥ ३५९ ॥

एततु बाह्यं तपो बाह्यजनप्रकटं परमं घोरं ।
अभ्यंतरजनज्ञातं वक्ष्ये अभ्यंतरमपि तपः ॥ ३५९ ॥

अर्थ—यह छह प्रकारका तप बाह्य मिथ्यादृष्टियोंके भी प्रगट अत्यंत दुर्धर हो सकता है इसलिये बाह्यतप कहाजाता है। और

जो आगममें प्रवेश करनेवाले ज्ञानी जनोंकर जाना गया ऐसा अंतरंगतप है उसे भी मैं कहता हूं ॥ ३५९ ॥

अब अंतरंगतपके भेदोंको कहते हैं;—

पायच्छित्तं विणयं वेज्जावच्चं तहेव सज्झायं।
झाणं च विउस्सग्गो अब्भंतरओ तवो एसो ॥३६०॥

प्रायश्चित्तं विनयो वैयावृत्त्यं तथैव स्वाध्यायः।
ध्यानं च व्युत्सर्गः अभ्यंतरं तपः एतत् ॥ ३६० ॥

अर्थ—प्रायश्चित्त विनय वैयावृत्य स्वाध्याय ध्यान व्युत्सर्ग—ये छह भेद अंतरंग तपके हैं ॥ ३६० ॥

आगे प्रायश्चित्ततपका स्वरूप कहते हैं;—

पायच्छित्तं ति तवो जेण विसुज्झदि हु पुव्वकयपावं।
पायच्छित्तं पत्तोत्ति तेण वुत्तं दसविधं तु ॥ ३६१ ॥

प्रायश्चित्तं इति तपो येन विशुध्यति हि पूर्वकृतपापात्।
प्रायश्चित्तं प्राप्त इति तेन उक्तं दशविधं तु ॥ ३६१ ॥

अर्थ—व्रतमें लगेहुए दोषोंको प्राप्त हुआ यति जिससे पूर्व किये पापोंसे निर्दोष होजाय वह प्रायश्चित्ततप है उसके दस भेद हैं ॥ ३६१ ॥

आलोयणपडिकमणं उभय विवेगो तहा विउस्सग्गो।
तव छेदो मूलं विय परिहारो चेव सद्दहणा ॥ ३६२ ॥

आलोचना प्रतिक्रमणं उभयं विवेकं तथा व्युत्सर्गः।
तपः छेदो मूलमपि च परिहारः चैव श्रद्धानं ॥ ३६२ ॥

अर्थ—आलोचना, प्रतिक्रमण, दोनों, विवेक, व्युत्सर्ग, तप, छेद, मूल, परिहार, श्रद्धान—ये दस भेद प्रायश्चित्तके हैं ॥

१० मूला०

चारित्रमें उत्पन्न हुए अपराधोंको आचार्यके सामने निवेदन करना वह आलोचना है, रात्रिभोजनत्यागव्रतके साथ महाव्रतोंकी भावना करना दिवस प्रतिक्रम पाक्षिकआदि प्रतिक्रमण करना वह प्रतिक्रमण है, आलोचना और प्रतिक्रमण दोनों करना वह उभय है, गणविवेक स्थानविवेक ऐसे दो प्रकारका विवेक है, कायोत्सर्गको व्युत्सर्ग कहते हैं, अनशनादि तप हैं, दीक्षाका पक्ष मास दिसे घटाना वह छेद है, फिर उस समयसे लेकर व्रत धारण करना वह मूल है, परिहारके दो भेद हैं गणप्रतिबद्ध अगणप्रतिबद्ध। उनमेंसे जहां गणमें बैठकर क्रिया करना कि जहां मुनिजन मूत्रादि करते हों वहां बैठ पीछी अगाड़ीकर यतिओंको वंदना करे उसको यति प्रतिवंदना न करे वह गणप्रतिबद्ध है। तथा जिस देशमें धर्म नहीं जाने वहां जाके मौनधारण करके तपश्चरण करना वह अगणप्रतिबद्ध है। तत्त्वोंमें रुचि होनेरूप परिणाम अथवा क्रोधादिका त्याग वह श्रद्धान है। इसतरह प्रायश्चित्तके दश भेद जानना॥३६२

पोराणकम्मखमणं खिवणं णिज्जरण सोधणं धुभणं।
पुच्छणमुछिवण छिदणं ति पायचित्तस्स णामाइं३६३

पुराणकर्मक्षपणं क्षेपणं निर्जरणं शोधनं धावनं।
पुच्छनं उत्क्षेपणं छेदनमिति प्रायश्चित्तस्य नामानि ॥३६३॥

अर्थ—पुराने कर्मोंका नाश, क्षेपण, निर्जरा, शोधन, धावन, पुच्छन (निराकरण) उत्क्षेपण, छेदन (द्वैधीकरण)—ये सब प्रायश्चित्तके नाम हैं ॥ ३६३ ॥

आगे विनयका स्वरूप कहते हैं;—

दंसणणाणे विणओ चरित्ततव ओवचारिओ विणओ।

पंचविहो खलु विणओ पंचमगइणायगो भणिओ ॥२६४

दर्शनज्ञाने विनयः चारित्रतप औपचारिकः विनयः ।

पंचविधः खलु विनयः पंचमगतिनायको भणितः ॥२६४॥

अर्थ—दर्शनविनय, ज्ञानविनय, तपोविनय, चारित्रविनय उपचारविनय–इसतरह विनयके पांच भेद हैं । यह विनय मोक्ष (सिद्ध)गतिको प्राप्त करानेवाला कहा गया है ॥ २६४ ॥

उवगूहणादिआ पुव्वुत्ता तह भत्तिआदिआ य गुणा ।
संकादिवज्जणं पिय दंसणविणओ समासेण ॥ २६५ ॥

उपगूहनादिकाः पूर्वोक्ताः तथा भक्त्यादयश्च गुणाः ।

शंकादिवर्जनमपि च दर्शनविनयः समासेन ॥ २६५ ॥

अर्थ—उपगूहन आदि पहले कहे हुए गुण, पंचपरमेष्ठीकी भक्ति आदि, और शंकादि दोषोंका त्याग होना यह संक्षेपसे दर्शनविनय कहा गया है ॥ २६५ ॥

जे अत्थपज्जया खलु उवदिट्ठा जिणवरेहिं सुदणाणे ।
ते तह रोचेदि णरो दंसणविणओ हवदि एसो २६६

ये अर्थपर्यायाः खलु उपदिष्टा जिनवरैः श्रुतज्ञाने ।

तान् तथा रोचयति नरः दर्शनविनयः भवति एषः २६६

अर्थ—जो जिनवरदेवने द्वादशांग श्रुत ज्ञानमें स्थूल सूक्ष्म जीव अजीवादिद्रव्योंके पर्याय कहे हैं उसी प्रकार श्रद्धान करना यह भव्यजीवके दर्शनविनय होता है ॥ २६६ ॥

काले विणए उवहाणे बहुमाणे तहेव णिण्हवणे ।
वंजणअत्थतदुभयं विणओ णाणम्हि अट्ठविहो २६७

काले विनये उपधाने बहुमाने तथैव अनिह्नवे ।

व्यंजनार्थतदुभयं विनयो ज्ञाने अष्टविधः ॥ ३६७ ॥

अर्थ—कालशुद्धि, द्रव्यशुद्धि विनय, सावधानीसे पाठको याद रखना, गुरु आदिका सत्कार, ज्ञानको नहीं छिपाना, शब्द शुद्धि, अर्थ शुद्धि, दोनोंकी शुद्धि—इसतरह ज्ञानकी विनयके आठ भेद हैं ॥ ३६७ ॥

णाणं सिक्खदि णाणं गुणेदि णाणं परस्स उवदिसदि।
णाणेण कुणदि णायं णाणविणीदो हवदि एसो ३६८

ज्ञानं शिक्षते ज्ञानं गुणयति ज्ञानं परस्य उपदिशति ।
ज्ञानेन करोति न्यायं ज्ञानविनीतो भवति एषः ॥ ३६८ ॥

अर्थ—जो ज्ञानको सीखता है ज्ञानका ही चिंतवन करता है, दूसरेको भी ज्ञानका ही उपदेश करता है, ज्ञानसे ही न्यायप्रवृत्ति करता है वह जीव ज्ञानविनयवाला होता है ॥ ३६८ ॥

इंदियकसायपणिहाणंपि य गुत्तीओ चेव समिदीओ।
एसो चरित्तविणओ समासदो होइ णायव्वो ॥३६९॥

इन्द्रियकषायप्रणिधानमपि च गुप्तयः चैव समितयः ।
एष चारित्रविनयः समासतो भवति ज्ञातव्यः ॥ ३६९ ॥

अर्थ—इंद्रियोंके व्यापारका रोकना, क्रोधादिकषायोंके प्रचारको रोकना, गुप्ति, समिति—ये सब संक्षेपसे चारित्र विनय है ऐसा जानना ॥ ३६९ ॥

उत्तरगुणउज्जोगो सम्मं अहियासणा य सद्धा य ।
आवासयाणमुचिदाण अपरिहाणीयणुस्सेहो ॥ ३७० ॥

उत्तरगुणोद्योगः सम्यगध्यासनं च श्रद्धा च ।
आवश्यकानामुचितानां अपरिहाणिरनुत्सेधः ॥ ३७० ॥

अर्थ—आतापनादि उत्तर गुणोंमें उत्साह, श्रमको निराकुलतासे सहना, प्रीति और छह आवश्यकोंमेंसे कमती बढ़ती नहीं करना ॥ ३७० ॥

भत्ती तवोधियम्हि य तवम्हि अहीलणा य सेसाणं।
एसो तवम्हि विणओ जहुत्तचरित्तसाहुस्स ॥ ३७१ ॥

भक्तिः तपोधिके च तपसि अहेलनां च शेषाणां।
एष तपसि विनयः यथोक्तचारित्रसाधोः ॥ ३७१ ॥

अर्थ—तपसे अधिक मुनियोंमें और बारह प्रकार तपमें भक्ति करना-सेवा करना तथा इनसे बाकीके उत्कृष्ट तप नहीं पालनेवाले मुनियोंका तिरस्कार नहीं करना अर्थात् सब संयमियोंको नमस्कार करना वह शास्त्रकथित चारित्रको पालनेवाले मुनियोंके तपमें विनय होता है ॥ ३७१ ॥

काइयवाइयमाणसिओत्तिअ तिविहो दु पंचमो विणओ
सो पुण सव्वो दुविहो पचक्खो तह परोक्खो य ३७२

कायिकवाचिकमानसिक इति च त्रिविधस्तु पञ्चमो विनयः।
स पुनः सर्वो द्विविधः प्रत्यक्षस्तथा परोक्षश्च ॥ ३७२ ॥

अर्थ—उपचार विनयके तीन भेद हैं-कायिक वाचिक मानसिक। उसके भी प्रत्येकके दो दो भेद हैं-प्रत्यक्ष और परोक्ष ॥ ३७२ ॥

अब कायिकविनयको चारगाथाओंसे कहते हैं;—

अब्भुट्ठाणं किदिअम्मं णयण अंजलीय मुंडाणं।
पच्चूगच्छणमेदे पछिदस्सणुसाधणं चेव ॥ ३७३ ॥

अभ्युत्थानं कृतिकर्म नमनं अंजलिना मुंडानां।

प्रत्युद्गमनमायातस्य प्रस्थितस्यानुगाधनं चैव ॥ ३७३ ॥

अर्थ—साधुओंको आते हुए देखे पहले तो आसनसे उठ खड़े होजाना, सिद्धभक्ति आदि करके कायोत्सर्ग करना, हाथ जोड़कर नमस्कार करना, आते हुए ऋषीश्वरोंके सामने जाना, जानेवालोंको पहुंचानेके लिये साथ जाना–इस तरह कायसे आदर करना ॥ ३७३ ॥

णीचं ठाणं णीचं गमणं णीचं च आसणं सयणं।
आसणदाणं उवगरणदाणं ओग्गासदाणं च ॥ ३७४॥

नीचं स्थानं नीचं गमनं नीचं च आसनं शयनं ।
आसनदानं उपकरणदानं अवकाशदानं च ॥ ३७४ ॥

अर्थ—गुरु आदिके पीछे खड़े रहना, पीछे गमन करना, नीचे बैठना, नीचे सोना, गुरुओंको आसन देना, पुस्तक आदि धर्मोपकरण देना, प्रासुक वसतिका बतादेना–इत्यादि कायविनय है ॥ ३७४ ॥

पडिरूवकायसंफासणदा पडिरूपकालकिरिया य ।
पेसणकरणं संथरकरणं उवकरणपडिलिहणं ॥ ३७५ ॥

प्रतिरूपकायसंस्पर्शनता प्रतिरूपकालक्रिया च ।
प्रेष्यकरणं संस्तरकरणं उपकरणं प्रतिलेखनं ॥ ३७५ ॥

अर्थ—बलके अनुसार शरीरका स्पर्शन मर्दन, कालके अनुसार क्रिया करना अर्थात् उष्णकालमें शीतक्रिया शीतकालमें उष्णक्रिया, आज्ञाके अनुसार करना, सथारा करदेना, पुस्तकादिका सोधदेना ॥ ३७५ ॥

इच्चेवमादिओ जो उवयारो कीरदे सरीरेण ।

एसो काइयविणओ जहारिहं साधुवग्गस्स ॥ ३७६ ॥

इत्येवमादिको यः उपकारः क्रियते शरीरेण ।
एषः कायिकविनयः यथार्हं साधुवर्गस्य ॥ ३७६ ॥

अर्थ—इत्यादि गुरुओंका तथा अन्य साधुओंका जो शरीरसे यथायोग्य उपकार है वह सब कायिक विनय जानना ॥ ३७६ ॥

आगे वाचिकविनयका स्वरूप कहते हैं;—

पूयावयणं हिदभासणं च मिदभासणं च मधुरं च ।
सुत्ताणुवीचिवयणं अणिट्ठुरमकक्कसं वयणं ॥ ३७७ ॥

पूजावचनं हितभाषणं च मितभाषणं च मधुरं च ।
सूत्रानुवीचिवचनं अनिष्ठुरमकर्कशं वचनं ॥ ३७७ ॥

अर्थ—ऊंचे (पूज्य) वचनोंसे बोलना, हितरूप बोलना, थोड़ा बोलना, मिष्ट बोलना, आगमके अनुसार बोलना, कठोरता रहित वचन बोलना, ॥ ३७७ ॥

उवसंतवयणमगिहत्थवयणमकिरियमहीलणं वयणं ।
एसो वाइयविणओ जहारिहं होदि कादव्वो ॥ ३७८ ॥

उपशांतवचनं अगृहस्थवचनं अक्रियमहीलनं वचनं ।
एष वाचिकविनयः यथार्हं भवति कर्तव्यः ॥ ३७८ ॥

अर्थ—क्रोधादिरहित वचन, बंधन आदि रहित वचन, असि आदि क्रिया रहित वचन, अभिमानरहित वचन, बोलना-वह वाचिकविनय है उसे यथायोग्य करना चाहिये ॥ ३७८ ॥

आगे मानसिक विनयको कहते हैं;—

पापविसोतिअपरिणामवज्जणं पियहिदे य परिणामो ।
णादव्वो संखेवेणेसो माणसिओ विणओ ॥ ३७९ ॥

पापविश्रुतिपरिणामवर्जनं प्रियहिते च परिणामः ।
ज्ञातव्यः संक्षेपेण मानसिको विनयः ॥ ३७९ ॥

अर्थ— हिंसादिमें व सम्यक्त्वकी विराधनामें जो परिणाम उसका त्याग करना, धर्मोपकारमें व सम्यग्ज्ञानादिमें परिणाम होना–यह मानसीक विनय संक्षेपसे कहा गया है ॥ ३७९ ॥

इय एसो पच्चक्खो विणओ पारोक्खिओवि जं गुरुणो ।
विरहम्मिवि वट्टिज्जदि आणाणिद्देसचरिआए ३८०

इति एषः प्रत्यक्षः विनयः पारोक्षिकोपि यत् गुरोः ।
विरहेपि वर्तते आज्ञानिर्देशचर्यायाः ॥ ३८० ॥

अर्थ—इसतरह यह प्रत्यक्ष विनय कहा । और जो गुरुओंके विरह होनेपर अर्थात् परोक्ष होनेपर उनको हाथ जोड़ना, अरहंतादिकर उपदेश किये हुए जीवादिपदार्थोंमें श्रद्धान करना और उनके कहे अनुसार प्रवर्तना–यह परोक्ष विनय है ॥ ३८० ॥

अह ओपचारिओ खलु विणओ तिविहो समासदो भणिओ ।
सत्त चउव्विह दुविहो बोधव्वो आणुपुव्वीए ॥३८१॥

अथ औपचारिकः खलु विनयः त्रिविधः समासतो भणितः ।
सप्त चतुर्विधः द्विविधः बोद्धव्यः आनुपूर्व्या ॥ ३८१ ॥

अर्थ—वह औपचारिकविनय तीनप्रकार वाला भी क्रमसे सात चार दो भेदवाला जानना चाहिये । अर्थात् कायिकविनयके सात, वचनविनयके चार, मानसीकविनयके दो भेद हैं ॥ ३८१ ॥

अब्भुट्ठाणं सण्णदि आसणदाणं अणुप्पदाणं च ।
किदियम्मं पडिरूवं आसणचाओ य अणुव्वजणं ३८२

अभ्युत्थानं सन्नतिः आसनदानं अनुप्रदानं च ।
कृतिकर्म प्रतिरूपं आसनत्यागश्च अनुव्रजनं ॥ ३८२ ॥

अर्थ—आदरसे उठना, मस्तक नवाके नमस्कार, आसन देना, पुस्तकादि देना, यथायोग्य श्रुतभक्ति आदि पूर्वक कायोत्सर्ग करना अथवा शीत आदि बाधाका मेटना, गुरुओंके आगे ऊंचा आसन छोड़के बैठना, जाते हुएके कुछ दूरतक साथ जाना । ये सात कायिकविनयके भेद हैं ॥ ३८२ ॥

हिदमिदपरिमिदभासा अणुवीचीभासणं च बोधव्वं ।
अकुसलमणस्स रोधो कुसलमणपवत्तओ चेव ॥ ३८३ ॥

हितमितपरिमितभाषा अनुवीचिभाषणं च बोद्धव्यं ।
अकुशलमनसो रोधः कुशलमनःप्रवर्तकश्चैव ॥ ३८३ ॥

अर्थ—हितरूप (धर्मसहित) वचन बोलना, अल्प अक्षर अर्थगंभीरतावाले वचन बोलना, कारण सहित वचन बोलना, शास्त्रके अनुसार वचन बोलना—ये चार भेद वचनविनयके हैं । और जो पापको ग्रहण करानेवाले चित्तको रोकना, धर्ममें उद्यमी हुए मनको प्रवर्ताना—ये दो भेद मानसिकविनयके हैं ॥ ३८३ ॥

रादिणिए ऊणरादिणिएसु अ अज्जासु चेव गिहिवग्गे ।
विणओ जहारिओ सो कायव्वो अप्पमत्तेण ॥ ३८४ ॥

रात्न्यधिके ऊनरात्न्यधिकेषु च आर्यासु चैव गृहिवर्गे ।
विनयः यथार्हः स कर्तव्यः अप्रमत्तेन ॥ ३८४ ॥

अर्थ—दीक्षागुरु श्रुतगुरु तपोधिक तथा इनसे तपकर घटते गुणोंकर घटते अवस्थाकर घटते साधुओंमें, आर्यिकाओंमें, श्रावकोंमें यथा योग्य विनय अप्रमादी साधुको करना चाहिये ३८४

अब विनयका फल दिखलाते हैं;—

विणएण विप्पहीणस्स हवदि सिक्खा णिरत्थिया सव्वा।
विणओ सिक्खाए फलं विणयफलं सव्वकल्लाणं ३८५

विनयेन विप्रहीनस्य भवति शिक्षा निरर्थिका सर्वा।
विनयः शिक्षायाः फलं विनयफलं सर्वकल्याणं ॥ ३८५॥

अर्थ—जो विनयकर हीन है उसका शास्त्र पढना सब निष्फल है। क्योंकि विद्या पढनेका फल विनय है और विनयका फल स्वर्गमोक्षका मिलना है ॥ ३८५ ॥

विणओ मोक्खद्दारं विणयादो संजमो तवो णाणं।
विणएणाराहिज्जदि आइरिओ सव्वसंघो य ॥ ३८६ ॥

विनयः मोक्षद्वारं विनयात् संयमस्तपो ज्ञानं।
विनयेनाराध्यते आचार्यश्च सर्वसंघश्च ॥ ३८६ ॥

अर्थ—विनय मोक्षका द्वार (प्रवेशमार्ग) है, विनयसे ही संयम तप और ज्ञान होता है, और विनयसे ही आचार्य और सब संघकी सेवा होसकती है ॥ ३८६ ॥

आयारजीदकप्पगुणदीवणा अत्तसोधि णिज्झंजा।
अज्जवमद्दवलाहवभत्तीपल्हादकरणं च ॥ ३८७ ॥

आचारजीदकल्पगुणदीपना आत्मशुद्धिः निर्द्वंद्वः।
आर्जवमार्दवलाघवभक्तिप्रह्लादकरणानि च ॥ ३८७ ॥

अर्थ—आचारके, जीदप्रायश्चित्तके, कल्पप्रायश्चित्तके गुणोंका प्रगट होना; आत्माको कर्मोंसे छूटनेरूप शुद्धि, कलहादि रहित होना, आर्जव, मार्दव, लोभका त्याग, गुरुओंकी सेवा, सबको सुखी करना—ये सब विनयके गुण हैं ॥ ३८७ ॥

कित्ती मेत्ती माणस्स भंजणं गुरुजणे य बहुमाणं ।
तित्थयराणं आणा गुणाणुमोदो य विणयगुणा १८८

कीर्तिः मैत्री मानस्य भंजनं गुरुजने च बहुमानं ।
तीर्थंकराणां आज्ञा गुणानुमोदश्च विनयगुणाः ॥ १८८ ॥

अर्थ—सब जगह प्रसिद्धि, सबसे मित्रता, गर्वका त्याग, आचार्यादिकोंसे बहुमानका पाना, तीर्थंकरोंकी आज्ञाका पालन, गुणोंमें प्रेम करना इतने गुण विनय करनेवालेके प्रगट होते हैं ॥

आगे वैयावृत्त्यतपका स्वरूप कहते हैं,—

आइरियादिसु पंचसु सबालवुड्ढाउलेसु गच्छेसु ।
वेज्जावच्चं वुत्तं कादव्वं सव्वसत्तीए ॥ १८९ ॥

आचार्यादिषु पंचसु सबालवृद्धाकुलेषु गच्छेषु ।
वैयावृत्त्यं उक्तं कर्तव्यं सर्वशक्त्या ॥ १८९ ॥

अर्थ—आचार्य उपाध्याय स्थविर प्रवर्तक गणधर इन पांचोंमें नवीनदीक्षित तथा गुण अवस्था आदिसे बड़े ऐसे मुनियोंके समूहमें अपनी शक्तिके अनुसार औषधि आदिसे उपकार सेवा करनी चाहिये ॥ १८९ ॥

गुणधीए उवज्झाए तवस्सि सिस्से य दुब्बले ।
साहुगणे कुले संघे समणुण्णे य चापदि ॥ १९० ॥

गुणाधिके उपाध्याये तपस्विनि शिष्ये च दुर्बले ।
साधुगणे कुले संघे समनोज्ञे च चापदि ॥ १९० ॥

अर्थ—गुणोंसे अधिकमें, उपाध्यायोंमें, कायक्लेशतप करनेवालोंमें, शिष्योंमें, रोगसे पीड़ितोंमें, ऋषि यति मुनि अनगाररूप

साधुसमूहमें, गुरुकुलमें, चातुवर्णसंघमें, सुखी उपद्रवरहितमें और उपद्रव होनेपर, वैयावृत्त्य (टहल) करना योग्य है ॥ ३९० ॥

सेज्जोग्गासणिसेज्जा तहोवहिपडिलेहणाहि उवग्गहो।
आहारोसहवायणविकिंचणं वंदणादीहिं ॥ ३९१ ॥

शय्यावकाशनिषद्या तथा उपधिप्रतिलेखनाभिः उपग्रहः।
आहारौषधवाचनाविकिंचनवंदनादिभिः ॥ ३९१ ॥

अर्थ—शय्या, वसतिका, आसन, कमंडलु आदि, पीछी आदि इनकर तथा भिक्षाचर्या, सोंठ आदि औषध, शास्त्रव्याख्यान, मलका त्याग और वंदना आदि–इन सब उपायोंसे उपकार करना चाहिये ॥ ३९१ ॥

अद्धाणतेणसावदरायणदीरोधणासिवे ओमे।
वेज्जावच्चं उत्तं संगहसारक्खणोवेदं ॥ ३९२ ॥

अध्वस्तेनश्वापदराजनदीरोधनाशिवे ओमे।
वैयावृत्त्यं उक्तं संग्रहसारक्षणोपेतम् ॥ ३९२ ॥

अर्थ—जो साधु मार्गमें खेदयुक्त हो, चोर नाहर बघेरा नदी-रोध मरी रोगादिक उपद्रवों सहित हो तथा दुर्भिक्षसे पीडित हो उसका वैयावृत्त्य करना कहा गया है। वह ऐसे करना—आये हुएका संग्रह करना (रखना) सबकी रक्षा करना चाहिये ३९२

आगे स्वाध्यायतपका स्वरूप कहते हैं:—

परियट्टणाय वायण पडिच्छणाणुपेहणा य धम्मकहा।
थुदिमंगलसंजुत्तो पंचविहो होइ सज्झाओ ॥ ३९३ ॥

परिवर्तनं वाचनं पृच्छना अनुप्रेक्षा च धर्मकथा।
स्तुतिमंगलसंयुक्तः पंचविधो भवति स्वाध्यायः ॥ ३९३ ॥

अर्थ—पढे हुए ग्रंथका पाठकरना, शास्त्रका व्याख्यान करना, शास्त्रोंके अर्थको दूसरेसे पूछना, वारंवार शास्त्रका मनन करना, त्रेसठ शलाका पुरुषोंका चरित्र पढना—ये पांच प्रकारका स्वाध्याय है । इसे मुनिदेववंदना मंगल सहित करना चाहिये ॥ ३९३ ॥

अट्टं च रुद्दसहियं दोण्णिवि झाणाणि अप्पसत्थाणि ।
धम्मं सुक्कं च दुवे पसत्थझाणाणि णेयाणि ॥ ३९४ ॥

आर्तं च रौद्रसहितं द्वे अपि ध्याने अप्रशस्ते ।
धर्मं शुक्लं च द्वे प्रशस्तध्याने ज्ञातव्यानि ॥ ३९४ ॥

अर्थ—आर्तध्यान रौद्रध्यान ये दो ध्यान अशुभ हैं नरकादिदुःखोंको प्राप्त कराते हैं तथा धर्मध्यान शुक्लध्यान ये दो ध्यान शुभ हैं मोक्षादिके सुखोंको प्राप्त कराते हैं । ऐसा जानना चाहिये ॥ ३९४ ॥

आगे इन चारोंका स्वरूप कहते हैं;—

अमणुण्णजोगइट्ठविओगपरीसहणिदाणकरणेसु ।
अट्टं कसायसहियं झाणं भणिदं समासेण ॥ ३९५ ॥

अमनोज्ञयोगइष्टवियोगपरीषहनिदानकरणेषु ।
आर्तं कषायसहितं ध्यानं भणितं समासेन ॥ ३९५ ॥

अर्थ—ज्वर शूल शत्रु आदि अप्रिय वस्तुका संबंध होना, पुत्र पुत्री माता शिष्य आदि प्रियवस्तुका विनाश होना, क्षुधा (भूख) आदि परिषहोंकी बाधा होना, परलोकसंबंधी भोगोंकी वांछा होना–इनके होनेपर जो कषायसहित मनको क्लेश होना वह संक्षेपसे आर्तध्यान कहा गया है ॥ ३९५ ॥

तेणिक्कमोससारक्खणेसु तध चेव छव्विहारंभे ।

रुद्दं कसायसहिदं झाणं भणियं समासेण ॥ ३९६ ॥

स्तैन्यमृषासारक्षणेषु तथा चैव षड्विधारंभे ।

रौद्रं कषायसहितं ध्यानं भणितं समासेन ॥ ३९६ ॥

अर्थ—दूसरेके द्रव्य लेनेका अभिप्राय, झूठ बोलनेमें आनंद मानना, दूसरेके मारनेका अभिप्राय, छहकायके जीवोंकी विराधना अथवा असिमसि आदि परिग्रहके आरंभ व संग्रह करनेमें आनंद मानना–इनमें जो कषाय सहित मनको करना वह संक्षेपसे रौद्रध्यान कहागया है ॥ ३९६ ॥

अपहट्ट अट्टरुद्दे महाभए सुग्गदीयपच्चूहे ।
धम्मे वा सुक्के वा होहि समण्णागदमदीओ ॥ ३९७ ॥

अपहृत्य आर्तरौद्रे महाभये सुगतिप्रत्यूहे ।

धर्मे वा शुक्ले वा भव समन्वागतमतिः ॥ ३९७ ॥

अर्थ—आर्तध्यान रौद्रध्यान ये दो ध्यान संसारके भयके देनेवाले हैं, देवगति मोक्षगतिके रोकनेवाले हैं इसलिये इन दोनोंका त्याग करके हे भव्य तू धर्मध्यान शुक्लध्यान इन दो ध्यानोंमें आदर बुद्धि कर ॥ ३९७ ॥

एयग्गेण मणं णिरुंभिऊण धम्मं चउव्विहं झाहि ।
आणापायविवायविजओ संठाणविचयं च ॥ ३९८ ॥

एकाग्रेण मनो निरुध्य धर्मं चतुर्विधं ध्याय ।

आज्ञापायविपाकविचयः संस्थानविचयश्च ॥ ३९८ ॥

अर्थ—एकाग्रतासे इन्द्रियोंका व्यापार तथा मनका व्यापार रोककर अर्थात् अपने वशमें कर हे भव्य तू चारप्रकारके धर्म-

ध्यानका चिंतवनकर। उसके आज्ञाविचय अपायविचय विपाकविचय संस्थानविचय ऐसे चार भेद हैं॥ ३९८॥

पंचत्थिकायछज्जीवणिकाये कालदव्वमण्णे य।
आणागेज्झे भावे आणाविचयेण विचिणादि॥३९९॥

पंचास्तिकायषड्जीवनिकायान् कालद्रव्यमन्यत् च।
आज्ञाग्राह्यान् भावान् आज्ञाविचयेन विचिनोति॥ ३९९॥

अर्थ—जीवादि पंच अस्तिकाय, पृथिवीकाय आदि छह जीवकाय, कालद्रव्य,—ये सब सर्वज्ञकी आज्ञाप्रमाण ग्रहण करने योग्य हैं इसतरह आज्ञामात्रसे श्रद्धान करना विचारना यह आज्ञाविचय धर्मध्यान है॥ ३९९॥

कल्लाणपावगाओ पाओ विचिणादि जिणमदमुविच।
विचिणादि या अपाये जीवाण सुहे य असुहे य ४००

कल्याणप्रापकान् उपायान् विचिनोति जिनमतमुपेत्य।
विचिनोति वा अपायान् जीवानां शुभान् च अशुभान् च ४००

अर्थ—कल्याणके प्राप्त करानेवाले सम्यग्दर्शनादि उपायोंको जिनमतका आश्रयलेकर ध्यावे अथवा जीवोंके शुभ अशुभ कर्मोंका नाश कैसे हो ऐसा विचारना यह अपायविचय धर्मध्यान है ४००

एआणेगभवगयं जीवाणं पुण्णपावकम्मफलं।
उदओदीरणसंकमबंधं मोक्खं च विचिणादि॥४०१॥

एकानेकभवगतं जीवानां पुण्यपापकर्मफलं।
उदयोदीरणासंक्रमबंधं मोक्षं च विचिनोति॥ ४०१॥

अर्थ—एक भवमें प्राप्त तथा अनेकभवोंमें प्राप्त जीवोंके पुण्यकर्म पापकर्मोंके फलको विचारना तथा कर्मोंका उदय अपक-

पाचनरूप उदीरणा, अन्यप्रकृतिरूपपरिणमन, बंध इनका तथा कर्मोंके छूटनेका विचार करना वह विपाकविचयनामा धर्मध्यान है ॥ ४०१ ॥

उड्ढमहतिरियलोए विचिणादि सपज्जए ससंठाणे।
एत्थेव अणुगदाओ अणुपेक्खाओ य विचिणादि ४०२

ऊर्ध्वाधस्तिर्यग्लोकान् विचिनोति सपर्यायान् ससंस्थानान्।
अत्रैवानुगता अनुप्रेक्षाश्च विचिनोति ॥ ४०२ ॥

अर्थ—पटल इंद्रक श्रेणीबद्ध प्रकीर्णकादि पर्यायोंसहित त्रिकोन चतुष्कोण गोल आयत मृदंगाकाररूप आकारोंसहित ऊर्ध्वलोक अधोलोक तथा मध्यलोकका चिंतवनकरे तथा इसीमें प्राप्त बारह भावनाओंका चिंतवनकरे वह संस्थानविचय धर्मध्यान है ॥ ४०२ ॥

अद्धुवमसरणमेगत्तमण्णसंसारलोगमसुचित्तं ॥
आसवसंवरणिज्जरधम्मं बोधिं च चिंतिज्जो ॥ ४०३ ॥

अध्रुवमशरणमेकत्वमन्यत्वसंसारलोकमशुचित्वं।
आस्रवसंवरनिर्जराधर्मं बोधिं च चिंतयेत् ॥ ४०३ ॥

अर्थ—अनित्य अशरण एकत्व अन्यत्व संसार लोक अशुचित्व आस्रव संवर निर्जरा धर्म बोधि (सम्यक्त्वसहित) भावना—इन बारहभावनाओंका चिंतवन करना चाहिये ॥ ४०३ ॥

उवसंतो दु पुहत्तं झायदि झाणं विदक्कवीचारं।
खीणकसाओ झायदि एयत्तविदक्कवीचारं ॥ ४०४ ॥

उपशांतस्तु पृथक्त्वं ध्यायति ध्यानं वितर्कवीचारं।
क्षीणकषायो ध्यायति एकत्ववितर्कवीचारं ॥ ४०४ ॥

अर्थ—उपशांतकषायगुणस्थानवाला जीव पृथक्त्ववितर्कवीचार नामा शुक्लध्यानको ध्याता है और क्षीणकषायगुणस्थानवाला एकत्ववितर्कवीचार नामा दूसरे शुक्लध्यानका चिंतवन करता है॥४०४॥

सुहुमकिरियं सजोगी झायदि झाणं च तदियसुक्कं तु।
जं केवली अजोगी झायदि झाणं समुच्छिण्णं ४०५

सूक्ष्मक्रियं सयोगी ध्यायति ध्यानं च तृतीयशुक्लं तु।
यत् केवली अयोगी ध्यायति ध्यानं समुच्छिन्नं ॥ ४०५ ॥

अर्थ—सूक्ष्मकायक्रियाप्रतिपाति नामक तीसरे शुक्लध्यानको सयोग केवली ध्याते हैं और समुच्छिन्नक्रिय नामके चौथे शुक्लध्यानको अयोगकेवली ध्याते हैं ॥ ४०५ ॥

आगे व्युत्सर्गतपका निरूपण करते हैं;—

दुविहो य विउस्सग्गो अब्भंतर बाहिरो मुणेयव्वो।
अब्भंतर कोहादी बाहिर खेत्तादियं दव्वं ॥ ४०६ ॥

द्विविधश्च व्युत्सर्गः आभ्यंतरो बाह्यः ज्ञातव्यः।
अभ्यंतरः क्रोधादिः बाह्यः क्षेत्रादिकं द्रव्यं ॥ ४०६ ॥

अर्थ—परिग्रहत्यागरूप व्युत्सर्गतप दो प्रकारका है एक अभ्यंतर दूसरा बाह्य । क्रोधादिका त्याग होना अभ्यंतर व्युत्सर्ग है और क्षेत्रादि बाह्यद्रव्यका त्याग वह बाह्य व्युत्सर्ग है ॥ ४०६ ॥

मिच्छत्तवेदरागा तहेव हस्सादिया य छद्दोसा।
चत्तारि तह कसाया चोद्दस अब्भंतरा गंथा ॥४०७॥

मिथ्यात्ववेदरागा तथैव हास्यादिकाश्च षड्दोषाः।
चत्वारः तथा कषायाः चतुर्दश आभ्यंतरा ग्रंथाः ॥४०७॥

अर्थ—मिथ्यात्व, तीन वेद (स्त्री आदि), राग, हास्य आदि

छह दोष और क्रोध आदि चार कषाय-इसप्रकार चौदह अभ्यंतर परिग्रह हैं। इनका त्याग वह अभ्यंतरव्युत्सर्ग है ॥ ४०७ ॥

खेत्तं वत्थु धणधण्णगदं दुपदचदुप्पदगदं च।
जाणसयणासणाणि य कुप्पे भंडेसु दस होंति ४०

क्षेत्रं वास्तु धनधान्यगतं द्विपदचतुष्पदगतं च।
यानशयनासनानि च कुप्ये भांडेषु दश भवंति ॥ ४०८

अर्थ—खेत, घर, सोना आदि धन, गेंहू आदि धान्य, दा[illegible] दास, गाय आदि, सवारी, पलंग, चौकी पटा आदि आस[illegible] कपास आदि, हींग आदि अथवा भाजन (वर्तन) आदि-ये द[illegible] बाह्यपरिग्रह हैं। इनका त्याग वह बाह्यव्युत्सर्ग है ॥ ४०८ ॥

आगे बारहतपोंमेंसे स्वाध्यायकी अधिकता दिखाते हैं;—

बारसविधह्मिवि तवे सब्भंतरबाहिरे कुसलदिट्ठे।
णवि अत्थि णवि य होही सज्झायसमो तवोकम्मं

द्वादशविधेपि तपसि साभ्यंतरबाह्ये कुशलदृष्टे।
नास्ति नापि च भविष्यति स्वाध्यायसमं तपःकर्म ४०[illegible]

अर्थ—सर्वज्ञदेवकर उपदेशे हुए अभ्यंतर और बाह्य से[illegible] सहित बारह प्रकारके तपोंमेंसे स्वाध्यायतपके समान अन्य (दूसरा[illegible]) कोई भी न तो है और न होगा ॥ ४०९ ॥

सज्झायं कुव्वंतो पंचेंदियसंवुडो तिगुत्तो य।
हवदि य एअग्गमणो विणएण समाहिओ भिक्खू ॥

स्वाध्यायं कुर्वन् पंचेंद्रियसंवृतः त्रिगुप्तश्च।
भवति च एकाग्रमनाः विनयेन समाहितो भिक्षुः ॥४१०॥

अर्थ—जो साधु स्वाध्याय करता है वह पांचों इंद्रियोंसे

संवर करता है मन आदि तीनगुप्तियोंका भी पालनेवाला होता है और एकामचित्त हुआ विनयकर संयुक्त होता है ॥ ४१० ॥

सिद्धिप्पासादवदंसयस्स करणं चदुव्विहो होदि।
दव्वे खेत्ते काले भावेवि य आणुपुव्वीए ॥ ४११ ॥

सिद्धिप्रासादावतंसकस्य करणं चतुर्विधं भवति।
द्रव्यं क्षेत्रं कालं भावमपि च आनुपूर्व्या ॥ ४११ ॥

अर्थ—मुक्तिरूपी महलका आभूषण जो यह बारहप्रकारका तप उसका अनुष्ठान क्रमसे द्रव्य क्षेत्र काल भावरूप चारप्रकारका है। आहार शरीर आदि द्रव्य; बहुत जलवालेदेश, निर्जलदेश, जांगलदेश आदि क्षेत्र अथवा स्निग्धरूक्षवात आदिके आश्रय; शीत उष्ण वर्षा आदि काल और चित्तका संक्लेशपरिणामरूप भाव जानना। जिसतरह वातादिका विकार न हो ऐसे क्रमसे तप करना ॥ ४११ ॥

अब्भंतरसोहणओ एसो अब्भंतरो तओ भणिओ।
एत्तो विरियाचारं समासओ वण्णइस्सामि ॥ ४१२ ॥

अभ्यंतरशोधनकं एतत् अभ्यंतरं तपो भणितं।
इतो वीर्याचारं समासतः वर्णयिष्यामि ॥ ४१२ ॥

अर्थ—अंतरंगको शुद्ध करनेवाला यह अभ्यंतर तप कहा, इससे आगे वीर्याचारको संक्षेपसे वर्णन करता हूं ॥ ४१२ ॥

आगे वीर्याचारका स्वरूप कहते हैं;—

अणिगूहियबलविरिओ परकामदि जो जहुत्तमाउत्तो।
जुंजदि य जहाथाणं विरियाचारोत्ति णादव्वो ॥४१३॥

अनिगूहितबलवीर्यः पराक्रमते यः यथोक्तमात्मनः।

पुढविदगतेउवाऊवणप्फदीसंजमो य बोधव्वो।
विगतिचदुपंचेंदियअजीवकायेसु संजमणं ॥ ४१६ ॥
अप्पडिलेहं दुप्पडिलेहमुवेखवहरणदु संजमो चेव।
मणवयणकायसंजम सत्तारसविधो दु णादव्वो ॥४१७

पृथिव्युदकतेजोवायुवनस्पतिसंयमश्च बोद्धव्यः।
द्वित्रिचतुःपंचेंद्रियाजीवकायेषु संयमनं ॥ ४१६ ॥
अप्रतिलेखं दुष्प्रतिलेखं उपेक्षा अपहरणस्तु संयमश्चैव।
मनोवचनकायसंयमः सप्तदशविधस्तु ज्ञातव्यः ॥ ४१७ ॥

अर्थ—पृथिवीकायिक जलकाय अग्निकाय वायुकाय वनस्पतिकाय—इन पांचोंप्रकारके जीवोंकी रक्षाकरना वह पांचप्रकारका संयम है। और दो इन्द्रिय तेइन्द्रिय चौइन्द्रिय पंचेंद्रिय जीवोंकी रक्षा इसतरह चार भेद ये हुए। तथा सूकेतृण आदिका छेदन न करनेरूप अजीवकाय रक्षा इसका एक भेद—इसप्रकार दस भेद हुए। अप्रतिलेख दुष्प्रतिलेख उपेक्षा अपहरणसंयम मनःसंयम वचनसंयम कायसंयम—इन सात भेदोंको मिलानेसे संयमके सत्रह भेद होते हैं॥ पीछीसे द्रव्यका शोधन वह अप्रतिलेखसंयम है। यत्नपूर्वक प्रमाद रहित शोधन वह दुष्प्रतिलेखसंयम है। उपकरणादिको प्रतिदिन देखलेना कि इसमें जीव तो नहीं है वह उपेक्षासंयम है। उपकरणोंमेंसे द्वींद्रियादि जीवोंको दूर करदेना वह अपहरण संयम है। ये सत्रहप्रकारका संयम वीर्याचारकी रक्षा करता है॥ ४१६।४१७॥

पंचरस पंचवण्णा दो गंधे अट्ठ फास सत्तसरा।
मणसा चोद्दसजीवा इन्दियपाणा य संजमो णेओ ॥

प्रामृष्यं परिवर्तकं अभिघटं उद्भिन्नं मालारोहं ।
अच्छेद्यं अनिसृष्टं उद्गमदोषास्तु षोडश इमे ॥ ४२३ ॥

अर्थ—गृहस्थके आश्रित चक्की आदि आरंभरूप कर्म वह अधःकर्म है उसका तो सामान्यरीतिसे साधुके त्याग ही होता है। तथा उद्गमदोषके सोलहभेद कहते हैं—औद्देशिकदोष, अध्यधिदोष, पूतिदोष, मिश्रदोष, स्थापितदोष, बलिदोष, प्रावर्तितदोष, प्राविष्करणदोष, क्रीतदोष, प्रामृष्यदोष, परिवर्तकदोष, अभिघटदोष, उद्भिन्नदोष, मालारोहदोष, अच्छेद्यदोष, अनिसृष्टदोष ॥

आगे गृहस्थाश्रित अधःकर्मको कहते हैं;—

छज्जीवणिकायाणं विराहणोद्दावणादिणिप्पण्णं ।
आधाकम्मं णेयं सयपरकदमादसंपण्णं ॥ ४२४ ॥

षड्जीवनिकायानां विराधनोद्दावनादिनिष्पन्नं ।
अधःकर्म ज्ञेयं स्वपरकृतमात्मसंपन्नं ॥ ४२४ ॥

अर्थ—पृथ्वीकाय आदि छह कायके जीवोंको दुःख देना मारना इससे उत्पन्न जो आहारादि वस्तु वह अधःकर्म है। वह पापक्रिया आपकर की गई दूसरेकर कीगई आपकर अनुमोदना कीगई जानना ॥ ४२४ ॥

देवदपासंडट्ठं किविणट्ठं चावि जं तु उद्दिसियं ।
कदमण्णसमुद्देसं चदुव्विधं वा समासेण ॥ ४२५ ॥

देवतापाखंडार्थं कृपणार्थं चापि यत्तु औद्देशिकं ।
कृतमन्नं समुद्देशं चतुर्विधं वा समासेन ॥ ४२५ ॥

अर्थ—नागयक्षादिदेवताके लिये, अन्यमतीपाखंडियोंकेलिये, दीनजनकृपणजनोंके निमित्त उनके नामसे बनाया गया भोजन वह

औद्देशिक है । अथवा संक्षेपसे समौद्देशिकके कहे जानेवाले चार भेद हैं ॥ ४२५ ॥

जावदियं उद्देसो पासंडोत्ति य हवे समुद्देसो ।
समणोत्ति य आदेसो णिग्गंथोत्ति य हवे समादेसो ॥
यावान् उद्देशः पाषंड इति च भवेत् समुद्देशः ।
श्रमण इति च आदेशो निर्ग्रंथ इति च भवेत् समादेशः ॥

अर्थ—जो कोई आयेगा सबको देंगे ऐसे उद्देशसे किया अन्न यावानुद्देश १ है, पाखंडी अन्यलिंगीके निमित्तसे बना हुआ अन्न समुद्देश है २, तापस परिव्राजक आदिके बनाया भोजन आदेश है ३, निर्ग्रंथ (दिगंबर) साधुओंके निमित्त बनाया गया समादेश दोष सहित है ४ ॥ ये चार औद्देशिकके भेद हैं ॥४२६

आगे अध्यधिदोषका स्वरूप कहते हैं;—

जलतंदुलपक्खेवो दाणट्ठं संजदाण सयपयणे ।
अज्झोवोज्झं णेयं अहवा पागं तु जाव रोहो वा ॥
जलतंदुलप्रक्षेपो दानार्थं संयतानां स्वपचने ।
अध्यधि ज्ञेयं अथवा पाकं तु यावत् रोधो वा ॥ ४२७ ॥

अर्थ—संयमी साधुको आता देख उनको देनेके लिये अपने निमित्त भातकेलिये चूल्हेपर रखे हुए जल और चांवलोंमें जल और चांवल मिलाकर फिर पकावे अथवा जब तक भोजन तयार न हो तबतक धर्म प्रश्नके बहानेसे उस साधुको रोक रखे वह अध्यधिदोष है ॥ ४२७ ॥

अप्पासुएण मिस्सं पासुयदव्वं तु पूदिकम्मं तं ।
चुल्ली उक्खलि दव्वी भायणगंधत्ति पंचविहं ॥४२८॥

अप्रासुकेन मिश्रं प्रासुकद्रव्यं तु पूतिकर्म तत् ।
चुल्ली उदूखलः दर्वी भाजनं गंध इति पञ्चविधं ॥ ४२८ ॥

अर्थ—प्रासुक आहारादिक वस्तु सचित्तादिवस्तुसे मिश्रित हो वह पूतिदोष है। प्रासुकद्रव्य भी पूतिकर्मसे मिला पूतिकर्म कहलाता है उसके पांच भेद हैं–चूलि ओखली कड़छी पकानेके बासन गंधयुक्त द्रव्य । इन पांचोंमें संकल्प करना कि चूलि आदिसे पका हुआ भोजन जबतक साधुको न देदें तबतक किसीको नहीं देंगे। ये ही पांच आरंभ दोष हैं ॥ ४२८ ॥

आगे मिश्रदोषको कहते हैं;—

पासंडेहिं य सद्धं सागारेहिं य जदण्णमुद्दिसियं ।
दादुमिदि संजदाणं सिद्धं मिस्सं वियाणाहि ॥ ४२९ ॥

पाखण्डैः सार्धं सागारैश्च यदन्नं उद्दिष्टं ।
दातुमिति संयतानां सिद्धं मिश्रं विजानीहि ॥ ४२९ ॥

अर्थ—प्रासुक तयार हुआ भोजन अन्य भेषधारियोंके साथ तथा गृहस्थोंके साथ संयमी साधुओंको देनेका उद्देश करे तो मिश्रदोष जानना ॥ ४२९ ॥

पागादु भायणाओ अण्णह्मि य भायणह्मि पक्खविय ।
सघरे व परघरे वा णिहिदं ठविदं वियाणाहि ॥ ४३० ॥

पाकात् भाजनात् अन्यस्मिन् च भाजने प्रक्षिप्य ।
स्वगृहे वा परगृहे वा निहितं स्थापितं विजानीहि ॥ ४३० ॥

अर्थ—जिस बासनमें पकाया या उससे दूसरे भाजनमें पके भोजनको रखकर अपने घरमें तथा दूसरेके घरमें जाकर उस अन्नको रख दे उसे स्थापित दोष जानना ॥ ४३० ॥

जक्खयणागादीणं बलिसेसं स बलित्ति पण्णत्तं ।
संजदआगमणट्ठं बलियम्मं वा बलिं जाणे ॥ ४२१ ॥

यक्षनागादीनां बलिशेषं स बलिरिति प्रज्ञप्तः ।
संयतागमनार्थं बलिकर्म वा बलिं जानीहि ॥ ४२१ ॥

अर्थ—यक्षनागादिकेलिये जो बलि (आहार) किया हो उससे शेष रहा भोजन वह बलिदोष सहित है अथवा संयमियोंके आगमनकेलिये जो बलिकर्म (सावद्य पूजन) करे वहां भी बलि-दोष जानना ॥ ४२१ ॥

पाहुडिहं पुण दुविहं बादर सुहुमं च दुविहमेक्केक्कं ।
ओकस्सणमुक्कस्सणमह कालोवट्टणावड्ढी ॥ ४२२ ॥

प्राभृतकं पुनर्द्विविधं बादरसूक्ष्मं च द्विविधमेकैकं ।
अपकर्षणमुत्कर्षणमथ कालापवर्तनवृद्धी ॥ ४२२ ॥

अर्थ—प्राभृतकदोषके दो भेद हैं बादर १ सूक्ष्म २ । इन दोनोंके भी दो दो भेद हैं अपकर्षण उत्कर्षण । कालकी हानिका नाम अपकर्षण है और कालकी वृद्धिको उत्कर्षण कहते हैं ॥ ४२२ ॥

दिवसे पक्खे मासे वास परत्तीय बादरं दुविहं ।
पुव्वपरमज्झवेलं परियत्तं दुविह सुहुमं च ॥ ४२३ ॥

दिवसं पक्षं मासं वर्षं परावृत्य बादरं द्विविधं ।
पूर्वापरमध्यवेलं परावर्तितं द्विविधं सूक्ष्मं च ॥ ४२३ ॥

अर्थ—दिन पक्ष महीना वर्ष इनको बदलकर जो आहारदान देना वह बादर प्राभृत दोष है वह उत्कर्षण (बढाना) अपकर्षण (घटाना) करनेसे स्थूलदोष दो प्रकारका है । सूक्ष्मप्राभृ-तदोष भी दो प्रकारका है वह इसतरह है—पूर्वाह्ण मध्या-

ह्नसमय अपराह्नसमय इनको पलटनेसे कालका बढाना व घटाना-रूप है ॥ ४३३ ॥

पादुकारो दुविहो संकमण पयासणा य बोधव्वो ।
भायणभोयणदीणं मंडवविरलादियं कमसो ॥४३४॥

प्रादुष्कारो द्विविधः संक्रमणं प्रकाशनं च बोद्धव्यं ।
भाजनभोजनादीनां मंडपविरलनादिकं क्रमशः ॥ ४३४ ॥

अर्थ—प्रादुष्कारदोपके दो भेद हैं संक्रमण प्रकाशन । साधुको घर आनेपर भोजन भाजन आदिको एक स्थानसे दूसरे स्थानमें लेजाना वह संक्रमण है तथा भाजनको मांजना दीपकका प्रकाश करना अथवा मंडपका उद्योतनकरना आदि प्रकाशनदोप है ॥ ४३४ ॥

कीदयडं पुण दुविहं दव्वं भावं च सगपरं दुविहं ।
सचित्तादी दव्वं विज्जामंतादि भावं च ॥ ४३५ ॥

क्रीततरं पुनः द्विविधं द्रव्यं भावश्च स्वपरं द्विविधं ।
सचित्तादि द्रव्यं विद्यामंत्रादि भावश्च ॥ ४३५ ॥

अर्थ—क्रीततर दोपके दो भेद हैं द्रव्य और भाव । हरएकके दो भेद हैं स्व और पर । संयमीको भिक्षाकेलिये प्रवेश करनेपर गाय आदि देकर बदलेमें भोजन लेकर साधुको देना वह द्रव्य-क्रीत है । प्रज्ञप्ति आदि विद्या चेटकादिमंत्रोंके बदलेमें आहार लेके साधुको देना वह भावक्रीतदोप है ॥ ४३५ ॥

लहरिय रिणं तु भणियं पामिच्छे ओदणादि अण्णदरं ।
तं पुण दुविहं भणिदं सवड्ढिपमवड्ढियं चावि ॥४३६॥

लघु ऋणं तु भणितं प्रामृष्यं ओदनादि अन्यतरं ।

तत् पुनः द्विविधं भणितं सवृद्धिकमवृद्धिकं चापि ॥४३६॥

अर्थ—साधुओंको आहार करानेके लिये दूसरेसे उधार भातआदि भोजनसामग्री लाकर आहार देना वह प्रामृष्यदोष है। उसके दो भेद हैं एक सवृद्धिक दूसरा अवृद्धिक। कर्जसे अधिक देना सवृद्धिक है जितना कर्जलिया उतना ही देना अवृद्धिक है ॥ ४३६ ॥

वीहीकूरादीहिं य सालीकूरादियं तु जं गहिदं।
दातुमिति संजदाणं परियट्टं होदि णायव्वं ॥ ४३७ ॥

व्रीहिकूरादिभिः शालिकूरादिकं तु यत् ग्रहीतं।
दातुमिति संयतेभ्यः परिवर्तं भवति ज्ञातव्यम् ॥ ४३७ ॥

अर्थ—साधुओंको आहार देनेकेलिये अपने साठीके चावल आदि देकर दूसरेसे बढ़िया चावल आदि बदलके साधुको आहार दे वह परिवर्त दोष जानना ॥ ४३७ ॥

देसत्ति य सव्वत्ति य दुविहं पुण अभिहडं वियाणाहि।
आचिण्णमणाचिण्णं देसाविहडं हवे दुविहं ॥ ४३८ ॥

देश इति च सर्व इति च द्विविधं पुनः अभिघटं विजानीहि।
आचिन्नमनाचिन्नं देशाभिघटं भवेत् द्विविधं ॥ ४३८ ॥

अर्थ—अभिघट दोषके दो भेद हैं एकदेश सर्व। देशाभिघटके दो भेद हैं आचिन्न अनाचिन्न ॥ ४३८ ॥

उज्जु तिहिं सत्तहिं वा घरेहिं जदि आगदं दु आचिण्णं।
परदो वा तेहिं भवे तव्विवरीदं अणाचिण्णं ॥ ४३९॥

ऋजु त्रिभ्यः सप्तभ्यो वा गृहेभ्यो यदि आगतं तु आचिन्नं।
परतो वा तेभ्यो भवेत् तद्विपरीतं अनाचिन्नं ॥ ४३९ ॥

अर्थ—पंक्तिबंध सीधे तीन अथवा सात परोंसे आया भात आदि अन्न आचिन्न अर्थात् ग्रहणकरने योग्य है। और इससे उलटे सीधे घर न हों ऐसे सातघरोंसे लाया हुआ भी अन्न अथवा आठवां आदि घरसे आया हुआ ओदनादि भोजन अनाचिन्न अर्थात् ग्रहण करने योग्य नहीं है ॥ ४३९ ॥

सव्वाभिघडं चदुधा सयपरगामे सदेसपरदेसे।
पुव्वपरपाडणयडं पढमं सेसंपि णादव्वं ॥ ४४० ॥

सर्वाभिघटं चतुर्धा स्वपरग्रामे स्वदेशपरदेशे।
पूर्वपरपाटनयनं प्रथमं शेषमपि ज्ञातव्यं ॥ ४४० ॥

अर्थ—सर्वाभिघटदोषके चार भेद हैं–स्वग्राम परग्राम स्वदेश परदेश। पूर्वदिशाके मौहल्लेसे पश्चिमदिशाके मौहल्लेमें भोजन लेजाना वह स्वग्रामाभिघटदोष है। इसीतरह शेष तीन भी भेद जान लेना। इसमें ईर्यापथका दोष लगता है ॥ ४४० ॥

पिहिदं लंछिदयं वा ओसहघिदसक्करादि जं दव्वं।
उब्भिण्णिऊण देयं उब्भिण्णं होदि णादव्वं ॥ ४४१ ॥

पिहितं लांछितं वा औषधघृतशर्करादि यत् द्रव्यं।
उद्भिद्य देयं उद्भिन्नं भवति ज्ञातव्यम् ॥ ४४१ ॥

अर्थ—मट्टी लाख आदिसे ढका हुआ अथवा नामकी मौहरकर चिह्नित जो औषध घी शक्कर आदि द्रव्य है उसे उघाड़कर देना वह उद्भिन्नदोष है ऐसा जानना। इसमें चींटी आदिका प्रवेश होनेसे दोष है ॥ ४४१ ॥

आगे मालारोहणदोषको कहते हैं;—

णिस्सेणीकट्ठादिहि णिहिदं पूयादियं तु घित्तूणं।

मालारोहिं किचा देयं मालारोहणं णाम ॥ ४४२ ॥

निःश्रेणीकाष्ठादिभिः निहितं पूपादिकं तु गृहीत्वा ।
मालारोहं कृत्वा देयं मालारोहणं नाम ॥ ४४२ ॥

अर्थ—काष्ठ आदिकी बनी सीढी अथवा पैडी (जीना) से घरके ऊपरके खन (माले) पर चढके वहां रखे हुए पूआ लड्डू आदि अन्नको लाकर साधुको देना वह मालारोहण दोष है । यहां दाताको विघ्न होना दीखता है ॥ ४४२ ॥

रायाचोरादीहिं य संजदभिक्खासमं तु दट्ठूणं ।
बीहेदूण णिजुज्जं अच्छिज्जं होदि णादव्वं ॥ ४४३ ॥

राजचौरादिभिश्च संयतभिक्षाश्रमं तु दृष्ट्वा ।
भीपयित्वा नियुक्तं आछेद्यं भवति ज्ञातव्यम् ॥ ४४३ ॥

अर्थ—संयमी साधुओंके भिक्षाके परिश्रमको देख राजा चोर आदि गृहस्थियोंको ऐसा डर दिखाकर कहें कि जो तुम इन साधुओंको भिक्षा नहीं दोगे तो हम तुम्हारा द्रव्य छीन लेंगे गामसे निकालदेंगे ऐसा डर दिखाकर दिया गया जो दान वह आछेद्य-दोष है ऐसा जानना ॥ ४४३ ॥

आगे अनीशार्थ दोषको कहते हैं;—

अणिसट्टं पुण दुविहं इस्सरमह णिस्सरं चदुवियप्पं ।
पढमिस्सर सारक्खं वत्तावत्तं च संघाडं ॥ ४४४ ॥

अनीशार्थः पुनर्द्विविधः ईश्वरोथानीश्वरः चतुर्विकल्पः ।
प्रथम ईश्वरः सारक्षः व्यक्तोऽव्यक्तश्च संघाटः ॥ ४४४ ॥

अर्थ—अनीशार्थदोषके दो भेद हैं ईश्वर अनीश्वर । इन दोनोंके भी मिलकर चार भेद हैं पहला भेद ईश्वर सारक्ष तथा

अनीश्वरके तीन भेद व्यक्त अव्यक्त संघाट। दानका स्वामी देनेकी इच्छा करे और मंत्री आदि मना करें तो दिया हुआ भी भोजन ईश्वर अनीशार्थ है। स्वामीसे अन्यजनोंकर निषेध किया अनीश्वर कहलाता है वह व्यक्त (वृद्ध) अव्यक्त (बाल) संघाट (दोनों) के भेदसे तीन प्रकार है ॥ ४४४ ॥

आगे उत्पादन दोषोंको कहते हैं;—

धादीदूदणिमित्ते आजीवे वणिवगे य तेगिंछे।
कोधी माणी मायीलोभी य हवंति दस एदे ॥४४५॥
पुव्वी पच्छा संथुदि विज्ञामंते य चुण्णजोगे य।
उप्पादणा य दोसो सोलसमो मूलकम्मे य ॥ ४४६ ॥

धात्रीदूतनिमित्तानि आजीवः वनीपकश्च चिकित्सा।
क्रोधी मानी मायी लोभी च भवंति दश एते ॥ ४४५ ॥
पूर्वं पश्चात् संस्तुतिः विद्यामंत्रश्च चूर्णयोगश्च।
उत्पादनश्च दोषः षोडश मूलकर्म च ॥ ४४६ ॥

अर्थ—धात्रीदोष, दूत, निमित्त, आजीव, वनीपक, चिकित्सा, क्रोधी, मानी, मायावी, लोभी, ये दस दोष। तथा पूर्वसंस्तुति, पश्चात् संस्तुति, विद्या, मंत्र, चूर्णयोग, मूलकर्मदोष—ये सब मिलकर सोलह उत्पादनदोष हैं ॥ ४४५।४४६ ॥

मज्जणमंडणधादी खेल्लावणखीरअंबधादी य।
पंचविधधादिकम्मेणुप्पादो धादिदोसो दु ॥ ४४७ ॥

मार्जनमंडनधात्री क्रीडनक्षीराम्बधात्री च।
पञ्चविधधात्रीकर्मणा उत्पादो धात्रीदोषस्तु ॥ ४४७ ॥

अर्थ—पोषण करे वह धाय कहलाती है वह पांचप्रकारकी

है स्नानकरानेवालीधाय, आभूषणपहरानेवाली धाय, बचेको रमानेवाली धाय, दूधपिलानेवाली धाय, माताके समान अपने पास सुलानेवाली अंबधाय। इनका जो उपदेश करके साधु भोजन ले वहां धात्रीदोष होता है। इसमें स्वाध्यायका नाश साधुमार्गमें दूषण लगता है ॥ ४४७ ॥

जलथलआयासगदं सयपरगामे सदेसपरदेसे।
संबंधिवयणणयणं दूदीदोसो हवदि एसो ॥ ४४८ ॥

जलस्थलाकाशगतं स्वपरग्रामे स्वदेशपरदेशे।
संबंधिवचननयनं दूतदोषः भवति एषः ॥ ४४८ ॥

अर्थ—कोई साधु अपने गामसे व अपने देशसे दूसरे गाममें व दूसरे देशमें जलके मार्ग नावमें बैठकर व स्थलमार्ग व आकाशमार्ग होकर जाय वहां पहुंचकर किसीके संदेसेको उसके संबंधीसे कहदे फिर भोजन ले तो वहां दूतदोष होता है॥४४८॥

वंजणमंगं च सरं छिण्णं भूमं च अंतरिक्खं च।
लक्खण सुविणं च तहा अट्ठविहं होइ णेमित्तं॥४४९॥

व्यंजनमंगं च स्वरः छिन्नः भूमिश्च अंतरिक्षं च।
लक्षणं स्वप्नः च तथा अष्टविधं भवति निमित्तं ॥ ४४९ ॥

अर्थ—निमित्तज्ञानके आठ भेद हैं—मसा तिल आदि व्यंजन, मस्तक आदि अंग, शब्दरूप स्वर, वस्त्रादिका छेद वा तलवार आदिका प्रहार, भूमिविभाग, सूर्यादिग्रहोंका उदय अस्त होना, पद्म चक्र आदि लक्षण, सोते समय हाथी विमान आदिका दीखना—इन अष्टांगनिमित्तोंसे शुभाशुभ कहकर भोजन ले वहां निमित्तदोष होता है ॥ ४४९ ॥

जादी कुलं च सिप्पं तवकम्मं ईसरत्त आजीवं ।
तेहिं पुण उप्पादो आजीव दोसो हवदि एसो॥४५०॥
जातिः कुलं च शिल्पं तपःकर्म ईश्वरत्वं आजीवं ।
तैः पुनः उत्पादः आजीवदोषो भवति एषः ॥ ४५० ॥

अर्थ—जाति, कुल, चित्रआदि शिल्प, तपश्चरणकी क्रिया, अपनेको महान प्रगट करना इत्यादि आजीविका करनेके वचन गृहस्थोंको कह आहार लेना वह आजीवदोष होता है। इसमें बलहीनपना व दीनपना दोष होता है ॥ ४५० ॥

साणकिविणतिधिमाहणपासंडियसवणकागदाणादी ।
पुण्णं णवेति पुट्ठे पुण्णेत्ति वणीवयं वयणं ॥ ४५१ ॥
श्वाकृपणातिथिब्राह्मणपापंडिश्रमणकाकदानादिः ।
पुण्यं नवा इति पृष्टे पुण्यमिति वनीपकं वचनं ॥ ४५१ ॥

अर्थ—कोई दाता ऐसे पूछे कि कुत्ता कृपण भिखारी असदाचारी ब्राह्मण भेषी साधु तथा त्रिदंडी आदि साधु और कौआ-इनको आहारादि देनेमें पुण्य होता है या नहीं? ऐसा पूछनेपर उसकी रुचिके अनुकूल ऐसा कहे कि पुण्य ही होता है वहां भोजन लेनेमें वनीपक दोष जानना। इसमें दीनता दोष है॥४५१॥

कोमारतणुतिगिंछारसायणविसभूदखारतंतं च ।
सालंकियं च सल्लं तिगिंछदोसो दु अट्ठविहो ॥४५२॥
कौमारतनुचिकित्सारसायनविषभूतक्षारतंत्रं च ।
शालकिकं च शल्यं चिकित्सादोषस्तु अष्टविधः ॥ ४५२ ॥

अर्थ—चिकित्सा शास्त्रके आठभेद हैं—बालचिकित्सा, शरीरचिकित्सा, रसायन, विषतंत्र, भूततंत्र, क्षारतंत्र, शलाकाक्रिया,

शल्यचिकित्सा । इनका उपदेश देकर आहार लेना वहां चिकित्सादोष होता है ॥ ४५२ ॥

कोधेण य माणेण य मायालोभेण चावि उप्पादो ।
उप्पादणा य दोसो चदुव्विहो होदि णायव्वो ॥४५३॥

क्रोधेन च मानेन च मायालोभेन चापि उत्पादः ।
उत्पादनश्च दोषः चतुर्विधो भवति ज्ञातव्यः ॥ ४५३ ॥

अर्थ—क्रोधसे भिक्षा लेना मानसे आहार लेना मायासे आहार लेना लोभसे आहार लेना-इसप्रकार क्रोध मान माया लोभरूप उत्पादनदोष होता है ऐसा जानना ॥ ४५३ ॥

कोधो य हत्थिकप्पे माणो वेणायडम्मि णयरम्मि।
माया वाणारसिए लोभो रासीयणयरम्मि ॥ ४५४ ॥

क्रोधश्च हस्तिकल्पे मानो वेणातटे नगरे ।
माया वाराणस्यां लोभो रासीयनगरे ॥ ४५४ ॥

अर्थ—किसी साधुने हस्तिकल्पनगरमें क्रोध करके भिक्षा ग्रहण की, किसीने वेणातट नगरमें मान करके आहार लिया, किसी साधुने मायाचारीसे बनारसमें आहार लिया और किसीने लोभसे राशियाननगरमें भिक्षा ली ॥ ४५४ ॥

दायगपुरदो कित्ती तं दाणवदी जसोधरो वेति ।
पुव्वीसंथुदि दोसो विस्सरिदे बोधणं चावि ॥ ४५५ ॥

दायकपुरतः कीर्तिस्त्वं दानपतिः यशोधरो वा इति ।
पूर्वसंस्तुतिदोषो विस्मृते बोधनं चापि ॥ ४५५ ॥

अर्थ—दान देनेवालेके आगे यदि साधु उसकी प्रशंसा करे कि तुम दानपति हो यशोधर हो तुमारी कीर्ति लोकमें प्रसिद्ध है

इसमकार आहार लेनेके पहले प्रशंसा करना वह पूर्वसंस्तुति दोष है। तथा दानी यदि भूलजाय तो उसे याद दिलाना कि पहले तो तुम बड़े दानी थे अब कैसे देना भूल गये—ये भी पूर्वसंस्तुतिदोष जानना ॥ ४५५ ॥

पच्छा संथुदिदोसो दाणं गहिदूण तं पुणो कित्तिं ।
विक्खादो दाणवदी तुज्झ जसो विस्सुदो वेंति॥४५६॥

पश्चात् संस्तुतिदोषः दानं गृहीत्वा तत् पुनः कीर्तिं ।
विख्यातः दानपतिः तव यशः विश्रुतं ब्रूते ॥ ४५६ ॥

अर्थ—आहार लेकर पीछे जो साधु दाताकी प्रशंसा करे कि तुम प्रसिद्ध दानपति हो तुमारा यश प्रसिद्ध है ऐसा कहनेसे पश्चात् संस्तुति दोष होता है ॥ ४५६ ॥

विज्ञा साधितसिद्धा तिस्से आसापदाणकरणेहिं ।
तस्से माहप्पेण य विज्ञादोसो दु उप्पादो ॥ ४५७ ॥

विद्या साधितसिद्धा तस्याः आशाप्रदानकरणैः ।
तस्या माहात्म्येन च विद्यादोषस्तु उत्पादः ॥ ४५७ ॥

अर्थ—जो साधनेसे सिद्ध हो वह विद्या है उस विद्याकी आशा देनेसे कि हम तुमको विद्या देंगे तथा उस विद्याकी महिमा वर्णन करनेसे जो आहार ले उस साधुके विद्यादोष होता है ॥ ४५७ ॥

सिद्धे पढिदे मंते तस्स य आसापदाणकरणेण ।
तस्स य माहप्पेण य उप्पादो मंतदोसो दु ॥ ४५८ ॥

सिद्धे पठिते मंत्रे तस्य च आशाप्रदानकरणेन ।
तस्य च माहात्म्येन च उत्पादो मंत्रदोषस्तु ॥ ४५८ ॥

अर्थ—पढनेमात्रसे जो मंत्र सिद्ध हो वह पठित सिद्ध मंत्र होता है उस मंत्रकी आशा (लोभ) देकर और उसकी महिमा कहकर जो साधु आहार ग्रहण करता है उसके मंत्रदोष होता है ॥ ४५८ ॥

आहारदायगाणं विज्जामंतेहिं देवदाणं तु ।
आहूय साधिदव्वा विज्जामंतो हवे दोसो ॥ ४५९ ॥

आहारदायकानां विद्यामंत्रैः देवतानां तु ।
आहूय साधितव्या विद्यामंत्रः भवेत् दोषः ॥ ४५९ ॥

अर्थ—आहारके देनेवाले व्यंतरादिदेवोंको विद्या तथा मंत्रसे बुलाकर साधन करे वह विद्यामंत्र दोष है। अथवा आहार देनेवाले गृहस्थोंके लिये देवताको बुलाकर साधना वह भी विद्यामंत्रदोष है ॥ ४५९ ॥

णेत्तस्संजणचुण्णं भूसणचुण्णं च गत्तसोभयरं ।
चुण्णं तेणुप्पादो चुण्णयदोसो हवदि एसो ॥ ४६० ॥

नेत्रयोरंजनचूर्णं भूषणचूर्णं च गात्रशोभाकरं ।
चूर्णं तेनोत्पादः चूर्णदोषो भवति एषः ॥ ४६० ॥

अर्थ—नेत्रोंका अंजन, भूषण साफ करनेका चूर्ण, शरीरकी शोभा बढाने वाला चूर्ण-इन चूर्णोंकी विधि बतलाकर आहार ले वहां चूर्णदोष होता है ॥ ४६० ॥

अवसाणं वसियरणं संजोजयणं च विप्पजुत्ताणं ।
भणिदं तु मूलकम्मं एदे उप्पादणा दोसा ॥ ४६१ ॥

अवशानां वशीकरणं संयोजनं च विप्रयुक्तानां ।
भणितं तु मूलकर्म एते उत्पादना दोषाः ॥ ४६१ ॥

आदि भोजन देना वहां म्रक्षितदोष होता है उसे हमेशा त्याग करे ॥ ४६४ ॥

सचित्त पुढविआऊतेऊहरिदं च वीयतसजीवा।
जं तेसिमुवरि ठविदं णिक्खित्तं होदि छब्भेयं॥४६५॥

सचित्ताः पृथिव्यप्तेजोहरितानि च बीजत्रसजीवाः।
यत्तेषामुपरि स्थापितं निक्षिप्तं भवति षड्भेदं ॥ ४६५ ॥

अर्थ—अप्रासुक सचित्त पृथिवी जल तेज हरितकाय बीजकाय त्रसकाय जीवोंके ऊपर रखा हुआ आहार वह छहभेदवाला निक्षिप्त है ऐसे आहारको लेनेसे निक्षिप्तदोष होता है ॥ ४६५ ॥

सचित्तेण व पिहिदं अथवा अचित्तगुरुगपिहिदं च।
तं छंडिय जं देयं पिहिदं तं होदि बोधव्वं ॥ ४६६ ॥

सचित्तेन वा पिहितं अथवा अचित्तगुरुकपिहितं च।
तं त्यक्त्वा यद्देयं पिहितं तत् भवति बोद्धव्यं ॥ ४६६ ॥

अर्थ—जो आहार अप्रासुक वस्तुसे ढका हो अथवा प्रासुक-भारीवस्तुसे ढका हो उसे उघाड़कर जो दे ऐसे आहारको ले उसके पिहितदोष होता है ऐसा जानना ॥ ४६६ ॥

संववहरणं किच्चा पदादुमिदि चेल भायणादीणं।
असमिक्खय जं देयं संववहरणो हवदि दोसो॥४६७॥

संव्यवहरणं कृत्वा प्रदातुमिति चेत् भाजनादीनां।
असमीक्ष्य यद्देयं संव्यवहरणो भवति दोषः ॥ ४६७ ॥

